RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 33
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 07 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

दुनिया के नंबर एक टी-20 गेंदबाज बने रवि बिश्नोई
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

पाक अधिकृत कश्मीर हमारा है: अमित शाह

जम्मू कश्मीर से जुड़े दोनों विधेयकों को लोकसभा की मंजूरी, 7 विधानसभा सीटें बढ़ीं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- पक्ष-विपक्ष में तकरार शाह बोले- नेहरू के दो ब्लंडर पड़े भारी
- कहा-दशकों से अपने ही देश में शरणार्थी बनकर रह रहे हमारे कश्मीरी विस्थापित बहनों-भाइयों की भी आवाज अब विधानसभा में गूंजेगी

गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को संसद में स्पष्ट रूप से कहा कि 'पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) हमारा है' जिसके बाद लोकसभा में सदस्यों ने उनके बयान पर जोरदार तालियां बजाईं। गृह मंत्री ने सदन में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पीओके क्षेत्र से सीटें आरक्षित करने को उचित ठहराया। गृहमंत्री ने सात दशकों से अधिक समय से जम्मू-कश्मीर के लोगों की पीड़ाओं के लिए भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू की दो बड़ी भूल जिम्मेदार ठहराया हैं। इसमें पहला पूरे कश्मीर को जीते बिना युद्धविराम की घोषणा करना और दूसरा मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले जाना शामिल है।

लोकसभा में जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक पर बहस का जवाब देते हुए शाह ने कहा कि अगर नेहरू ने सही कदम उठाए होते, और देश का एक बड़ा हिस्सा नहीं सौंपा गया होता तो आज पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का क्षेत्र भारत का हिस्सा होता। गृहमंत्री ने कहा इस समस्या के लिए इस्तेमाल किए गए नेहरूवादी भूल शब्द का समर्थन करता हूं। नेहरू के समय में जो गलती हुई थी, उसके कारण कश्मीर को नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि मैं जिम्मेदारी के साथ कहना चाहता हूं कि जवाहरलाल नेहरू के फैसलों के कारण कश्मीर को वर्षों तक नुकसान उठाना पड़ा। उनके कार्यकाल के दौरान जो दो बड़ी गलतियां हुईं। जब हमारी सेना जीत रही थी और जैसे ही पंजाब क्षेत्र में पहुंची, युद्धविराम घोषित कर दिया गया, जिसके चलते पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का जन्म हुआ। यदि युद्धविराम तीन दिन बाद (घोषित) होता गृह मंत्री ने कहा, पीओके भारत का हिस्सा होता। शाह ने कहा कि पहली गलती पूरे कश्मीर को जीते बिना किया गया युद्धविराम और दूसरा इस मामले में संयुक्त राष्ट्र में ले जाना था।

नेहरू पर टिप्पणी को लेकर विपक्षी दलों ने हंगामा किया और वे वाकआउट कर गए लेकिन बाद में लौट आए। उनके बहिर्गमन के बाद, बीजद नेता भर्तृहरि महताब ने कहा कि गृह मंत्री को हिमालयन भूल के बारे में भी बात करनी चाहिए, जो 1962 में चीन के साथ युद्ध के दौरान नेहरू के कार्यों का संदर्भ था। शाह ने चुटकी लेते हुए कहा कि दो भूलों के बारे में उनकी बात ने विपक्षी दलों को परेशान कर दिया और यदि उन्होंने 'हिमालयी भूल' का प्रयोग किया होता, तो उन्होंने इस्तीफा दे दिया होता। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि की गई टिप्पणियां किसी का अपमान नहीं थीं और केवल चीजों को संदर्भ में रखने के लिए की गई थीं। अपनी टिप्पणी में शाह ने यह भी आरोप लगाया कि कश्मीर मामले को जल्दबाजी में संयुक्त राष्ट्र में ले जाया गया। उन्होंने कहा, अगर इसे संयुक्त राष्ट्र में ले जाना ही था, तो इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 35 के बजाय अनुच्छेद 51 के तहत भेजा जाना चाहिए था। शाह ने बाद में नेहरू के हवाले से कहा कि युद्धविराम एक गलती थी। शाह ने कहा कि यह नेहरू की गलती नहीं बल्कि भूल थी। गृह मंत्री ने कहा, इस देश की इतनी सारी जमीन खो गई, यह एक ऐतिहासिक भूल थी। उन्होंने बार-बार सवाल उठा रहे पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला पर व्यंग्यात्मक अंदाज में निशाना साधते हुए कहा, इंग्लैंड में छुट्टियां मनाने वालों को जम्मू-कश्मीर में कोई बदलाव नजर नहीं आएगा। शाह ने कहा कि जब कश्मीर में आतंकवाद शुरू हुआ तो लोगों को निशाना बनाया गया और उन्हें भागना पड़ा। उन्होंने कहा, मैंने कई नेताओं को देखा है जो घड़ियाली आंसू बहाते हैं और शब्दों से सांत्वना देते हैं। लेकिन मोदी एकमात्र नेता हैं जिन्होंने उनके आंसू पोंछने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि लगभग 46,631 परिवार और 1,57,967 लोग अपने ही देश में विस्थापित हो गए और इस तरह विस्थापित हुए कि वे अपनी ही मातृभूमि से उखड़ गए और यह विधेयक उन्हें अधिकार और प्रतिनिधित्व देने वाला है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में परिसीमन प्रक्रिया के बाद, जम्मू क्षेत्र में विधानसभा की वर्तमान 37 से बढ़कर 43 सीटें होंगी और कश्मीर घाटी में यह 46 से बढ़कर 47 हो जाएंगी। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक के तहत, कश्मीरी प्रवासी समुदाय के दो सदस्यों और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (शेष पेज 9)

विस चुनाव जीते भाजपा सांसदों ने दिया इस्तीफा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- केंद्रीय मंत्रियों सहित भाजपा के 12 सांसदों ने सौंपा त्यागपत्र
- इन नेताओं के राज्य सरकारों में शामिल होने की संभावना प्रबल

मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के लिए मुख्यमंत्रियों के नाम को लेकर भाजपा के शीर्ष स्तर पर चल रही बातचीत के बीच, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और प्रह्लाद सिंह पटेल ने बुधवार को लोकसभा से अपनी सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। भाजपा ने फैसला किया है कि कि हाल ही में हिंदी पट्टी के विधानसभा चुनाव में चुने गए पार्टी के सभी 12 सांसद राज्य सरकार में शामिल होने के लिए नई सरकारों में शामिल होने के लिए सांसद पद छोड़ देंगे। तेलंगाना विधानसभा में चुनाव लड़ने वाले तीन सांसदों की लोकसभा सदस्यता बरकरार रखी गई है, जहां कांग्रेस सत्ता में आई है।

इसके साथ ही लोकसभा में भाजपा के सदस्यों की संख्या घटकर 292 और राज्यसभा में एक घटकर 93 रह गई है। सरकार के सूत्रों ने कहा कि तीनों केंद्रीय मंत्री भी प्रक्रियात्मक औपचारिकता के तौर पर मोदी सरकार छोड़ देंगे। इस कदम ने इस विचार को जन्म दिया है कि पार्टी नेतृत्व तीनों राज्यों में नए चेहरों को आगे ला सकता है। चूंकि लोकसभा चुनाव में पांच महीने से भी कम समय बचा है, इसलिए पार्टी अपने मुख्यमंत्री पद के चयन के साथ अपने सामाजिक एजेंडे के बारे में एक बड़ा संदेश दे सकती है। सूत्रों ने सामाजिक समीकरणों को संतुलित करने और प्रशासनिक कद बढ़ाने के लिए राज्यों में उपमुख्यमंत्री रखने की संभावना से भी इनकार नहीं किया। भाजपा ने तीन हिंदी पट्टी वाले राज्यों में कांग्रेस की चुनौती को खारिज करते हुए सत्ता हासिल की, क्योंकि मध्य प्रदेश में उसे दो-तिहाई बहुमत मिला और कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी उसे आरामदायक बहुमत मिला, जहां मोदी और उनकी गारंटी ने इसके अभियान को संचालित किया।

भाजपा के 10 ने सांसदों ने अपना इस्तीफा सौंपा तो भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी उनके साथ थे। पार्टी नेताओं ने कहा कि दो अन्य, केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह और महंत बालकनाथ भी इस्तीफा देंगे। इस्तीफा देने वाले अन्य सांसद मध्य प्रदेश से राकेश सिंह, उदय प्रताप सिंह और रीति पाठक, राजस्थान से किरोड़ी लाल मीना, दीया कुमारी, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और छत्तीसगढ़ से गोमती साई और अरुण साव हैं। मीणा को छोड़कर सभी लोकसभा सदस्य हैं, मीणा राज्यसभा सदस्य हैं। प्रह्लाद पटेल ने कहा कि 10 सांसदों ने इस्तीफा देने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद लिया। भाजपा संसदीय दल गुरुवार को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान अपनी पहली बैठक करेगा और तीन विधानसभा चुनावों में पार्टी को भारी जीत दिलाने के लिए मोदी को सम्मानित करने की संभावना है। भाजपा संसदीय दल, जिसमें उसके सभी लोकसभा और राज्यसभा सदस्य शामिल हैं, आम तौर पर सत्र के दौरान हर हफ्ते बैठक करते हैं। बैठकों में, मोदी सहित इसके नेता संसद के एजेंडे और इसके संगठनात्मक और राजनीतिक अभियानों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर बोलते हैं।

सूत्रों ने कहा कि उन राज्यों के लिए सीएम चेहरे पर विचार-विमर्श हो सकता है जहां भाजपा को शासन करने के लिए वोट दिया गया है, हालांकि शपथ समारोह के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए घोषणा में देरी हो सकती है। प्रधानमंत्री का उत्तराखंड के दौरे पर जाने का कार्यक्रम है, इसलिए नए मुख्यमंत्री सप्ताहांत के दौरान राज्य की बागडोर संभाल सकते हैं, जहां 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले पार्टी कैडर पर मजबूत प्रभाव डालने के लिए अधिकतम संख्या में पार्टी सदस्य मौजूद रह सकते हैं। तोमर एक कैबिनेट मंत्री हैं जो महत्वपूर्ण कृषि विभाग संभाल रहे हैं, और उनके जाने से पार्टी के भीतर एक नई चर्चा छिड़ गई है कि क्या मोदी 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले अपने मंत्रिपरिषद में नए सदस्यों को शामिल करेंगे। एक अनुभवी संगठन सदस्य और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण तोमर को और अन्य पिछड़ा वर्ग से आने वाले पटेल को मध्य प्रदेश में मौजूदा मुख्यमंत्री पद के लिए संभावित विकल्प के रूप में देखा जा रहा है, इसके साथ निवर्तमान शिवराज सिंह चौहान भी हैं, जो 2005 से मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री हैं। बीच के 15 महीने की अवधि को छोड़ दिया जाए जब 2018 के विधानसभा चुनावों के बाद कमल नाथ ने कांग्रेस सरकार का नेतृत्व किया था। पार्टी के भीतर अटकलों के बीच कि राजस्थान के नए मुख्यमंत्री के रूप में निवर्तमान सांसदों में से किसी एक को चुन सकता है, जहां अनुभवी नेता वसुंधरा राजे भी दौड़ में हैं। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने (शेष पेज 9)

आतंकी पन्नू ने संसद पर हमले की दी धमकी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- खालिस्तानी दहशतगर्द की चेतावनी केंद्रिय खुफिया एजेंसियां और दिल्ली पुलिस सतर्क

अमेरिका में छिपे प्रतिबंधित खालिस्तान समर्थित आतंकी संगठन एसएफजे के हैंडलर गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बार फिर भारत पर हमले की धमकी दी है। इस बार उसने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि वह वर्ष 2001 में संसद पर हुए हमले की बरसी यानी 13 दिसंबर या उससे पहले हमला करने की धमकी दी है। धमकी उसने कहा कि यह हमला संसद की नींव को हिला देगा।

जिसके बाद केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और दिल्ली पुलिस को सर्तक कर दिया है। स्पेशल सेल को खास तौर पर सर्तक कर नई दिल्ली जिले में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यह धमकी पिछले महीने अमेरिकी एजेंसियों द्वारा एक भारतीय अधिकारी को पन्नून की हत्या की साजिश रचने के आरोपी व्यक्ति से जोड़ने की पृष्ठभूमि में आई थी। पिछले हफ्ते, अमेरिकी एजेंसियों ने 52 वर्षीय निखिल गुप्ता पर पन्नुन की हत्या की साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ काम करने का आरोप लगाया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि संसद और उसके आसपास के इलाकों की सुरक्षा पहले ही बढ़ा दी गई है। किसी को भी कानून व्यवस्था बिगाड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

संसद का सत्र जारी रहने पर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क रहती हैं। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सभी एहतियाती कदम उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूरी दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। खालिस्तानी समर्थक (शेष पेज 9)

द्रमुक सांसद सेंथिल के बयान पर बवाल, भाजपा ने घेरा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- कहा, कांग्रेस हार का विश्लेषण करने के बजाय कर भारतीय संस्कृति का अपमान

डीएमके के लोकसभा सांसद डीएनवी सेंथिल कुमार की 'गौमूत्र टिप्पणी' के बाद एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। जहां केंद्र ने कांग्रेस पर चुनावों में अपनी हार के कारणों का विश्लेषण करने के बजाय भारतीय संस्कृति और पहचान के अपमान करने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए टिप्पणियों पर आपत्ति जताई है। वहीं कुछ विपक्षी नेताओं ने इसे उत्तर-दक्षिण के बंटवारे से जोड़ कर देख रहे हैं।

भाजपा ने पूछा कि क्या द्रमुक प्रमुख और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सनातन धर्म के खिलाफ बोलने वाले पार्टी नेताओं से और लोकसभा सदन में सांसद डीएनवी सेंथिलकुमार के अपमानजनक तरीके से हिंदी भाषी राज्यों का उल्लेख करने के लिए माफी मांगने और खेद व्यक्त करने कहा। विपक्ष के अन्य राजनीतिक दलों ने अभी तक बयान पर प्रतिक्रिया नहीं दी है, हालांकि कांग्रेस ने खुद को इससे अलग कर लिया है और कहा है कि वे अपने दक्षिण भारत के गठबंधन सहयोगी द्वारा इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों को स्वीकार नहीं करते हैं। कांग्रेस महासचिव और राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने कहा, कांग्रेस सनातन धर्म और गौ माता में विश्वास करती है, हम डीएमके के बयानों से सहमत नहीं हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस मुद्दे पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए आश्चर्य जताया कि क्या उत्तर-दक्षिण विभाजन पर टिप्पणी, उत्तर भारत को 'गौमूत्र राज्य' के रूप में संदर्भित करना और सनातन धर्म की आलोचना को उनकी मंजूरी थी। केंद्रीय मंत्री ने पत्रकार वार्ता में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'वसुधैव कुटुंबकम' का संदेश फैला रहे हैं, लेकिन विपक्ष ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के साथ ही राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों में अपनी हार के लिए ईवीएम और क्षेत्रवाद को जिम्मेदार ठहराने में जुटी हुई है। सेंथिल ने बुधवार को लोकसभा में अपनी विवादास्पद 'उत्तर-दक्षिण विभाजन' अपनी टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया के बाद माफी मांगी। कुमार ने मंगलवार को सत्तारूढ़ भाजपा पर हमला करते हुए हिंदी भाषी राज्यों के लिए अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल किया था।

उनकी टिप्पणियों के कारण सदन में हंगामा हुआ और कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी, जिसे बाद में अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही से हटा दिया। सत्तारूढ़ भाजपा के सांसदों ने बुधवार को भी इस मुद्दे पर हंगामा किया और इस मुद्दे पर प्रश्नकाल के दौरान सदन को कुछ देर के लिए स्थगित करना पड़ा। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री ठाकुर ने कहा, कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं में विश्वास नहीं करती है। कांग्रेस हार का सामना करने के बाद, कभी भी हार के कारण का विश्लेषण नहीं करती बल्कि ईवीएम को दोषी ठहराने के साथ सनातन धर्म, हिंदुओं और हिंदू संस्कृति का अपमान करती है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस ने जातिवाद और धर्म के मुद्दे उठाए और जब इससे काम नहीं बना तो विपक्षी दल अब उत्तर-दक्षिण विभाजन का सहारा ले रहा है। सेंथिल कुमार की टिप्पणियां हाल के विधानसभा चुनाव परिणामों को 'उत्तर-दक्षिण विभाजन' के प्रतिबिंब के रूप में संदर्भित करने की पृष्ठभूमि में आई हैं, जब भाजपा ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को हराया था, और कांग्रेस ने तेलंगाना में जीत हासिल की थी।

ठाकुर ने आश्चर्य जताया, द्रमुक के साथ बने रहने की कांग्रेस की क्या मजबूरी है जो हिंदी, हिंदुओं और सनातन धर्म का अपमान कर रही है। मंत्री ने याद दिलाया कि तेलंगाना के मनोनीत मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने भी टिप्पणी की थी कि उनका 'तेलंगाना डीएनए उनके प्रतिद्वंद्वियों के बिहार डीएनए से बेहतर था'। ठाकुर ने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि ने भी सनातन धर्म का अपमान करने वाली टिप्पणी की थी। ठाकुर ने दावा किया कि (शेष पेज 9)

क्विक न्यूज

भारत शादी करने पहुंची पाकिस्तानी महिला

नई दिल्ली। सीमा हैदर के पाकिस्तान से भारत आने के बाद से अब एक और महिला शादी के लिए भारत आई हैं। कोलकाता में अपने मंगेतर से शादी करने के लिए महिला ने कानूनी तरीके से वीजा के लिए आवेदन किया। दो बार वीजा रद्द होने के बाद अब तीसरी बार सफलता मिली। कराची की रहने वाली जावेरिया खानम वाघा बॉर्डर पर कर भारत आईं। उनके स्वागत के लिए खुद उनके मंगेतर समीर खान वहां पहुंचे थे। परिवार के सदस्य ढोल के साथ उनका भारत में स्वागत किया। उन्होंने बताया कि उनकी शादी अगले साल जनवरी में कोलकता में होना तय हुई है। खानम ने बताया कि उन्हें 45 दिनों का वीजा मिला है। यहां पहुंचने पर उन्हें बेहद खुशी हुई है। भारत पहुंचते ही उसे ढेर सारा प्यार मिला है। साथ ही जावेरिया खानम ने बताया कि दो बार वीजा ना मिलने के बाद उसे तीसरी बार सफलता मिली है। जावेरिया खानम ने बताया कि उसे विश्वास नहीं हो उसे पांच साल बाद वीजा मिला है। समीर ने वीजा के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया।

करणी सेना अध्यक्ष हत्याकांड की जांच को एसआईटी गठित कई शहरों में जोरदार प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। जयपुर

पुलिस ने श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या की जांच के लिए बुधवार को विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की। इस हत्याकांड के विरोध में कई जगह प्रदर्शन हुए। फिलहाल कहीं से हिंसा की कोई खबर नहीं है। पुलिस के अनुसार, हमलावरों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस हत्याकांड के बाद राज्य के हालात को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से फोन पर बात की। इससे पहले राज्यपाल मिश्र ने बुधवार को पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। राजपूत समाज के लोगों ने जयपुर के खातीपुरा इलाके में प्रदर्शन किया, जहां से वे दूसरे इलाकों में चले गए और वहां बंद की घोषणा की। गोगामेड़ी समर्थकों ने हत्या के विरोध में जयपुर बंद की घोषणा की। इस वजह से सभी बाजार बंद रहे और सड़कों पर वाहनों की आवाजाही भी कम रही। राजधानी जयपुर में कई स्कूलों में एहतियातन छुट्टी घोषित कर दी गई। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उमेश मिश्रा ने गोगामेड़ी हत्याकांड की सघन जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी- अपराध) दिनेश एमएन की निगरानी में एसआईटी गठित कर दी है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, डीजीपी ने बताया कि गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों अभियुक्तों की पहचान कर ली गई है और तलाशी के लिए अभियान भी चलाया है।

गरबा यूनेस्को की सांस्कृतिक विरासत सूची में

- गुजरात का गरबा नृत्य इस सूची में शामिल होने वाला भारत की 15वीं अमूर्त सांस्कृतिक विरासत है
- अगस्त 2022 में, भारत ने संयुक्त राष्ट्र सांस्कृतिक एजेंसी की सूची में शामिल करने के लिए नामांकित किया था

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गुजरात में नावरात्रि उत्सव के दौरान नौ दिनों चलने वाले गरबा नृत्य को वैश्विक पहचान मिल गई है। यूनेस्को ने अंतरराष्ट्रीय पहचान देते हुए अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया है।

मंगलवार को कसाने, बोत्सवाना में शुरू हुई अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की हिफाजत के लिए अंतर सरकारी समिति की 18वीं बैठक के दौरान अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सहेजने संबंधी 2003 की संधि के प्रावधानों के तहत इसे सूची में शामिल किया गया। अगस्त 2022 में, भारत ने गरबा को संयुक्त राष्ट्र सांस्कृतिक एजेंसी की सूची में शामिल करने के लिए नामांकित किया था। गुजरात का गरबा नृत्य इस सूची में शामिल होने वाला भारत की 15वीं अमूर्त सांस्कृतिक विरासत है। यह उपलब्धि सामाजिक और लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देने वाली एकीकृत शक्ति के रूप में गरबा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने बुधवार को कहा कि राज्य के लोकप्रिय गरबा नृत्य को यूनेस्को ने मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (आईसीएच) की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया है। भारत ने नवरात्रि उत्सव के दौरान पूरे गुजरात और देश के कई अन्य हिस्सों में आयोजित होने वाले गरबा को सूची में शामिल करने के लिए नामांकित किया था। पटेल ने एक्स कहा, गरबा के रूप में देवी मां की भक्ति की सदियों पुरानी परंपरा जीवित है और बढ़ रही है। गुजरात की पहचान बन चुके गरबा को यूनेस्को ने अपनी अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची के तहत मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा, यह दुनिया भर में फैले गुजरातियों के लिए गौरव का क्षण है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की विरासत को महत्व दिए जाने और ऐसी विरासत को दुनिया भर में ले जाने का परिणाम है। गुजरात के लोगों को बधाई।

एक नृत्य शैली के रूप में गरबा परंपरा और श्रद्धा की जड़ों में गहराई से समाया हुआ है, जिसमें सभी क्षेत्रों के लोग शामिल होते हैं और यह समुदायों को एकजुट करने वाली एक जीवंत परंपरा के रूप में विकसित हो रहा है। यूनेस्को की वेबसाइट के अनुसार गरबा एक अनुष्ठानात्मक और भक्तिपूर्ण नृत्य है जो नवरात्रि के त्योहार के अवसर पर किया जाता है, जो आदिशक्ति की पूजा के लिए समर्पित है। यह नृत्य कलश के चारों ओर होता है, जिसमें लौ जलती है। इसके साथ ही देवी मां अम्बा की एक तस्वीर होती है। नर्तक गोल घेरे में लयबद्ध तरीके से ताली बजाते हुए नाचते हैं। भारत की परंपराओं या (शेष पेज 9)

नोएडा प्राधिकरण के नए भवन की जांच करेंगे विशेषज्ञ

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया, इमारत की गुणवत्ता पर जताई आशंका

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

फाइल फोटो

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने निर्माणाधीन कार्यालय की बिल्डिंग के हर कोने की जांच कराने का फैसला किया है। इस इमारत की क्वालिटी की जांच देश के प्रसिद्ध विशेषज्ञ करेंगे।

आपको बता दें कि नोएडा शहर के सेक्टर-96 में नोएडा प्राधिकरण के नए दफ्तर का निर्माण हो रहा है। नोएडा प्राधिकरण का पुराना वर्तमान दफ्तर सेक्टर-6 में है। वर्ष-2017 में नए दफ्तर की आवश्यकता महसूस की गई। उसी आवश्यकता के आधार पर नोएडा के सेक्टर-96 में बहुमंजिला इमारत के रूप में प्राधिकरण का नया दफ्तर बनाने का फैसला लिया गया। वर्ष 2017 में ही प्राधिकरण का नया कार्यालय बनाने के लिए 303.92 करोड़ रूपए का टेंडर कर दिया गया। टेंडर में शर्त लगाई गई कि वर्ष-2019 तक नए कार्यालय की बिल्डिंग को पूरी तरह तैयार कर लेना है। 6 वर्षों से इस बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा है। अब तक केवल 62 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हुआ है। अब तक बनी बिल्डिंग की क्वालिटी पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आपको बता दें कि नोएडा प्राधिकरण की तत्कालीन सीईओ रितु माहेश्वरी के तबादले के बाद नोएडा प्राधिकरण के सीईओ बने डा लोकेश कुमार एम ने प्राधिकरण के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया तो बिल्डिंग की क्वालिटी को लेकर आशंका जताई। इसी आशंका के आधार पर निर्माणाधीन बिल्डिंग का सर्वे दिल्ली-आईआईटी द्वारा कराने का फैसला किया गया। आईआईटी की टीम ने बिल्डिंग का निरीक्षण करके अपनी रिपोर्ट नोएडा प्राधिकरण को सौंप दी है। रिपोर्ट में निर्माण कार्य में घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा गया है कि इस बिल्डिंग का स्ट्रक्चर बेहद घटिया क्वालिटी का बनाया गया है। इस रिपोर्ट में 12 स्थानों को चिन्हित किया गया है।

सभी चिन्हित स्थानों के नमूने फेल साबित हुए हैं। कुल मिलाकर रिपोर्ट में इस बिल्डिंग की क्वालिटी को बेहद घटिया स्तर का बताया गया है। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश कुमार एम ने चेतना मंच को बताया कि दिल्ली आईआईटी की टीम की रिपोर्ट के बाद नोएडा प्राधिकरण के नए भवन की निर्माणाधीन इमारत की व्यापक जांच कराने का फैसला किया गया है। यह जांच निर्माण कार्यों को परखने वाले खास विशेषज्ञों से कराई जाएगी। ब्व् ने बताया कि जल्द ही पूरी जांच कराकर इस ईमारत के भविष्य के विषय में फैसला किया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश कुमार एम ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया है कि देश के प्रमुख विकास प्राधिकरणों में गिने जाने वाले नोएडा प्राधिकरण ने अपने कार्यालय के लिए बन रही ईमारत की गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा है।

इमारत की गुणवत्ता के लिए जो भी आवश्यक होगा वह सभी कदम उठाए जाएंगे। आपको बता दें कि नोएडा प्राधिकरण के नए दफ्तर की बिल्डिंग नोएडा शहर के सेक्टर-96 में 24 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल पर बन रही है। इसके निर्माण पर 304 करोड़ रूपए 303.92 करोड़ रूपए खर्च हो रहे हैं। यह बिल्डिंग अत्याधुनिक डिजाइन वाली मल्टी स्टोरी बिल्डिंग है। बिल्डिंग बनने के बाद इसका कवर्ड एरिया 14 हजार 840 वर्ग मीटर हो जाएगा। इस बिल्डिंग के एक टॉवर को बेचकर नोएडा प्राधिकरण मोटा मुनाफा भी कमाएगा।

घोटालों और भ्रष्टाचार में लिप्त रहा है प्राधिकरण

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण में सीएजी, आयकर, विजिलेंस, एसआईटी के अलावा भी विभागीय स्तर पर 43 जांच चल रही हैं। इससे अलग शासन स्तर पर 15 मामलों की जांच की जा रही है। पांच सालों में करीब 170 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। सात अधिकारियों.कर्मचारियों को सस्पेंड किया जा चुका है। वर्तमान में नोएडा में मुआवजा वितरण घोटाले की जांच एसआईटी कर रही है। जिसमें करीब 1000 करोड़ रुपए ज्यादा की वित्तीय अनियमितता सामने आ सकती है। नोएडा स्टेडियम में नोएडा क्रिकेट पवेलियन सहित बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण की ओर से 60 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया।

संक्षिप्त समाचार

अग्निशमन एवं आपात सेवा द्वारा हिमालयन बुद्धिस्ट मार्केट में अग्नि से बचाव हेतु फायर मॉक ड्रिल व प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया।

हवाई अड्डे के पास अवैध निर्माण तोड़ा गया

नोएडा। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने निर्माणाधीन नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया है और 11 हेक्टेयर से अधिक भूमि को अपने कब्जे में ले लिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संबंधित भूमि पर अवैध निर्माण किया गया और प्लॉट बनाए गए। ए जमीन एक्सप्रेस-वे के किनारे अलीगढ़ जिले के टप्पल क्षेत्र में आती है। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने एक बयान में कहा, प्राधिकरण ने करोड़ों रूपए की जमीन पर बने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया है। प्राधिकरण ने आम जनता को जमीन बेचने वाले धोखेबाजों से सचेत रहने को भी कहा है।

किसानों ने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय घेरा

नोएडा। प्राधिकरण की वादाखिलाफी और मांगों को लेकर बुधवार को किसानों ने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय का घिराव करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 1976 से 1997 तक के किसानों की समस्या से अवगत कराया गया। सिटी मजिस्ट्रेट ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को सीएम तक पहुंचाया जाएगा। हालांकि किसानों ने ये भी कहा कि जल्द ही प्राधिकरण का घिराव भी किया जाएगा। क्योंकि प्राधिकरण सिर्फ लिखित आश्वासन ही देता है। किसान एकता संघ के चौधरी बाली सिंह, कमल यादव के नेतृत्व में छलेरा, अगाहपुर, मोरना, बरौला, गिझौड़, नयाबास, हरौला, झुंडपुरा, सदरपुर आदि के किसानों ने नोएडा स्थित सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया। इस मौके पर उन्होंने 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा साथ ही सीएम के नोएडा आने पर उनसे 21 सदस्य दल की मुलाकात मुख्यमंत्री से कराने का अनुरोध भी किया।

पर्थला फ्लाईओवर पर बदमाशों ने की लूटपाट

नोएडा। नोएडा थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के पर्थला फ्लाईओवर के पास बदमाशों ने एक कार सवार से मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गए। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बालाजी एनक्लेव में रहने वाले शहादत ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सुबह के समय अपने घर से अपनी इकोस्पोर्ट कार से दिल्ली जा रहा था। उनकी कार जैसे ही पर्थला फ्लाईओवर से नीचे उतरी तो दो अनजान व्यक्तियों ने उसकी गाड़ी को घेर लिया और कार के दरवाजे को जोर.जोर से पीटने लगे। उसने जैसे ही शिक्षा खोलकर माजरा समझना चाहा तो दोनों व्यक्तियों ने दरवाजा खोलकर उसे नीचे उतार लिया और गाली गलौज करने लगे। इस दौरान एक बदमाश उसके हाथ से मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गया। उसने दूसरे बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह भी उसे चकमा देकर मौके से फरार हो गया।

करनी सेना प्रमुख की हत्या के बाद राजपूत समाज में रोष

नोएडा। राजस्थान के जयपुर में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की घर में हत्या कर दी गई। हत्या के बाद से ही राजपूत समाज में जबरदस्त रोष देखने को मिल रहा है। जगह.जगह पर इसको लेकर प्रदर्शन किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्रेटर नोएडा के जिला कलेक्ट्रेट पर भी राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने जमकर प्रदर्शन किया। सूरजपुर स्थित जिला कलेक्ट्रेट पर भारी संख्या में इकट्ठे होकर राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के कार्यकर्ता पहुंचे और उनके द्वारा नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया। इन्होंने जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौपा।

डॉग पार्क में होगा बीमार कुत्तों का ऑपरेशन

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

सेक्टर-137 में डॉग पार्क बना हुआ है। इसे 3 एकड़ में बनाया गया है। पार्क में अब डॉग के आपरेशन भी किए जाएंगे। इनका पूरा मेडिकल चैकअप भी होगा। इसके लिए सीईओ लोकेश एम पार्क के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए।

इसके अलावा डॉग शो के लिए स्टेज बनाया जाए। इस पार्क में दिसंबर में ही डॉग शो का आयोजन भी किया जाए। उनके साथ महाप्रबंधक उद्यान, उप निदेशक, वरिष्ठ प्रबंधक आदि उपस्थित रहें। यहां बनी वॉटर बाडी में पानी भरा जाए और डॉग्स के खेलने के लिए उपकरण एवं हर्डल कोर्स बनाने के लिए निर्देशित किया।

घूमने आने वाले डॉग के लिए पीने की पानी की व्यवस्था कराई जाए। डॉग पार्क की चारदिवारी पर थीम पेंटिंग कराई जाए। यहां आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जाए। पॉड को फिल्ट्रेशन किया जाए। इस पार्क को बनवाने में 3.86 करोड़ रुपए खर्च किए गए है। संचालन करने वाली कंपनी इसी पार्क से अपना खर्चा निकालेगी। हालांकि उसे पार्क में विज्ञापन का राइट्स या कॉमर्शियल एक्टिविटी करने दिया जाएगा। इसके लिए मंथन किया जा रहा है। देश का पहला प्रमाणित डॉग पार्क तेलंगाना में है। ग्रेटर हैदराबाद में नगर निगम ने इसे बनाया था। यह पार्क 1.1 करोड़ रुपए की लागत से 1.3 एकड़ क्षेत्र में बनाया गया है। हैदराबाद के पार्क में डाग्स की चिकित्सा संबंधी सेवाओं से लेकर जिम की भी सुविधा है लेकिन अब नोएडा में जो डॉग पार्क बनाया गया है वह अपने आप में एक अनोखा पार्क है।

ये है सुविधा

- बड़े व छोटे डॉग के लिए अलग-अलग स्थान
- पीने के लिए वाटर फाउंटेन
- डॉग शेल्टर
- लोगों के लिए बैंच
- वाटर पौंड
- रबर टाइल
- वेस्ट डिस्पोजल स्टेशन

आत्मीयता बढ़ाने के लिए नोएडा के स्कूलों में मनेगा छात्रों का जन्मदिन

- शिक्षा विभाग की अनूठी पहल, अभिभावकों और अध्यापकों में होगा संवाद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतम बुद्ध नगर जिला के परिषदीय स्कूलों के छात्रों के साथ आत्मीयता और सहजता स्थापित करने के उद्देश्य से महीने के अंत में उनका जन्मदिन मनाया जाएगा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इसके साथ ही छात्रों की शैक्षिक प्रगति को बताने के लिए शिक्षक छात्रों के घर जाकर अभिभावकों से बातचीत करेंगे। इससे छात्रों के स्कूल से गैर हाजिर रहने जैसी प्रवृत्ति पर भी अंकुश लगेगा। अध्यापक अभिभावकों के साथ बैठक और संवाद भी करेंगे।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस नई पहल से छात्र स्कूल और शिक्षकों के साथ ज्यादा सहज हो सकेंगे। इसका प्रभाव उनकी शिक्षण गुणवत्ता पर पड़ेगा। जब शिक्षक छात्र के घर पहुंचेंगे तो वह छात्र के विषय में विस्तार से अभिभावकों को बता सकेंगे। स्कूल और छात्रों के परिवार की एक दूसरे से नजदीकी बढ़ेगी। इससे छात्रों की स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि महीने में एक बार शिक्षकों और अभिभावकों की संयुक्त बैठक भी होगी।

तीन महीने में एक बार शिक्षा चौपाल का आयोजन कराया जाएगा। पढ़ाई में कमजोर छात्रों का शैक्षिक स्तर सुधारने में भी ए कदम मदद करेंगे। अन्य गैर शिक्षण गतिविधियां, खेल, भ्रमण आदि जारी रहेंगे। विभाग का मानना है कि जन्मदिन मनाने और शिक्षक-अभिभावक संयुक्त बैठक से 20 फीसदी तक छात्रों की हाजिरी स्कूलों में बढ़ जाएगी। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में छात्राओं का जन्मदिन मनाया जाता है। परिषदीय विद्यालयों में यह अब शुरू हो रहा है।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के मेरठ मंडल के अध्यक्ष मेघराज भाटी ने कहा, विभाग का यह फैसला तुगलकी फरमान है। जन्मदिन मनाने और घर-घर जाने के लिए बजट ही नहीं है। शिक्षकों पर पहले से ही गैर शिक्षण कार्यों का भार है। ऐसे में इस तरह के कामों को जोड़ देने से शैक्षिक गुणवत्ता नहीं दे पाएंगे। शिक्षक का मूल कार्य शिक्षण करना है। गौतम बुद्ध नगर जिला के बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार ने बताया कि विद्यार्थियों को स्कूल के प्रति सहज करने के लिए जन्मदिन मनाने, अभिभावकों के साथ शिक्षकों का संवाद जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। शैक्षिक प्रगति को घर पर जाकर माता पिता को बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड

SUNLOC

पंजी. कार्यालय : 38ई/252-ए, विजय टावर, शाहपुरजाट, नई दिल्ली-110049
सीआईएन : एल24302डीएल1973पीएलसी189662/ई-मेल आईडी : info@sunilhealthcare.com/
वेबसाइट : www.sunilhealthcare.com
फोन : +91-11-49435555/00, फैक्स : +91-11-43850087

डाक-मतदान की सूचना

कम्पनी के सदस्यों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 110 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई, के साथ पठित तदधीन विरचित नियमों, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 तथा इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठक के विषय में सचिवीय मानकों, जिसमें उसके सांविधिक संशोधन अथवा अस्थायी रूप से लागू पुनर्-अधिनियमन सम्मिलित हैं, के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी किए गए लागू सर्कुलर्स और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी किए गए सर्कुलर्स ("सेबी सर्कुलर्स") तथा अन्य लागू विधियो, नियमो और विनियमों, यदि कोई, के अनुसरण में कम्पनी डाक मतदान की सूचना दिनांकित 05 दिसम्बर, 2023 ("सूचना") में सूचीबद्ध विशेष प्रस्ताव(वों) को पारित करने द्वारा इसके सदस्यों के अनुमोदन की इच्छुक है और तदनुसार रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से डाक मतदान द्वारा विशेष प्रस्ताव(वों) पारित करने द्वारा सदस्यों के अनुमोदन के लिए उक्त सूचना का इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा प्रेषण 06 दिसम्बर, 2023 को कम्पनी के उन सदस्यों को पूर्ण कर चुकी है, जिनके नाम कम्पनी के सदस्यों के रजिस्टर में/एनएसडीएल तथा सीडीएसएल से प्राप्त लाभार्थी स्वामियों की सूची में शुक्रवार, 01 दिसम्बर, 2023 को दृष्टिगत हैं तथा जो अपनी ई-मेल हमारे आरटीए/कम्पनी में पंजीकृत करवा चुके हैं। कोई व्यक्ति, जो शुक्रवार, 01 दिसम्बर, 2023 को सदस्य नहीं है, उसको डाक-मतदान की यह सूचना जानकारी मात्र के निमित्त मानी चाहिए।

कम्पनी इसके सभी सदस्यों को उनके वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से डालने के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध करवा रही है। इस उद्देश्य हेतु, कम्पनी ने मैसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एलआईआईपीएल) की सेवाएं ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए एजेन्सी के रूप में अनुबंधित की हैं। डाक-मतदान की सूचना कम्पनी की वेबसाइट https://www.sunilhealthcare.com/postal-ballot पर, रिमोट ई-वोटिंग के संचालन हेतु कम्पनी की एजेन्सी लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in पर और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

अभौतिक (डीमैटीरियलाइज्ड) मोड में शेयर्स के धारक सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपना केवाईसी विवरण, ई-मेल पता सहित, संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास अद्यतन करवा लें। भौतिक मोड में शेयर्स के धारक सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपना केवाईसी विवरण, ई-मेल पता सहित अद्यतन करवाने के लिए फार्म आईएसआर-1, फोलियो नंबर, शेयरधारक के नाम का उल्लेख करते हुए , शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन प्रति (फ्रंट और बैक), पैन (स्व-सत्यापित स्कैन प्रति), आधार (स्व-सत्यापित स्कैन प्रति) संलग्न करते हुए विधिवत भरकर और हस्ताक्षर कर cs@sunilhealthcare.com/info@sunilhealthcare.com पर अथवा मैसर्स अलंकित असाइनमेंट लिमिटेड पता "4ई/2, अलंकित हाउस, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055", सम्पर्क नंबर 91-11-4254 1234 ई-मेल आईडी : rta@alankit.com, lalitap@alankit.com को प्रेषित करें।

सदस्यगण नोट करें कि :

i) रिमोट ई-वोटिंग अवधि शुक्रवार, 08 दिसम्बर, 2023 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) से आरंभ होगी तथा शनिवार, 06 जनवरी, 2024 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) (दोनों दिन शामिल हैं) समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, कट-ऑफ तिथि अर्थात शुक्रवार, 01 दिसम्बर, 2023 को भौतिक या अभौतिक रूप में शेयर्स के धारक कम्पनी के सदस्य (उन सदस्यों सहित, जो अपना ई-मेल पता कम्पनी या डिपॉजिटरीज/डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स या आरटीए के पास पंजीकृत नहीं होने के कारण यह सूचना प्राप्त नहीं कर सके हैं) इस सूचना में सूचीबद्ध प्रस्ताव पर अपना वोट केवल रिमोट ई-वोटिंग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक विधि से डाल सकते हैं। उसके बाद ई-वोटिंग मॉड्यूल एलआईआईपीएल द्वारा वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा। शेयरधारक द्वारा प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद, सदस्य को उसमें कोई परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी।

ii) कम्पनी के निदेशक मंडल ने श्री तारा चंद शर्मा, मैसर्स जैन शर्मा ऐंड एसोशिएट्स के स्वामी, कम्पनी सेक्रेटरीज, (आईसीएसआई सदस्यता सं. : एफ-5749, सी.पी. सं. 4078), कार्यरत कम्पनी सेक्रेटरी को रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से डाक-मतदान निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संचालित करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया है।

iii) डाक-मतदान के परिणामों की घोषणा अध्यक्ष द्वारा अथवा अध्यक्ष द्वारा इस प्रयोजन हेतु लिखित रूप में अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा मंगलवार, 09 जनवरी, 2024 को अथवा पूर्व कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में की जाएगी। उक्त परिणाम संवीक्षक की रिपोर्ट सहित कम्पनी के पंजीकृत और कार्पोरेट कार्यालय में भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, ये परिणाम कम्पनी की वेबसाइट www.sunilhealthcare.com पर पर और साथ ही एलआईआईपीएल की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in पर भी अपलोड किए जाएंगे।

iv) डीमैट मोड में प्रतिभूतियों के धारक व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए हेल्पडेस्क :
यदि डीमैट मोड में प्रतिभूतियों के धारक शेयरधारकों/सदस्यों को डिपॉजिटरी नामतः एनएसडीएल/सीडीएसएल के माध्यम से लॉगइन संबंधी कोई तकनीकी समस्या है, तो वे नीचे दिए संबंधित हेल्पडेस्क से सम्पर्क कर सकते हैं :

लॉगइन टाइप	हेल्पडेस्क विवरण
एनएसडीएल के पास डीमैट मोड मे प्रतिभूतियाके धारक व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगइन संबंधी किसी भी तकनीकी समस्या का सामना कर रहे सदस्य evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज कर एनएसडीएल हेल्पडेस्क से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा टोलफ्री नंबर : 1800 1020 990 तथा 1800 22 44 30 पर कॉल कर सकते हैं।
सीडीएसएल के पास डीमैट मोड में में प्रतिभूतियों के धारक व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगइन संबंधी किसी भी तकनीकी समस्या का सामना कर रहे सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेज कर सीडीएसएल हेल्पडेस्क से सम्पर्क कर सकते है अथवा टोलफ्री नंबर : : 022-23058738 या 22-23058542-43 पर कॉल कर सकते हैं।

v) भौतिक मोड मे प्रतिभूतियों के धारक व्यक्तिगत शेयरधारकों/संस्थागत शेयरधारकों के लिए हेल्पडेस्क एवं ई-वोटिंग सेवा प्रदाता लिंकइनटाइम है : यदि भौतिक रूप मे प्रतिभूतियों के धारक शेयरधारकों/सदस्यों/संस्थागत सदस्यों को ई-वोटिंग के संबंध में कोई शंका है, वे https://instavote.linkintime.co.in पर हेल्प सेक्शन के अंतर्गत उपलब्ध बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू'ज) तथा इंस्टावोट ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं अथवा enotices@linkintime.co.in पर ई-मेल भेज सकते हैं अथवा एलआईआईपीएल, सी-101, 247 पार्क, एल.बी.एस. मार्ग, विखरोली (वेस्ट), मुम्बई-400 083, महाराष्ट्र, भारत के श्री राजीव रंजन से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा फोन : 022-4918 6000 पर कॉल कर सकते हैं।

vi) रिमोट ई-वोटिंग के विस्तृत अनुदेशों के लिए, सदस्यों से डाक-मतदान की सूचना (नोट नंबर 13 के नीचे वर्णित) पढ़ने का अनुरोध किया जाता है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड
हस्ता./-
सत्येन्दु पटनायक
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
एफसीएस-7736
स्थान - नई दिल्ली
दिनांकित - 06 दिसम्बर, 2023
ई-मेल : cs@sunilhealthcare.com
सम्पर्क हेतु नम्बर : 011-49435541

पंजीकृत कार्यालय :
38ई/252-ए, विजय टावर, शाहपुरजाट, नई दिल्ली-110049
सीआईएन : एल24302डीएल1973पीएलसी189662
फोन : +91-11-49435555/00, फैक्स : +91-11-43850087
ई-मेल आईडी : info@sunilhealthcare.com
वेबसाइट : www.sunilhealthcare.com

सार्वजनिक सूचना

श्री अमोस डेविड साहू पुत्र श्री संजीव साहू निवासी सिनोला मालसी, देहरादून, उत्तराखण्ड-248003 एवं सुश्री जेयता पुत्री श्री राजेन्द्र पॉल निवासी बी-55, सेक्टर-20, नोएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह करने हेतु आवेदन किया हैं।
इस संबंध में आपत्तिधारी व्यक्ति अपनी आपत्ति/आपत्तियाँ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 20.12.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता हैं।

हस्ता/-
प्र0 नगर मजिस्ट्रेट
विशेष विवाह अधिकारी
गौतमबुद्धनगर।

PUBLIC NOTICE

Be it known all general public that my client Mrs. Mamta Sethi w/o Satish Kumar Sethi aged about 62 years old r/o C-52, Om Vihar, Gandhi Nursing Home, Uttam Nagar, West Delhi-110059, absolute owner of property bearing no. 52 measuring 145 sq. yards. Khasra no.955, situated in village Nawada (Colony Known as Gulab Bagh) in Block-C, Om Vihar, Uttam Nagar, Delhi-110059, hereby issued a newspapers publication for the above said property and my client is the sole owner of the above said property being purchased from Mr. Ved Prakrash s/o Sh. Daulat Ram r/o 23-A, Tilak Nagar, Delhi through General Power of Attorney dated 22.07.1993 on behalf of Sh. Chandu Lal s/o Late. Sh. Desh Raj r/o WZ-A-39, South Ext. Part-I, Uttam Nagar, Delhi-110059. If any person having any dispute or claim interest on the said property, he/she shall intimated the undersign within 7 days. Amrendra Kumar Dubey (Advocate) #9599801188

PUBLIC NOTICE

The general Public is hereby informed that my client Mr. Vinod Kumar Goyal & his wife Mrs. Rani Devi Goyal both R/o WZ-68, Phase-1, Om Vihar, Uttam Nagar, Delhi-110059 has dissolved / relinquished all ties with their son Sh. Deepak Goyal & his wife Mrs. Uma Goyal from all their properties, both movable & immovable, due to personal reasons / differences and irregular behavior and has no relation with him and his wife with immediate effect.
In case any one deals with him or his wife, they shall do so at their own risk and my clients shall not be made liable for or responsible for any such dealings, deals or misdeals of Mr. Deepak Goyal & Mrs Uma Goyal with or against any person in any manners.

Vishva Wadhwa
Advocate-D1049/2007
Wadhwa and Comapny
Z-197, FF, Loha Mandi, Naraina, Delhi-26

ओके प्ले इंडिया लिमिटेड

सीआईएन : एल28219एचआर1988पीएलसी030347
पंजी. कार्यालय : 17-18, रोज-का-मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा-122103
वेबसाइट : www.okplay.co.in
ई-मेल : info@okplay.in
फोन : 011 - 46190000, फैक्स : 011 - 46190090

डाक मतदान की सूचना दिनांकित 09 नवम्बर, 2023 का प्रत्याहरण

निदेशक मंडल ने हाल ही में अधिमान आधार पर इक्विटी शेयर्स/वारंट्स के अतिरिक्त निर्गम द्वारा निधियां जुटाने की घोषणा की गई है। हम आपको यह सूचित करने के इच्छुक हैं कि, उपरोक्त के दृष्टिगत और निवेशकों के सुझाव पर विचार करते हुए, निदेशक मंडल ने 06 दिसम्बर, 2023 को आयोजित इसकी बैठक में प्रस्तावित स्टॉक स्प्लिट/इक्विटी शेयर्स का उप-विभाजन जारी नहीं रखने का निर्णय किया है और तदनुसार डाक मतदान की सूचना दिनांकित 09 नवम्बर, 2023 तत्काल प्रभाव से वापस ली जाती है।

वास्ते ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
हस्ता./-
मीनू गोस्वामी
कम्पनी सेक्रेटरी एवं अनुपालन अधिकारी
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 06-12-2023

सिगरेट कंपनी पर जीएसटी की छापेमारी

गाजियाबाद। केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर ने मंगलवार सुबह से कविनगर औद्योगिक क्षेत्र में सिगरेट बनाने वाली मनोज टोबेको कंपनी पर छापा मारा। तभी से ये कार्रवाई बुधवार सुबह तक जारी है।

बताया जा रहा है कि जीएसटी टीम के अधिकारी करीब पांच गाड़ियों में आए। इसके बाद उन्होंने कंपनी के गेट बंद करवा लिए और दस्तावेजों की छानबीन चल रही है। जीएसटी के संयुक्त आयुक्त अरुण द्विवेदी के अनुसार, फैक्ट्री मालिक मनोज त्रिपाठी है। हमें इस फैक्ट्री में टैक्स चोरी की पुख्ता सूचनाएं मिली। उधर, राज्य जीएसटी की टीम ने फर्म ब्रांड स्प्रिंग इंटीग्रेटेड सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में 40 लाख रुपए की जीएसटी चोरी पकड़ी है।

गाजियाबाद में अलग-अलग हादसे में दो की मौत

- पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र में 23 साल के युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। ट्रेन के लोको पायलट ने इसकी पुष्टि रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स से की है। वहीं दूसरी तरफ थाना विजयनगर क्षेत्र में नेशनल हाईवे क्रॉस करते समय एक युवक को वाहन ने कुचल दिया।

पुलिस ने दोनों मामले में शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गाजियाबाद में रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स के सब इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार ने बताया की मसूरी स्टेशन मास्टर ने उन्हें जानकारी दी कि मुरादाबाद से आ रही एक मालगाड़ी के आगे एक युवक कूद गया।

कुलदीप कुमार के जब वह मौके पर पहुंचे तो मुरादाबाद से आ रही मालगाड़ी वहीं खड़ी थी और युवक का शव ट्रैक पर पड़ा था। लोको पायलट ने पुलिस को बताया कि यह युवक ट्रेन के आगे आ गया। हॉर्न देने के बाद भी युवक नहीं उठा। जिससे यह हादसा हुआ है। मृतक युवक का नाम हर्ष था और वह हरियाणा के रेवाड़ी का रहने वाला था। पिछले दो महीने से वह मसूरी कस्बे में अपनी ससुराल में रुका था। इस युवक ने सुसाइड क्यों कियाए इसको लेकर जांच चल रही है। वहीं दूसरी तरफ थाना विजयनगर के नेशनल हाईवे 09 पर सड़क पार कर रहे सुनील पाल को किसी वाहन ने कुचल दिया। उनकी मौके पर मौत हो गई।

वहीं स्कूटी पर जा रहे विशाल सुनील पाल को बचाते हुए सड़क पर गिर गए। उनको भी चोट आई है। एसीपी कोतवाली निमिष पाटिल के मुताबिक सुनील पाल का शव को कब्जे में लेकर पोस्टपार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं विशाल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्रेनो में दुनिया का सबसे बड़ा पेपर शो शुरू

- 24 देशों के 600 से अधिक प्रदर्शकों ने हाईटेक उत्पादों का किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी मेले का उद्घाटन करते हुए।

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपर्ट में दुनिया के सबसे बड़े पेपर शो पेपरेक्स 2023 का शुभारंभ हो गया। यह शो 6 दिसंबर से लेकर 9 दिसंबर तक चलेगा। इस शो का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने किया।

इस शो में दुनिया भर की बड़ी कंपनियां पल्प, पेपर और प्रिंटिंग मशीन आदि की प्रदर्शनी कर रही है। इस अवसर पर नंद गोपाल नंदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बड़े.बड़े उद्योग

दिल्ली जल बोर्ड के 15 साल का होगा ऑडिट

मुख्यमंत्री ने सीएजी से कराने का लिया फैसला, बोले विपक्ष के आरोप गलत साबित होंगे

● डीजेबी को फंड नहीं जारी किए जा रहे हैं, पानी और सीवर की समस्या हो सकती है : मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच नियंत्रक महालेखापरीक्षक (सीएजी) से ऑडिट का आदेश दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि दिल्ली सरकार किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने सीएजी को डीजेबी का पिछले 15 वर्ष का ऑडिट करने को कहा है। इसका मकसद डीजेबी में पारदर्शिता लाना है। साथ ही, विपक्ष की ओर से जलबोर्ड पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने के लगाए जा रहे आरोपों की सच्चाई भी लोगों के सामने लाना है। सीएम ने कहा कि ऑडिट के बाद विपक्ष के आरोप गलत साबित होंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर अफसरशाही चुनी हुई सरकार के प्रति जवाबदेह नहीं होगी तो सरकार चलाना मुश्किल हो जाएगा। डीजेबी को फंड नहीं जारी किए जा रहे हैं, उसकी वजह से राष्ट्रीय राजधानी में पानी और सीवर की समस्या पैदा होने की संभावना बढ़ गई है।

दिल्ली जल बोर्ड का सीएजी से ऑडिट कराने को लेकर केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड में पिछले पंद्रह सालों का ऑडिट कराने का आदेश दिया है। देश की सबसे बड़ी संस्था सीएजी से यह ऑडिट कराया जाएगा, जिसके बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। अगर किसी अधिकारी ने गड़बड़ी की है तो उसे सजा मिलनी चाहिए। लेकिन अगर गड़बड़ नहीं की है तो विपक्ष जो रोज उलटे-सीधे आरोप लगाते रहते हैं, उसकी सच्चाई सामने आ जाएगी।

डीजेबी का फंड रोक जाने पर केजरीवाल ने कहा कि अफसरशाही अगर चुनी हुई सरकार के प्रति जवाबदेह नहीं होगी तो सरकार चलाना मुश्किल हो जाएगा। इस समय दिल्ली जल बोर्ड को फंड रिलीज नहीं किए जा रहे हैं। जिसके चलते दिल्ली में पानी और सीवर की भारी समस्या पैदा हो सकती है।

बुधवार को जलमंत्री आतिशी कई जगहों पर जाकर स्थिति का मुआयना किया है। कई इलाकों में सीवर ओवर फ्लो हो रहा है। फंड के अभाव में रखरखाव की भी समस्या आ रही है जिसे ठीक करना होगा। डीजेबी को ग्रांट इन एड की दूसरी इन्सटॉलमेंट रिलीज नहीं की जा रही है, जिसके चलते यह सारी समस्याएं पैदा हो रही हैं। उधर, जल मंत्री एवं दिल्ली जल बोर्ड की चेयरमैन आतिशी ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस रखती है। दिल्ली सरकार ने पिछले 8 साल में न एक पैसे का भ्रष्टाचार किया है। ऐसे में अब जब जल बोर्ड को लेकर बार-बार विपक्ष द्वारा सवाल उठाये जा रहे है तो मुख्यमंत्री ने पारदर्शिता, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने और सारे तथ्यों को सामने लाने के लिए सीएजी द्वारा 15 सालों का स्पेशल ऑडिट करने का आदेश दिया है।

आतिशी के अनुसार वर्ष 2008 से अबतक दिल्ली बोर्ड का सीएजी द्वारा स्पेशल ऑडिट करवाया जायेगा, ये स्पेशल ऑडिट दिल्ली जल बोर्ड एक्ट और सीएजी के एक्ट के तहत करवाया जायेगा। सीएजी के साथ बैठकर ऑडिट की सारी प्रक्रिया तय करेंगे और सीएजी से अनुरोध करेंगे की जल्द से जल्द ये स्पेशल ऑडिट करें। अगर किसी प्रकार का भ्रष्टाचार या कोई भी अनियमितता किसी व्यक्ति के द्वारा की गई है तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कारवाई की जाएगी।

मामले को एसीबी में ले जाएंगे: रामवीर सिंह बिधूड़ी

नई दिल्ली। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि फ्लड विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार के अनेक मामलों को उजागर किया। भाजपा ने फ्लड विभाग घोटालों के चारों मामलों को मीडिया के समक्ष रखते हुए चारों मामलों का वीडियो दिखा साबित किया की संबंधित साइटों पर कोई काम नहीं क्यों चल रहा। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली के श्रेयसपुर गांव के लाल डोरे के बाहर की आबादी को एक्सटेंडेड लाल डोरा कहा गया है और यूडी विभाग ने 2008 को नक्शा भी जारी किया जिसका नंबर 71 है।

जलबोर्ड में हुआ भ्रष्टाचार, पैसे का हिसाब दें निगम: भाजपा

● मुख्यमंत्री जांच दबाने का कर रहे प्रयास: सचदेवा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की भाजपा द्वारा दिल्ली जल बोर्ड पर लगाये गये भ्रष्टाचार एवं स्कैम के आरोपों ने अब अरविंद केजरीवाल सरकार को अस्थिर करना शुरू कर दिया है।

यह हमारे आरोपों का नतीज़ा है की मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल को पहली बार दिल्ली जल बोर्ड के स्कैम एवं भ्रष्टाचार पर सफाई देनी पड़ी और दिल्ली जल बोर्ड के खातों के सी.ए.जी. द्वारा आडिट की मांग स्वीकार करनी पड़ी। सचदेवा ने कहा है की मुख्य मंत्री ने सीएजी आडिट की मांग स्वीकार कर जल बोर्ड स्कैम एवं भ्रष्टाचार को दबाने का प्रयास किया है पर भाजपा इससे चुप नही होगी और हम जल बोर्ड के और स्कैम खोलती रहेगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की 2017-18 से दिल्ली जल बोर्ड के खाते बनाये ही नही गये हैं तो फिर सी.ए.जी. आडिट किन खातों का करेगी। दिल्ली की जनता 2016-17 के सी.ए.जी. आडिट के आधार पर प्रोजेक्ट फंड हेरफेर, बैंक खातों मे हेरफेर और वाटर टैंकर घोटाले पर केजरीवाल सरकार से जवाब चाहती है।

सचदेवा ने कहा है की मुख्य मंत्री का यह कहना की अफसर दिल्ली जल बोर्ड के फंड जारी नही कर रहे एक भ्रमात्मक ब्यान है, अफसर फंड देने से मना नही कर रहे वह पहले दिये पैसे का हिसाब मांग रहे हैं जो केजरीवाल सरकार देना नही चाहती। केजरीवाल सरकार को प्रशासनिक व्यवस्था को मानने वाले अधिकारी पसंद नही आते उन्हे उदित प्रकाश जैसे अफसर पसंद आते हैं जो पद से हटाये जाने के बाद भी जल बोर्ड में स्कैम करने में साथ देते है।

पशु अधिकार दिवस विभिन्न संगठनों के जुड़े कार्यकर्ता जानवरों के चेहरे पर मास्क पहने हुए । फोटो: रंजन डिमरी

आतिशी ने फ्लाईओवर के निर्माण में देरी पर अधिकारियों को लगाई फटकार, दी चेतावनी

● अप्रैल तक पुल तैयार करने का दिया अल्टीमेटम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने बुधवार सुबह आनंद विहार के निर्माणधीन फ्लाईओवर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की वस्तुस्थिति जानी। आतिशी ने काम में देरी होने पर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए काम में तेजी लाने के निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अप्रैल तक पूरा किया जाए अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

आतिशी ने कहा कि ये फ्लाईओवर पूर्वी दिल्ली को जाम-मुक्त बनाने की दिशा में एक अहम प्रोजेक्ट है। ऐसे में इसके निर्माण में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों काम को तेजी के साथ पूरा करने के लिए श्रमिकों और मशीनों की संख्या दोगुनी करने और दिन-रात काम करने के निर्देश दिए।

आनंद विहार फ्लाईओवर का निरीक्षण करती पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी।

उन्होंने आधिकारियों से हर सप्ताह की प्रोग्रेस रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि, अरविन्द केजरीवाल सरकार के अहम प्रोजेक्ट्स को लेकर देरी बर्दाश्त नहीं है।

निर्माण में देरी सेहर दिन हज़ारों वाहनों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है और लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि, वर्तमान में इस रोड स्ट्रेच पर प्लानिंग के साथ बेहतर ढंग से ट्रैफिक मैनेजमेंट किया जाए ताकि यहाँ आवाजाही करने वालों को कोई परेशानी न हो, लोगों को ट्रैफिक में फँसना न पड़े और उनका समय बचे। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत आनंद विहार आरओबी और अप्सरा बॉर्डर आरओबी के बीच रोड नंबर-56 पर करीब 1440 मीटर लंबा और छह लेन का चौड़ा फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है।

इसके निर्माण के बाद रामप्रस्थ कॉलोनी, विवेक विहार और श्रेष्ठ विहार रेड लाइट पर लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को मुक्ति मिल जाएगी। इस फ्लाई ओवर से होकर प्रतिदिन औसतन 1.48 लाख वाहन गुजरेंगे। जिन्हें आवागमन में काफी सहूलियत हो जाएगी।

इस फ्लाईओवर के निर्माण के दौरान रैंप, फूटपॉथ, साइनेज, स्ट्रीट लाइट, ड्रेनेज, हॉर्टिकल्चर समेत अन्य कार्य भी किए जाएंगे।

सिर्फ 'आप' निशुल्क शिक्षा की गारंटी दे सकती है : केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि अन्य दलों ने आम आदमी पार्टी (आप) का एजेंडा चोरी कर लिया है और वे निशुल्क बिजली उपलब्ध कराने की बात कर रहे हैं तथा गारंटियां दे रहे हैं लेकिन इसके बावजूद निशुल्क शिक्षा उनकी सूची में नहीं है।

वह बाबा साहेब आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए यहां आप कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंबेडकर 1913 में अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने के लिए गए और उन्होंने हमेशा शिक्षा पर जोर दिया। केजरीवाल ने कहा, अगर वह 10-15 साल और जीवित रहते तो वह देश में सभी सरकारी स्कूलों को सुधार देते। किसी भी दल ने शिक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा, इन दलों ने हमारा पूरा एजेंडा चुरा लिया है। वे अब सभी गारंटी दे रहे हैं और निशुल्क बिजली दे रहे हैं लेकिन निशुल्क शिक्षा की गारंटी नहीं दे रहे हैं। केवल आप ही शिक्षा की गारंटी दे सकती है। उन्होंने कहा कि आप ने शिक्षा के क्षेत्र में काफी कुछ किया है।

लापरवाही में नपे डीडीए के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर

● उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देशों का पालन नहीं करने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कार्य में लापरवाही और सरकारी आदेशों की अवहेलना करने वाले अधिकारियों को सख्त संदेश देते हुए दिल्ली विकास प्राधिकरण ने अपने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर छानवीर, पीडी-6 को निलंबित कर दिया है।

उन पर नरेला में सड़कों की सफाई में निर्देशों का पालन नहीं करने और काम में कोताही बरतने का आरोप है। वह नरेला क्षेत्र के प्रभारी थे। डीडीए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने पर विचार किया जा रहा है।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व्यक्तिगत रूप से नरेला क्षेत्र के उन्नयन और रखरखाव के कार्यों का संचालन और देखरेख कर रहे हैं। उन्होंने पिछले कई महीने कई बार क्षेत्र का दौरा किया था और कई सुधारात्मक उपाय करने के लिए कहा था।

इस कड़ी में उन्होंने 26 अक्टूबर को अपने पिछले दौरे में, उन्होंने सड़कों को पक्का करने तथा सेंट्रल वर्ज की साफ-सफाई कर चमकाने के विशेष निर्देश दिए थे। दरअसल, खस्ताहाल सड़कों से उड़ने वाली धूल क्षेत्र में वायु प्रदूषण में वृद्धि कर रही थी।

इसके बावजूद 2 दिसंबर को हुए उनके हालिया दौरे में हालात असंतोषजनक दिखाई दिए, जिसकी वजह से उपराज्यपाल को दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के निर्देश देने पड़े, ताकि अधिकारियों की जवाबदेही तय की जा सके और इससे दूसरों के लिए भी एक उदाहरण स्थापित किया जा सके। इसके बाद 5 दिसंबर को एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, छानवीर के निलंबन के आदेश जारी कर दिए गए।

संक्षिप्त समाचार

भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पाजंलि अर्पित करते लवली।

भीमराव अम्बेडकर को कांग्रेस ने किया याद

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर के 67वें महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर लवली ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने समाज में विशेषतौर पर दलित और पिछड़ों को न्याय और समानता के अधिकारों के लिए जो लम्बी लड़ाई लड़ी थी, आज उसका परिणाम भारत जैसे विभिन्न संस्कृतियों वाले देश में सामाजिक विकास को देखकर लगाया जा सकता है। वहीं नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने डॉक्टर भीमराव रामजी अम्बेडकर की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उन्हें नगरपालिका परिषद काउंसिल रूम, पालिका केंद्र में फूलों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की ।

ट्रक ने बाइक में टक्कर मारी, पुलिसकर्मी घायल

नई दिल्ली। दिल्ली के कैंट इलाके में एक हिट एंड रन मामले में बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार पुलिस कर्मी को टक्कर मार दी। पुलिस ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना की जगह के रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जानकारी के मुताबिक घायल पुलिसकर्मी की पहचान 53 सालक के राजेन्द्र सिंह के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ खेरा रोड नजफगढ़ में रहते है। राजेन्द्र दिल्ली ट्रैफिक पुलिस में एएसआई के तौर पर तैनात है। फिलहाल अभी वे चाणक्यपुरी सर्कल में तैनात है। राजेन्द्र सिंह ने बताया कि सोमवार रात वह दिल्ली कैंट होते हुए ड्यूटी खत्म करके बाइक से घर जा रहे थे। करीब 11 बजकर 20 मिनट पर आईओसी लाल बत्ती रोड पर ट्रक ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर पकड़े गए 474 दलाल

नई दिल्ली। आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने इस साल अबतक 474 दलालों को पकड़ा है। ये दलाल विदेश जाने की चाह रखने वाले लोग किसी भी तरह से विदेश जाने का जुगाड़ ललाशने वालों को निशाना बनाते थे। वर्ष 2022 में करीब 220 दलालों को आईजीआई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जबकि इस साल अभी तक 474 दलालों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। आईजीआई एयरपोर्ट के डीसीपी देवेश कुमार महला ने बताया कि आईजीआई एयरपोर्ट पर अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों की लगातार पता किया जा रहा है और उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है।

दिल्ली दंगा: ईडी के विशेष निदेशक तलब

● कोर्ट ने अभियोजन पक्ष के वकीलों की अनुपस्थिति पर जताई नाखुशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच वाले 2020 के दिल्ली दंगों के एक मामले में अभियोजन पक्ष के वकीलों की अनुपस्थिति पर नाखुशी व्यक्त करते हुए दिल्ली की एक अदालत ने धन शोधन रोधी एजेंसी के विशेष निदेशक को उसके समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन के खिलाफ मामले की सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। हुसैन पर नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को बढ़ावा देने और सांप्रदायिक दंगे भड़काने के लिए छद्म कंपनियों का उपयोग करके कई करोड़ रुपये की हेराफेरी करने का आरोप लगाया गया है।

मंगलवार को सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि जांच अधिकारी (आईओ) सुनवाई के दौरान मौजूद नहीं थे और अभियोजन पक्ष की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अदालत ने लगभग आधे घंटे तक इंतजार किया और हुसैन द्वारा अपने वकील के माध्यम से दायर एक आवेदन पर ईडी के जवाब की प्रति प्रदान करने के अदालत के पिछले निर्देश के बावजूद, ऐसा नहीं किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि ईडी की ओर से जवाब भी दाखिल नहीं किया गया। न्यायाधीश ने कहा, पहले भी, अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में जवाब दाखिल करने और अन्य दलीलों के लिए कोई उपस्थित नहीं हुआ।

हालांकि, यह कहा गया था कि ऐसा दोबारा नहीं होगा, फिर भी यह दोबारा हुआ है। न्यायाधीश ने आदेश दिया, विशेष निदेशक (प्रवर्तन निदेशालय) अगली तारीख यानी आठ दिसंबर को दोपहर दो बजे व्यक्तिगत रूप से पेश हों। अदालत ने अगली सुनवाई के दौरान हुसैन को भी पेश करने का निर्देश दिया।

बृजभूषण के खिलाफ पुलिस ने लिखित दलीलें की दाखिल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

महिला पहलवानों की ओर से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में दिल्ली पुलिस ने बुधवार को यहां की एक अदालत के समक्ष लिखित दलीलें दायर कर अपना रुख स्पष्ट किया कि क्या इस मामले में आरोपों को तय किया जाय या नहीं।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने मामले में आरोपियों के साथ-साथ शिकायतकर्ताओं की ओर से पेश होने वाले अधिवक्ताओं को दलीलों की प्रति प्रदान की। न्यायाधीश इस मामले की अगली सुनवाई 20 को करेंगे।

न्यायाधीश ने कहा, मामला अभियोजन पक्ष की ओर से लिखित दलीलें दाखिल करने के लिए सूचीबद्ध है। प्रति प्रदान की गई। मामले में यदि कोई स्पष्टीकरण है तो इसे 20 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध किया जाता है। सिंह डब्ल्यूएफआई के निलंबित सहायक सचिव एवं सह-आरोपी विनोद तोमर के साथ अदालत में पेश हुए। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में छह बार के सांसद सिंह के खिलाफ 15 जून को आरोपपत्र दायर किया था।

स्कूलों में शीतकालीन छुट्टियां 15 से घटाकर छह की गई

नई दिल्ली। दिल्ली के स्कूलों में शीतकालीन अवकाश को 15 दिन से घटाकर छह कर दिया गया है। शीतकालीन अवकाश की शुरुआत एक जनवरी 2024 से होगी।

शिक्षा निदेशालय ने एक परिपत्र में बुधवार को यह जानकारी दी। आदेश से पहले शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए शीतकालीन अवकाश एक जनवरी से 15 जनवरी तक निर्धारित किया गया था।

परिपत्र के अनुसार यह सुनिश्चित करने के लिए कि दिल्ली में खराब वायु गुणवत्ता के कारण छात्रों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इसलिए शीतकालीन अवकाश के एक भाग के तौर पर स्कूलों में 9 नवंबर से 18 नवंबर तक छुट्टी की गई थी।

दक्षिण एशिया के सबसे बड़े सिक्योरिटी एक्सपो का आज से आगाज

प्रगति मैदान में आयोजित एक्सपो में 20 देशों के 300 से अधिक ब्रांड व 1200 उद्योग लेंगे भाग

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रगति मैदान में आज (बृहस्पतिवार)से दक्षिण एशिया के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक, औद्योगिक और होमलैंड सिक्योरिटी शो का आगाज हो रहा है। इंटरनेशनल फायर एंड सिक्योरिटी एग्जीबिशन एंड कॉफ्रेंस (आईएफएसईसी) इंडिया एक्सपो का तीन दिवसीय आयोजन आयोजन हॉल नंबर 5 में 7 से 9 दिसंबर तक किया जाएगा।

प्रगति मैदान में शुरू होने वाले दिवसीय एक्सपो में सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इंफॉर्मा मार्केट्स द्वारा आयोजित इस एक्सपो का आगाज 10.30 बजे से इस बार 20 से अधिक देशों के 300 से अधिक ब्रांडों की भागीदारी और 12,000 उद्योग खरीदारों, नीति निर्माताओं, सरकारी अधिकारियों, पीएसयू, सीएसओ और सोल्यूशन इंटीग्रेटर्स के हिस्सा लेने का अनुमान है। इस शो में वीडियो सर्विलांस, बायोमेट्रिक्स और आरएफआईडी, एक्सेस कंट्रोल, एआई, आईओटी, सुरक्षित शहर, सूचना सुरक्षा, जीपीएस सिस्टम, वीडियो एनालिटिक्स और इंटेलिजेंट बिल्डिंग सहित उत्पादों और समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए सुरक्षा पेशेवरों के लिए 360 डिग्री की पेशकश का प्रदर्शन करेगा। आईएफएसईसी इंडिया के 16वें संस्करण पर इन्फोर्मा मार्केट इन इंडिया के प्रबंध निदेशक योगेश मुद्रास ने कहा कि हम अपने सुरक्षा बुनियादी ढांचे को डिजिटल बनाकर वास्तविक समय संचार की सुविधा प्रदान करके एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं जो लाइव घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करता है।



उन्होंने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था के समृद्ध परिदृश्य में सुरक्षा की बढ़ती मांग एक परिवर्तनकारी युग को रेखांकित करती है। जहां स्मार्ट सुरक्षा भौतिक और डिजिटल क्षेत्रों के बीच की सीमाओं को पार करता है।

उन्होंने कहा कि इंटेलीजेंट अलर्ट सिस्टम के साथ उन्नत वीडियो सर्विलांस का तालमेल सुरक्षा प्रोटोकॉल में क्रांति ला रहा है। प्रदर्शनी में दक्षिण एशियाई देशों की प्रमुख कंपनियों के अत्याधुनिक उत्पाद का प्रदर्शन किया जाएगा। इससे पहले भी फायर और सिक्योरिटी उपकरणों का प्रदर्शन एक्सपो के पिछले संस्करणों में किया गया जिसे लोगों ने खासा सराहा था।

एक्सपो में प्रमुख उपकरणों जैसे रात में देखने की सुविधा वाले निगरानी कैमरे, नाइट विजन निगरानी कैमरे, सुरक्षा द्वार, डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर, एनकोडर और डिकोडर, सुरक्षा अलार्म प्रणाली जैसे अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी उत्पाद प्रदर्शित किये जाएंगे। इसमें ड्रोन के उन्नत संस्करण विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र होंगे।

राइट्स
इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञ
राइट्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
शिखर, प्लॉट सं. 1, सेक्टर-29, गुड़गांव-122001

निम्नलिखित पद(पदों)/विधा(ओं) में योग्य प्रोफेशनल्स की आवश्यकता है:

वीसी सं.	पद	रिक्तियों की संख्या
397/23	टीम लीडर (जयपुर, राजस्थान में साक्षात्कार)	01
398/23	वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) (गुवाहाटी, असम में साक्षात्कार)	01
399/23	वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) (गुवाहाटी, असम में साक्षात्कार)	01
400/23	सहायक प्रबंधक (सिविल) (गुवाहाटी, असम में साक्षात्कार)	01

पद, वेतनमान, योग्यता, आयु, तिथि और स्थान, चयन प्रक्रिया आदि के बारे में विवरण के लिए, उम्मीदवार करियर सेक्शन के तहत राइट्स की वेबसाइट www.rites.com पर पोस्ट किया गया विस्तृत विज्ञापन देख सकते हैं।

देश विश्व गुरु तभी बनेगा जब युवा संस्कारवान और चरित्रवान होगा

हनुमान चालीसा मुहिम का आंकड़ा हुआ 4 लाख 53 हजार के पार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हनुमान चालीसा पाठ में भाग लेते बोधराज सीकरी व अन्य साधक।

श्री श्याम मंदिर न्यू कॉलोनी में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें यजमान सतपाल नासा और पुष्पा नासा रहे। मंदिर भक्तों से खचाखच भरा हुआ था। श्रद्धा भाव से अनुशासित तरीके से बैठकर लोगों ने हनुमान चालीसा का पठन किया। इस मंदिर में बोध राज सीकरी और गजेंद्र गोसाई ने अपने बाल्यकाल से स्वर्गीय पंडित चुनी लाल से रामायण पढ़ने का अभ्यास प्रारंभ किया था। अब तक सब पाठ को मिलाकर 162 स्थानों पर कुल 453,007 हनुमान चालीसा पाठ 32,157 साधकों द्वारा किये जा चुके हैं।

पंडित भीम दत्त ने मंत्रों की आवाज से घंटे घड़ियाल और शंखनाद से और गोसाई ने ओम की ध्वनि से पाठ का शुभारंभ किया और समापन राम राम की माला से किया। गजेंद्र गोसाई द्वारा संगीतमय तरीके से 21 बार हनुमान चालीसा पाठ के पठन के उपरांत बोधराज सीकरी भी पाठ किया। वो इस मंदिर के प्रधान भी हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक मैं संस्कार की बात करता आ रहा हूं।

अब चरित्र निर्माण के ऊपर भी हमारे युवा को ध्यान आकर्षित करना है। क्योंकि 65 प्रतिशत आबादी इस देश की युवा है। यदि वो संस्कारवान व चरित्रवान बन गया तो देश विश्व गुरु बनने में देर नहीं लगेगी। आज हम 5वें पायदान पर हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की है कि 5 वर्षों में हम तीसरे पायदान पर पहुंच जाएंगे। ये तभी संभव होगा जब युवा संस्कारवान और चरित्रवान होगा। अगले सत्ताह मंगलवार को श्री श्याम मंदिर के प्रांगण से ही श्री राजेश सूटा जाने-माने अधिवक्ता व उनकी बेटी पूजा खेत्रपाल और उनके दामाद अभिषेक खेत्रपाल द्वारा हनुमान चालीसा का बहुत ही भव्य आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर गजेंद्र गोसाई, राजेश सूटा, विजय दीवान, अशोक सीकरी, उमेश शर्मा, राम लाल ग्रोवर, धर्मेन्द्र बजाज, रमेश कामरा, किशोरी डुडेजा, सुभाष ग्रोवर, रणधीर टंडन, मदन सतीजा, तिलक चानना, जगदीश रखेजा, सुखदेव, द्वारिका नाथ, नरिंदर कथूरिया, तिरलोक गोसाई, रजिंदर बजाज, उमेश गंभीर, रुपेश चौधरी मौजूद रहे।

राष्ट्र सर्वप्रथम अवधारणा का संकल्प समय की मांग: सुखबीर तंवर

गुरुग्राम। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सुखबीर तंवर ने बाबा साहेब डा. भीम राव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर भवन, पटौदी में स्थापित बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि के बाद उपस्थित बाबा साहब अनुयायियों को संबोधित करते हुये कहा कि वंचितों, पीड़ितों, शोषितों, श्रमिकों और महिलाओं के कल्याणपुंज भारत रत्न बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के विचार और दृष्टिकोण वैश्विक स्तर पर अपनाये गये हैं। सुखबीर तंवर ने कहा कि दुखद विषय यह है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बाबा साहब का सत्कार करने की बजाय तिरस्कार किया।

बाबा साहब ने स्वतंत्रता से पूर्व और स्वतंत्रता के बाद अनेक विषयों में अपनी वैश्विक बुद्धिमत्ता का परिचय दिया। राष्ट्र को संविधान और अनेक कानून दिये। तत्कालीन कांग्रेस शासन ने बाबा साहब के विरुद्ध उनके सहायक को चुनाव लड़वाकर उनकी लोकप्रियता को दबाने का प्रयास किया। इसके विपरीत विश्वनाथ प्रताप सिंह नीत जनता दल की गैर कांग्रेस केंद्र सरकार ने बाबा साहब के महापरिनिर्वाण के 34 साल बाद 31 मार्च 1990 को भारत रत्न से अलंकृत करके सम्मान किया। बाबा साहेब के विचार जैसे किसी समाज की प्रगति का आंकलन उसकी महिलाओं की प्रगति से होता है।

बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते सुखबीर तंवर।

संक्षिप्त समाचार

मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए वाहन रवाना

सोहना। प्रदेश मुख्य निर्वाचन के आदेश पर अब ग्रामीणों को अपना वोट बनवाने से लेकर गलतियों को दुरुस्त कराने और मृतकों का नाम मतदाता सूची में कटवाने के लिए जागरुकता अभियान शुरु किया है। जागरुकता अभियान के दौरान प्रदेश मुख्य निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर एक वैन को गांव-गांव भेजा गया है। उक्त वैन को एसडीएम प्रदीप सिंह ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को अब प्रदेश चुनाव आयोग के आदेश अपना वोट बनवाने से लेकर मृतक मतदाताओं का नाम सूची में से कटवाना और मतदाता में दर्ज गलतियों को दुरुस्त कराने की जानकारी दी जाएगी। जिसके लिए एसडीएम प्रदीप सिंह ने बुधवार को अपने कार्यालय से एक वैन को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरुता रैली मास्टर टेऊनर रोहताश सिंह के नेतृत्व में प्रचार प्रसार करेगी। एसडीएम ने बताया कि मतदाता ऑनलाइन भी चुनाव आयोग के नियमानुसार फार्म भर सकते हैं। इसके अलावा अपने बीएलओ के पास जाकर फार्म नंबर 6, 7 और 8 भर सकते हैं। इसके साथ-साथ एसडीएम कार्यालय में भी जाकर अपना वोट बनवा सकते है। 18 से अधिक उम्र वाले भी नई वोट बनवा सकते हैं। उन्होने बताया कि 5 जनवरी को लोक सभा चुनाव के उद्देश्य से प्रकाशन किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि उक्त प्रचार जागरुकता अभियान को लोग पूरा लाभ उठाए।

चलती कार की छत पर शराब पीते युवक के खिलाफ केस दर्ज

गुरुग्राम। शहर में आए दिन सड़क पर स्टंट किए जाने के वीडियो सामने आ रहे हैं। ताजा वीडियो गोल्फ कोर्स रोड का सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस वीडियो में एक युवक चलती गाड़ी की छत पर शराब पीता नजर आ रहा है। पुलिस के पास यह वीडियो पहुंचते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सेक्टर-56 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि एक युवक गाड़ी की छत पर बैठा है और शराब पी रहा है। उसने दूसरे हाथ में मोबाइल पकड़ा हुआ है और उस पर बात कर रहा है। यह वायरल वीडियो जब पुलिस के पास पहुंची तो पुलिस ने संज्ञान लिया। आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि आखिर इस गाड़ी के साथ-साथ और कितने वाहन थे, जिस पर सवार लोगों ने यह वीडियो बनाई है। एसीपी अपराध वरुण दहिया का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। गोल्फ कोर्स रोड की यह वीडियो नजर आ रही है।

स्वतंत्रता सेनानी स्व. मन्सा राम की धर्मपत्नी सावित्री देवी का निधन

गुरुग्राम। स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय मन्सा राम की धर्मपत्नी सावित्री देवी का बुधवार को 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। गांव दौलताबाद में उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति व बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। श्रीमती सावित्री देवी की अंत्येष्टि में गढ़ी हरसरू के नायब तहसीलदार आशीष मालिक शमिल हुए। उन्होंने पुष्प भेंट कर श्रद्धांजलि दी। अंतिम संस्कार से पूर्व हरियाणा पुलिस की तरफ से एएसआई राजबीर सिंह की अगुआई में हरियाणा पुलिस की टुकड़ी ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान पुलिस प्रशासन की सलामी देने के बाद क्रिमिनेशन सम्मान निधि की राशि भी परिजनों को दी गयी। इसके उपरान्त स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति की तरफ से समिति के अध्यक्ष कपूर सिंह दलाल, जिले सिंह, जोगिंदर सिंह जांधु, जय भगवान, धीरज, रामपाल, नवल सिंह, महाबीर सिंह, रामचंद्र, सत्यनारायण, पदम अजीत सिंह, भगवान दास, अशोक, कैप्टन बलबीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, सतबीर सिंह, भगवान सहित अन्य गणमान्य ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चढ़ा कर कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

पुलिस पब्लिक रोटी पानी बैंक ने के दो साल पूरे किए

गुरुग्राम। पुलिस जहां एक ओर नागरिकों को सुरक्षित करने में सक्षम है, वहीं समाज के जरूरतमंद लोगों को भोजन पानी मुहैया करवाने में भी अग्रणी है। यह बात गुरुग्राम के पुलिस उपायुक्त मुख्यालय दीपक गहलावत ने व्यक्त किये। वे बुधवार को हरियाणा पुलिस रोटी पानी बैंक गुरुग्राम के दूसरे स्थापना दिवस पर विशाल भोजन वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। हरियाणा पुलिस रोटी पानी बैंक गुरुग्राम के दूसरे स्थापना दिवस के अवसर पर विशाल भोजन वितरण का कार्यक्रम फव्वारा चोक जिला पुलिस लाइन के गेट के सामने किया गया था, जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरुषोत्तम गुप्ता, अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में आरएल शर्मा एडवोकेट, अध्यक्ष पुलिस शहीद फाउंडेशन, हरियाणा, दीपक मैनी चेयरमैन पीएफटीआई, डॉ एसपी अग्रवाल वाईस चेयरमैन पीएफटीआई, राजकुमार त्यागी समाज सेवी, करुणेश भारद्वाज ने समारोह में शिरकत की।

बच्चों-महिलाओं को सुरक्षा के लिए किया जागरुक

गुरुग्राम। महिलाओं/बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से प्रबंधक महिला थाना मानेसर व उनकी टीम, दुर्गा शक्ति पुलिस टीम ने बुधवार को राजकीय कन्या स्कूल बास कुसला में बच्चों को महिला पुलिस थाना मानेसर में बुलाया।

उन्हें थाना में होने वाले दैनिक कार्यों, महिलाओं/बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, साईबर अपराधों, नशामुक्ति, साइबर अपराधों, डॉयल 112 व दुर्गा शक्ति एप के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान पुलिस ने स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं, टीचर/स्टॉफ व स्कूल कर्मचारियों को महिलाओं/बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों, नशे से दूर रहने, नशा मुक्ति, अपराधों से बचाव व अपराध होने के बाद उनके उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

पीडितों, महिलाओं और गरीबों के मसीहा थे बाबा साहेब: पंकज डावर

कांग्रेसी नेताओं ने बाबा साहब का परिनिर्वाण दिवस मनाया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

बुधवार को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कमान सराय स्थित कांग्रेस कार्यालय पर एकजुट होकर भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर के साथ सूबे सिंह यादव, पर्ल चौधरी, जय सिंह हुड्डा, पीएल कटारिया, सुनील वर्मा, मनोज आहूजा, मुकेश सिंगला, राजपाल यादव, डा. रोहित शर्मा, रोशन लाल, रमन वर्मा, भीम सिंह किरबत, दीपक समेत अन्य लोग मौजूद रहे। अपने संबोधन में पंकज डावर ने कहा कि डा. बीआर अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को को मध्य प्रदेश के महु में हुआ था। वे पीडितों, महिलाओं व गरीबों के लिए मसीहा थे। उन्होंने हर समय गरीब मजलूमों की आवाज उठाई। कमजोर वर्गों के बीच शिक्षा व संस्कृति के प्रसार के लिए बहिष्कृत हितकारिणी सभा का गठन भी किया था। लंदन में तीनों राउण्ड टेबल सम्मेलनों में भी उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया था। स्वतंत्र भारत के संविधान के मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्हें चुना गया था और उन्हें संविधान निर्माता के रुप में भी माना जाता है। देश की आजादी के बाद वह स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री भी बने थे। बाबा साहेब ने देश के विकास की एक ऐसी मजबूत नींव रखी कि आज उसी की बदौलत हमारा देश विकसित होने की राह पर चल पाया।

बाबा साहब की फोटो पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी नेता पंकज डावर व अन्य।

इनोवेशन और परंपरा का अनूठा मेल दिखाएगा 'सेंटर स्टेज फेस्टिवल'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट (केएनएमए) ने दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'सेंटर स्टेज फेस्टिवल' के आयोजन का एलान किया है। 8 और 9 दिसंबर को सुंदर नर्सरी में यह आयोजन किया जाएगा। नृत्य एवं संगीत की दुनिया की पांच युवा प्रतिभाएं इसमें परफॉर्म करेंगी। यह रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक भावों को प्रदर्शित करने का उत्सव बनकर सामने आएगा। इस उत्सव के माध्यम से केएनएमए भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान कर रहा है। यह उत्सव अद्वितीय कलाकारों के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच बनकर सामने आएगा। केएनएमए का सेंटर स्टेज फेस्टिवल लोगों को यादगार अनुभव देगा। इसमें 13 से 30 की उम्र की प्रतिभाएं हिस्सा लेंगी।

सेंटर स्टेज फेस्टिवल में सांस्कृतिक परंपराओं को नया आकार दे रहे युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। फेस्टिवल में 25 वर्षीय हिंदुस्तानी क्लासिकल वोकलिस्ट अनिरुद्ध ऐथल और 13 वर्षीय भरतनाट्यम नृत्यांगना अक्षता विश्वनाथ अपनी प्रतिभा से लोगों को सम्मोहित करेंगे। वेस्टर्न क्लासिक म्यूजिक से जुड़े अणुव्रत चौधरी का प्रदर्शन भी लोगों को लुभाने वाला होगा। वह दो डुएट परफॉर्म करेंगे। इनमें से एक डुएट में उनका साथ 14 वर्षीय मार्टिना चार्ल्स देंगी। अणुव्रत राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित पियानो वादक हैं, वहीं मार्टिना वायलिन वादन का उभरता सितारा हैं। अणुव्रत का दूसरा डुएट नृत्यांगना ईरा के साथ होगा, जो जैज और आधुनिक नृत्यकला में प्रशिक्षित हैं। इनके अतिरक्त, रमना बालचंद्रन वीणा वादन करेंगे। वह देश के लोकप्रिय वीणा वादक हैं। उन्होंने करीब 400 सोलो कंसर्ट में हिस्सा लिया है। उत्सव का समापन अनिरुद्ध वर्मा कलेक्टिव के साथ होगा। इसका नेतृत्व पियानो वादक, कंपोजर और प्रोड्यूसर अनिरुद्ध वर्मा करेंगे। इसमें भारतीय शास्त्रीय संगीत की दुनिया में इनोवेशन और परंपरा का अनूठा मेल दिखेगा।

किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट की सीनियर क्यूरेटर परफॉर्मिंग आर्ट्स अदिति जेटली ने कहा, 'किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट की सांस्कृतिक शाखा पारंपरिक एवं समकालीन कला के क्षेत्र में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। नए म्यूजियम में हम परफॉर्मिंग आर्ट्स को भी जगह देने जा रहे हैं। इसी के साथ केएनएमए दिल्ली के लोगों को भारत की विविधापूर्ण सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराने की दिशा में प्रयास करता रहेगा।' यह सार्वजनिक उत्सव होगा।

गुरुग्राम में विकलांग व्यक्तियों के लिए सार्थक ग्लोबल रिसोर्स सेंटर होगा शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/गुरुग्राम

अग्रणी गैर सरकारी संगठन, सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट जो पूरे भारत में दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्लूडी) को मुख्यधारा में लाने और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, 9 दिसंबर 2023 को गुरुग्राम में देश भर से दिव्यांगजनों के लिए भारत का वन-स्टॉप-सॉल्यूशन ''सार्थक ग्लोबल रिसोर्स सेंटर'' लॉन्च कर रहा है। जीआरसी का उद्घाटन मुख्य अतिथि भारत के माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के द्वारा किया जाएगा।

यह सेंटर दिव्यांग व्यक्तियों की शिक्षा और कौशल के लिए एक हब के रूप में काम करेगा और उनके जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दिव्यांग व्यक्तियों की देश की कुल आबादी का 5 प्रतिशत से अधिक हैं और आजीविका कमाने के लिए प्रशिक्षण या कौशल सीखकर काम करने और आत्म-सम्मान अर्जित करने का उन्हें अवसर देने के लिए उन तक पहुंचने की ज़रूरत है। सार्थक उन अग्रणी गैर सरकारी संगठनों में से एक है, जो निवेश हासिल करने के लिए एनएसई तथा बीएसई के सोशल स्टॉक एक्सचेंज में लिस्ट भी हुआ है 7 सार्थक इस जीआरसी के माध्यम से दिव्यांगजनों के जीवन मैं बदलाव लाने के लिए प्रतिबंध है और इसके लिए सामाजिक बदलाव लाने के प्रति झुकाव रखने वाले फाउंडेशन और एचएनआय से निवेश आकर्षित करना चाहता है। दिव्यांगता पर 10 वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 8 और 9 दिसंबर 2023 को भारत सरकार का डीईपीडब्लूडी विभाग, सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट और नेशनल एबिलिम्पिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। 2 दिवसीय कार्यक्रम में ग्लोकल पार्टनरशिप - समावेशी, सुलभ और टिकाऊ दुनिया के लिए मार्ग प्रशस्त करना ये थीम पर चर्चा होगी। इन 2 दिनों में नॅशनल एबिलिम्पिक्स असोसिएशन ऑफ इंडिया की उत्तर क्षेत्रीय कौशल प्रतियोगिताएं तथा एक्ज़िबिशन भी आयोजित की जाएंगी, जिसमें जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर सहित विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक दिव्यांग उम्मीदवार आईसीटी, शिल्प, सेवा और आतिथ्य के तहत 15 कौशल श्रेणियों मे भाग लेंगे।

सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक और सीईओ डॉ. जितेंद्र अग्रवाल ने बताया, ''विकलांग लोगों के लिए ''सार्थक ग्लोबल रिसोर्स सेंटर'' (जीआरसी) एक अभूतपूर्व पहल है जो देश भर में विविध क्षमताओं वाले व्यक्तियों के लिए आशा की किरण के रूप में खड़ा होगा। हरियाणा सरकार और हमारे फंडिंग भागीदारों के दृढ़ समर्थन से, ग्लोबल रिसोर्स सेंटर (जीआरसी) गुरुग्राम में अपने दरवाजे खोलने के लिए तैयार है। यह परिवर्तनकारी स्थान एक अधिक समावेशी समाज के निर्माण की दिशा में हमारे राष्ट्र की प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में उभरेगा। सार्थक ग्लोबल रिसोर्स सेंटर समय की मांग है जो सेवाओं, संसाधनों और दृष्टिकोण में लगातार अंतराल से उभरा है जो वर्तमान में दिव्यांगों की प्रगति में बाधक है।''

एग्जीक्यूटिव जनरल मैनेजमेंट प्रोग्राम लॉन्च करने के लिए टैलेंट स्प्रिंट और आईआईएम लखनऊ के बीच समझौता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विश्व की अग्रणी एडुटेक कंपनी टैलेंट स्प्रिंट, और एनआईआरएफ रैंकिंग 2023 के तहत उच्च रैंकिंग प्राप्त - भारतीय प्रबंध संस्था आईआईएम लखनऊ - ने आपस में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए एग्जीक्यूटिव जनरल मैनेजमेंट प्रोग्राम लॉन्च करने की घोषणा की है। इस समझौते से इन दो बड़ी संस्थाओं के संसाधन एक हो जाएंगे और कामकाजी पेशेवरों को सशक्त करने का अवसर मिलेगा और उनकी जनरल मैनेजमेंट की क्षमताओं में भी इजाफा होगा।

आईआईएम लखनऊ, जो की अपने अभूतपूर्व शैक्षणिक अनुभव, उद्योग से जुड़े हुए शिक्षण और प्रतिष्ठित शिक्षकों के लिए जाना जाता है, वह पिछले कई सालों से दुनियाभर के उच्च मैनेजमेंट संस्थानों की सूची में अपना स्थान बनाए हुए हैं। पिछले चार दशकों से उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए, आईआईएम लखनऊ नवाचार और नेतृत्व के क्षेत्र में मैनेजमेंट शिक्षा को नए स्तर पर ले गया है।

पिछले 10 सालों में टैलेंट स्प्रिंट ने अपने द्वारा विकसित टेक्नोलॉजी आधारित प्लेटफार्म पर अत्याधुनिक और प्रभावी एग्जीक्यूटिव एजुकेशन प्रोग्राम पेश करते हुए इस क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। उद्योग और शिक्षा जगत के बीच की दूरी को खत्म करने की आईआईएम लखनऊ की प्रतिबद्धता की ही बदौलत आज दुनियाभर में अलग-अलग क्षेत्र के कई पेशेवर अपने कैरियर में आगे बढ़ रहे हैं।

आईआईएम लखनऊ की निदेशक प्रोफेसर अर्चना शुक्ला ने कहा कि, ''आईआईएम लखनऊ में हम उच्च स्तरीय प्रबंधन शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आज जनरल मैनेजमेंट पेशेवरों की एक बहुत बड़ी मांग है, जो यह समझ सके की पूरी संस्था में सब कुछ कैसे काम करता है और समस्याओं का समाधान एक समग्र रूप से निकाल सके। हम टैलेंट स्प्रिंट के साथ अपने सहयोग को लेकर बेहद उत्साहित है। हम ऐसा मानते हैं कि इस समझौते के तहत हम शिक्षा के अनुभव को और भी बेहतर बना सकते हैं, जिसे असल में लोगों के करियर में बेहतर बदलाव हो।''

टैलेंट स्प्रिंट के फाउंडिंग सीईओ और एमडी डॉ सांतनु पॉल ने कहा कि, ''हम मैनेजमेंट की अग्रणी संस्था आईआईएम लखनऊ के साथ किए इस समझौते से बेहद प्रसन्न है। यह समझौता शैक्षणिक प्रतिबद्धता और तकनीकी नवाचार के एक होने का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य आज के मौजूदा व्यापारिक जगत में पेशेवरों को समर्थ और सक्षम बनाना है।''

इस समझौते के तहत एक 11 महीने का एग्जीक्यूटिव जनरल मैनेजमेंट प्रोग्राम लाया जा रहा है, जिसकी मदद से कामकाजी लोगों को क्षेत्र की विशेषज्ञता और मैनेजमेंट की गहरी समझ प्रदान की जाएगी जो कि आज के परिवर्तनशील व्यापारिक परिदृश्य में उन्हें सफल होने में काम आएगी। खास कामकाजी लोगों के लिए बनाए गए इस पाठ्यक्रम में 220 घंटे तक गहन शिक्षण के सेशन होंगे जिसमें की 12 दिन आईआईएम लखनऊ के कैंपस पर बिताने होंगे।

जीएमडीए कई सेक्टर्स में जल निकासी नेटवर्क बिछाएगा

गुरुग्राम। गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) ने गुरुग्राम के नए सेक्टरों में जल निकासी नेटवर्क बिछाने से संबंधित अपनी दो परियोजनाओं के लिए निविदाएं जारी की हैं। इन दो कार्यों में सेक्टर 68-75 में आरसीसी बॉक्स टाइप मास्टर स्टॉर्म वॉटर ड्रेन का निर्माण और सेक्टर 112-115 में आरसीसी बॉक्स टाइप मास्टर स्टॉर्म वॉटर ड्रेन का निर्माण शामिल है। जीएमडीए के मुख्य अभियंता राजेश बंसल ने बुधवार को बताया कि ये गुरुग्राम के तेजी से विकसित होने वाले क्षेत्र हैं, जिनमें बढ़ती आबादी देखी जा रही है।

इन क्षेत्रों में मास्टर ड्रेनेज सिस्टम प्रदान करने और नागरिकों के लाभ के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचे की स्थापना सुनिश्चित करने के लिए जीएमडीए द्वारा कार्य किए जा रहे हैं। सेक्टर 68-75 और 112-115 में मास्टर स्टॉर्म वॉटर ड्रेन का निर्माण प्राथमिकता पर किया जा रहा है और इन दो बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों के लिए टेंडर लगा दिए गए हैं। सेक्टर-68 से 75 में जल निकासी नेटवर्क को बढ़ाने के लिए, 17.63 किमी लंबाई में मास्टर स्टॉर्म वॉटर ड्रेन बिछाने का काम करने की योजना है, जिसमें विभिन्न आकारों के आरसीसी बॉक्स टाइप ड्रेन का निर्माण किया जाएगा।

इन बरसाती नालों के पानी के निर्वहन का निपटान आगामी एसपीआर के साथ वाटिका चौक से एनएच 48 तक मास्टर स्टॉर्म वॉटर ड्रेन में और अंततः लेग-3 बादशाहपुर नाले में किया जाएगा। क्षेत्रों में सेक्टर-68, 69, 70, 70ए, 71, 72, 75, 75ए, 71, 73 और 74 शामिल हैं। सेक्टर 68-75 में जल निकासी नेटवर्क प्रदान करने की परियोजना 62.78 करोड़ रुपये की लागत से निष्पादित की जाएगी। प्रोजेक्ट पूरा होने का समय 22 महीने है। सेक्टर 112-115 की जल निकासी परियोजना के तहत सेक्टर 112-115 में लगभग 7.5 किमी लंबाई में विभिन्न आकार के मास्टर आरसीसी बॉक्स टाइप ड्रेन का निर्माण किया जाएगा।

एग्रो फॉरेस्ट्री को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने की जरूरत : इपमा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

एग्रो फॉरेस्ट्री को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने की जरूरत है। देश में बहुत सी डिग्रेडेड जमीन है। इस जमीन को कागज उद्योग को लंबी अवधि की लीज पर दिया जा सकता है। इससे दो तरह से फायदा होगा। पहला, उस जमीन पर आने वाले वर्षों में हरे-भरे पेड़ होंगे, जिससे कार्बन अवशोषण में मदद मिलेगी। दूसरा, इससे न केवल कागज उद्योग बल्कि अन्य लकड़ी आधारित उद्योगों के लिए भी लकड़ी मिल सकेगी, जिससे बड़े पैमाने पर ग्रामीण रोजगार के अवसर सृजित होंगे। ग्रेटर नोएडा में आज शुरू हुए कागज उद्योग के सबसे बड़े शो पेपरेक्स 2023 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए इंडियन पेपर मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (इपमा) के प्रेसिडेंट पवन अग्रवाल ने यह बात कही।

कागज का उपभोग सीधे तौर पर अर्थव्यवस्था के विकास से जुड़ा होता है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है और साथ ही यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ता कागज का बाजार भी है। वैश्विक स्तर पर प्रति व्यक्ति कागज की औसत खपत 57 किलोग्राम है, जबकि भारत में यह औसत मात्र 16 किलोग्राम का है। विकसित देशों में प्रति व्यक्ति कागज की औसत खपत 200 किलोग्राम से ज्यादा है। यह दिखाता है कि देश में कागज उद्योग के विकास की कितनी संभावना है। आईपीएमए ने अगले कई साल तक कागज के उपभोग में सालाना 6 से 7 प्रतिशत के विकास का अनुमान जताया है। कागज उद्योग में लकड़ी कच्चे माल के रूप में प्रयोग होती है। लकड़ी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पिछले कई साल से कागज उद्योग 5 लाख से ज्यादा सीमांत किसानों के साथ काम कर रहा है। उद्योग ने एग्रो फॉरेस्ट्री (कृषि वानिकी) के तहत 12 लाख हेक्टेयर से ज्यादा डिग्रेडेड जमीन पर पौधारोपण किया है। सस्टेनेबिलिटी के मोर्चे पर यह उद्योग वुड पॉजिटिव है। जितने पेड़ पल्प बनाने के लिए काटे जाते हैं, उससे ज्यादा पेड़ लगाए जा चुके हैं।

कागज उद्योग के आर्थिक योगदान को बेहतर तरीके से समझने की जरूरत है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत अहम सेक्टर है। आज देश में 500 से ज्यादा पेपर मिल्स ने 5 लाख से ज्यादा परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया हुआ है। यह प्रत्यक्ष रोजगार की संख्या है। यदि परोक्ष रोजगार को जोड़ें तो इस उद्योग ने करीब 20 लाख परिवारों को रोजगार दिया है।

सरकार के कई अभियानों के लिए कागज उद्योग बहुत अहम है। कागज उद्योग के बिना स्वच्छ भारत अभियान संभव नहीं है। सरकार सिंगल यूज प्लास्टिक के कारण पैदा होने वाले कचरे और पर्यावरण संबंधी समस्याओं के हल के लिए प्रयासरत है और सिंगल यूज प्लास्टिक का कागज से बेहतर कोई विकल्प नहीं हो सकता है। छोटी एवं बड़ी सभी पेपर मिल्स को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए टेक्नोलॉजी को उन्नत करने की जरूरत है। आईपीएम ने अन्य उद्योगों की तरह ही कागज उद्योग के लिए भी टेक्नोलॉजी को उन्नत करने की दिशा में सरकार से सहयोग की मांग पर जोर दिया है। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि पल्प एवं पेपर मिल्स की क्षमता बढ़ाने और टेक्नोलॉजी को अपग्रेड करने के लिए बड़े निवेश की आवश्यकता है।

राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में होगा कंप्यूटर व बुनियादी केंद्र का निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पलवल के छात्रों को बेहतर शिक्षा देने के लिए स्कूल में लाखों की लागत से लाइब्रेरी, बुनियाद केंद्र और कंप्यूटर लैब का निर्माण किया जा रहा है।

इनके बनने के बाद इस स्कूल के छात्र निजी स्कूलों की तर्ज पर स्कूल में ही अच्छी व रोजगार देने वाली शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। नए सत्र से पहले इन तीन कमरों का निर्माण करके स्कूल को सौंप दिया जाएगा। इसके लिए सर्व शिक्षा अभियान की तरह से दिन रात कार्य किया जा रहा है। पलवल के राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में शिक्षा विभाग की तरह स्कूली बच्चों को रोजगार दिलाने वाली शिक्षा देने के लिए स्कूल में लाइब्रेरी कक्ष, कंप्यूटर कक्ष व बुनियादी केंद्र के निर्माण पर 40 लाख की लागत आएगी। इनके बनने के बाद बच्चों के लिए लाइब्रेरी में रोजगार दिलाने वाली पुस्तकें रखी जाएंगी। जिनको पढ़कर बच्चे आगे अच्छी नौकरी

प्राप्त कर सकें। कंप्यूटर कक्ष बनने के बाद इसमें नए व बेहतरीन कंप्यूटर रखे जाएंगे। जिन पर शिक्षा लेकर बच्चे आगे देश व विदेश में नौकरी पा सकें। बुनियादी केंद्र में स्कूली बच्चों के लिए बच्चों की नींव को बेहतरीन बनाने के लिए खेल, विज्ञान व दूसरी शिक्षा छटी कक्षा से ही दी जाएगी। जिससे बच्चों की बुनियाद बेहतर हो सके। जिससे आगे चलकर वे खेल, शिक्षा व दूसरी एक्टीविटी में स्कूल का नाम आगे तक ले जा सकें। इनका निर्माण करने का उद्देश्य विदेशी तर्ज पर अच्छी शिक्षा देना है। जिससें वे देश व विदेश में क्षेत्र का नाम चमका सकें।

स्कूल में कंप्यूटर कक्ष, लाइब्रेरी कक्ष व बुनियादी केंद्र नहीं होने की वजह से स्कूली बच्चों को आधुनिक शिक्षा नहीं मिल पाती थी। अब इनके बनने के बाद बच्चे निजी स्कूली की तर्ज पर शिक्षा लेकर आगे अपना रोजगार शुरू कर सकेंगे।

-सौरव कुमार, छात्र

राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पलवल में लगभग 40 लाख रुपये की लागत से लाइब्रेरी, कंप्यूटर कक्ष व बुनियादी केंद्र बनाया जा रहा है। जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सके।

-विनीत सैनी, उपमंडल अभियंता, सर्व शिक्षा अभियान

सेंट कोलंबस विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव समारोह

बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल व महिमा चौधरी ने की शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

विद्यालय की वार्षिक उन्नति का लेखा-जोखा करने, विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने एवं अभिभावकों के समक्ष विद्यार्थियों की छुपी हुई प्रतिभा सांझा करने के लिए सेंट कोलंबस विद्यालय, दयाल बाग, फरीदाबाद में प्रतिवर्ष वार्षिकोत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया जाता हैं। इस वर्ष विद्यालय के 20वें वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में संपूर्ण विद्यालय के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता निभाकर, अनेकानेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शक दीर्घा को अभिभूत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश आर्य कमिश्नर ऑफ पुलिस फरीदाबाद, सम्मानित अतिथि शिखा एचसीएस ज्वाइंट कमिश्नर एमसीएफ, अमित मान एचसीएस सब डिवीजन मजिस्ट्रेट, बड़खल, यशिका यादव जज फैमिली कोर्ट, फरीदाबाद, सुरेश चंद्र चेयरमैन- ग्रैंड कोलंबस स्कूल, एसएस गुस्सैन स्टेट प्रेसिडेंट, एचपीएससी, स्पोर्ट स्टार ऑफ द नाइट निर्मल तंवर भाटी कैप्टन, इंडियन वॉलीबॉल टीम, स्टार ऑफ द नाइट- अमीषा पटेल बॉलीवुड अभिनेत्री व महिमा

चौधरी बॉलीवुड अभिनेत्री ने शोभा बढ़ाई। सभी गरिमामयी अतिथिगण की उपस्थिति अभिभावकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अध्यक्ष ऋषि चौधरी व श्रीलेखा वीएमजी ने अतिथियों को पौधे प्रदान कर उनका स्वागत किया। सायंकाल में आरंभ हुए इस समारोह में लगभग 10 हजार लोगों ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय की छात्रा वैष्णवी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें विद्यालय की शैक्षणिक तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं उनमें प्राप्त उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। वार्षिक रिपोर्ट के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम के कारवां की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। नर्सरी कक्षा के नन्हें कोलंबियंस ने रेनचेरो डांस से दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सनातन संस्कृति एवं संक्षिप्त रामायण का विहंगम दृश्य देखकर दर्शक दीर्घा भाव विभोर एवं नत मस्तक थी। शिव तांडव स्त्रोतम पर कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने आश्चर्यचकित कर देने वाली प्रस्तुति देकर जन मानस को चमत्कृत कर दिया। विद्यार्थियों ने जबरदस्त योगा का प्रदर्शन कर स्वास्थ्य के प्रति चेतना भी जागृत की। माता-पिता की महत्वता, नैतिक मूल्यों का विकास व फूलकुमारी नामक कहानी के माध्यम से देश के भावी कर्णधारों ने अपनी संकल्प शक्ति की बुलंद आवाज को जनता के समक्ष प्रस्तुत कर उन्हें सम्मोहित किया। इसके अतिरिक्त छठ पूजा, पंजाबी, हरियाणवी, राजस्थानी, वेस्टर्न डांस देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। अखंड भारत, आत्मनिर्भर भारत, चंद्रयान तथा सोशल मीडिया- कलयुगी रावण जैसे गंभीर मुद्दों को मंच पर जीवंत कर विद्यार्थियों ने विकसित भारत की तरफ बढ़ते अपने कदमों का प्रदर्शन किया। इंद्रधनुषी रंगों से सराबोर हर दिल अजीज सदाबहार ग्रैंड फिनाले में छोटे-बड़े सभी कोलंबियंस का एक साथ मंच पर एकत्रित होना, आत्मविश्वास एवं संगठनात्मक अभिरुचि का परिचायक था। इस अवसर पर सांता क्लॉज ने सभी को क्रिसमस और नववर्ष की अग्रिम बधाई प्रदान की।

पीएनडीटी के नियमों का सख्ती से पालन करने की दी हिदायत

पलवल। जिला सलाहकार समिति पीएनडीटी की मासिक बैठक सिविल सर्जन पलवल के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, नागरिक अस्पताल पलवल की ग्यानाकोलोजिस्ट डॉ. कृतिका तंवर, पिडियाट्रिक्स डॉ. वासुदेव, माइक्रोबायोलोजिस्ट डॉ. सरफराज, सोमार्थ इन्क्लेन एनजीओ से मोहन, पलवल डोनर्स क्लब से अल्पना मित्तल मौजूद रहे।

पीएनडीटी बैठक में मेडिस्केन डायग्नोसिस पलवल की नई मशीन खरीदने व पुरानी यूएसजी मशीन को कमरा नंबर-1 से बदलकर बेसमेंट में शिफ्ट करने व उटावड में हथीन रोड पर स्थित न्यू मेवात अल्ट्रासाउंड सेंटर का यूएसजी का टाइम सुबह 8.30 बजे से दोपहर एक बजे तक करने के बारे में विचार-विमर्श किया गया। एशियन क्लीनिक का पता रसूलपुर चौक पर स्थित एक्सिस बैंक प्लॉट नंबर-1086 से बदलकर दिल्ली-मथुरा रोड पर एचडीएफसी बैंक के नजदीक शिव कॉलोनी पलवल में करने व डॉ. दिवाकर का नाम जोड़ने तथा डॉ. अजीत प्रताप का नाम हटाने के बारे में विचार-विमर्श किया गया। पहिल अल्ट्रासाउंड सेंटर पलवल का पता तहसीलदार राजपूत धर्मशाला तालाब चौक हसनपुर से बदलकर बाबरी मोड ओल्ड जीटी रोड होडल करने बारे विचार विमर्श किया गया व रूटीन चेकिंग में समय-समय पर सभी निजी अस्पतालों, क्लीनिक, नागरिक अस्पताल को उनकी कमियों व सभी चिकित्सकों को यह हिदायत दी कि वे पीएनडीटी का कार्य नियमानुसार सुचारु रूप से कार्य करें।

शादी से चार दिन पहले युवक लापता

कार्ड बांटने के लिए घर से निकला था, लैब टेक्नीशियन का काम करता था

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

शादी से चार दिन पहले युवक लापता हो गया। वह घर से ऑफिस के लिए निकला था, लेकिन उसके बाद वह वापस नहीं आया। जिसको लेकर परिजन परेशान हैं। युवक जॉनी कश्यप गांव करनेरा का रहने वाला है।

जॉनी लैब टेक्नीशियन का काम करता है। वह चार दिसंबर को घर से निकला था और अभी तक उसका कुछ आता पता नहीं है। जॉनी की मां लक्ष्मी ने बताया कि वह चार नवंबर की सुबह घर से यह कह कर गया था कि वह काम पर जा रहा है। वहां उसकी मीटिंग है और उसको अपने कुछ दोस्तों को कार्ड भी देने हैं, लेकिन जब वह 11 बजे तक घर नहीं लौटा तो उसके मालिक को फोन किया।मालिक ने उन्हें बताया कि जॉनी काम पर ही नहीं आया। उसके बाद उसे ढूंढना शुरू किया, लेकिन उसकी कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पांच दिसंबर को एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद भी अभी तक कुछ पता नहीं लगा। इस पर बुधवार को परिजन एसीपी कार्यालय पहुंचे।

वहां पर उन्होंने एसीपी से मुलाकात की और उनसे आग्रह किया कि जल्द से जल्द उनके बेटे को ढूंढा जाए। उसकी सात नवंबर को लगन सगाई है और आठ नवंबर को शादी है। एसीपी ने आश्वासन दिया कि एक टीम गठित कर कर दी जाएगी।

अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का मिलेगा सीधा लाभ : दीपक मंगला

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ स्कीमों का लाभ देना सरकार की प्राथमिता है। सरकार का उद्देश्य है कि अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को भी सरकारी की प्रत्येक योजना का लाभ सीधा पहुंचे, इसी मकसद को पूरा करने के लिए सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम को आरंभ किया है। विधायक दीपक मंगला गांव धतीर में संकल्प यात्रा के स्वागत में आयोजित किए गए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उनके साथ ब्लॉक समिति पलवल के चेयरमैन भगत सिंह घुघेरा, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में एलईडी वैन जिला के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में लोगों के बीच जाकर सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत करवा रही हैं। इसके साथ ही जिला प्रशासन की

ओर से विभाग भी सरकारी सेवाओं व योजनाओं की पहुंच लोगों तक बनाने और सरकार की सेवाओं व योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को उसके घर द्वार पर देने के लिए विभाग संकल्प यात्रा के साथ अपनी-अपनी स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं से अवगत करवाने के संग उन्हें मौके पर ही लाभान्वित भी कर रहे हैं। इस मौके पर विधायक दीपक मंगला ने ग्रामवासियों को विकसित व आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपना हर संभव योगदान देने का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा लगाई गई नमो दीदी ड्रोन की उडान का परिक्षण करने के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा लोगों को लाभ देने के लिए लगाई गई स्टॉलों पर

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के दिखाई दे रहे हैं सकारात्मक प्रभाव

जाकर अवलोकन कर जानकारी भी हासिल की। संकल्प यात्रा में एलईडी वैन पर बच्चों, ग्रामीण महिलाओं व बुजुर्गों और युवाओं को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर व विकसित बनाने के शुभ संदेश को भी दिखाया व सुनाया जा रहा है। इसके अलावा एलईडी के माध्यम से ही केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों की सक्सेस स्टोरी को भी दर्शाकर उनके विचारों को जनता के साथ सांझा किया जा रहा है, ताकि लोग सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित होवें। यह रथ यात्रा जिला के गांव अतरचटा, ततारपुर व असावटी में ग्रामवासियों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें योजनाओं का लाभ मौके पर ही देने के लिए पहुंची।

बेहतर चिकित्सा सेवा देने वाली महिलाओं को पुरस्कार से सम्मानित किया

अमृता अस्पताल की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

अमृता अस्पताल के पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी विभाग की प्रोफेसर और एचओडी डॉ. प्रतिभा सिंघी को चिकित्सा और स्वास्थ्य देखभाल में महिलाओं की उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित गायत्री जयपुरिया पुरस्कार सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार भारत में बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजी और न्यूरोडेवलपमेंट के क्षेत्र को विकसित करने और कार्यस्थल के अंदर और बाहर महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम करने के लिए उनके असाधारण योगदान की मान्यता में है।

अपने व्यापक मौलिक शोध के कारण डॉ. सिंघी को कई शोध पुरस्कार प्राप्त हुए हैं और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए द्वारा किए गए एक अध्ययन में उन्हें दुनिया के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में सूचीबद्ध किया गया है। वह सेरेब्रल पाल्सी और ऑटिज्म सहित विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए अपने कर्तव्य से

ऊपर जाकर काम किया है। उन्होंने घरेलू पुनर्वास प्रणाली बनाई और सैकड़ों पेशेवरों, अर्ध-पेशेवरों और सामुदायिक कार्यकर्ताओं को सिखाया कि कम उम्र में विकास संबंधी समस्याओं वाले बच्चों की पहचान कैसे करें और उनकी मदद कैसे करें।

डॉ. सिंघी ने इस अवॉर्ड के बारे में बात करते हुए कहा, मैं खुश और विनम्र दोनों हूं, और सीताराम जयपुरिया फाउंडेशन की बेहद आभारी हूं। यह सम्मान मुझे नए उत्साह और जुनून के साथ अपना काम जारी रखने के लिए और प्रेरणा देगा। यह युवा डॉक्टरों को अनुसंधान, संस्थान निर्माण में उत्कृष्टता हासिल करने और अपने मरीजों को करुणामयी देखभाल प्रदान करने के लिए प्रेरित करेगा। ये वार्षिक पुरस्कार सम्मानित स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को चिकित्सा क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों और चिकित्सा नेतृत्व में उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए स्वीकार करते हैं और सम्मानित करते हैं, जो समग्र रूप से समाज की बेहतरी में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

सीताराम जयपुरिया फाउंडेशन के सचिवालय से उन्हें संबोधित एक संदेश में कहा गया है कि फाउंडेशन डॉ. सिंघी को एक जीवन रक्षक के रूप में सलाम करता है जो देश भर के डॉक्टरों और महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजी के क्षेत्र में उनके अपार योगदान और चिकित्सा के क्षेत्र में मौलिक योगदान को मान्यता देता है।

डॉ. सिंघी के शोध ने बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजी के क्षेत्र में दिशानिर्देश तैयार करने के लिए वैज्ञानिक प्रमाण प्रदान किए हैं और न्यूरोसिस्टीसर्कोसिस, सीएनएस संक्रमण, ऑटिज़्म और सेरेब्रल पाल्सी वाले बच्चों के प्रबंधन में आदर्श परिवर्तन किए हैं। यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ और वर्ल्ड बार्क में उनकी विशेषज्ञता और सलाहकार भूमिकाओं ने बाल विकास और प्रारंभिक बचपन की शिक्षा के लिए नीतियां बनाने में मदद की है। उन्होंने इंटरनेशनल चाइल्ड न्यूरोलॉजी एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में वैश्विक नेतृत्व में भी अपनी पहचान बनाई है।डॉ. सिंघी ने दिल्ली में एक समारोह के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे की विशिष्ट अतिथि के रूप में पुरस्कार प्राप्त किया। बेंद्रे, जो कैंसर से पीड़ित थीं, ने मेडिकल प्रोफेशन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉक्टरों ने उन्हें जीवन जीने का दूसरा मौका देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सीताराम जयपुरिया फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक जयपुरिया ने देश में डॉक्टरों द्वारा किए गए अमूल्य योगदान और बलिदान को रेखांकित किया।

शिविर में विद्यार्थियों को बताया योग का महत्व

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल व योग समिति रहराना के तत्वावधान में योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में ग्रीनवुड कॉन्वेंट स्कूल रहराना तहसील पलवल में योग विज्ञान एवं चिकित्सा शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र राणा ने की तथा संयोजन रवि कुमार बैसला ने किया। शिविर के दौरान योगाचार्य गुरमेश सिंह ने योगासन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम, योगिग, जॉगिंग, आहार दिनचर्या के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई तथा योगासन में वृक्षासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन, उत्कटासन, पद्मासन, सुप्त वज्रासन, मंडूकासन, पवनमुक्तासन, चक्रासन, धनुरासन, सर्वांगासन, भुजंगासन, कल्याणआसन, एक पद सिंकदासन, पक्षीआसन का प्रशिक्षण दिया। सूक्ष्म व्यायाम में स्कंध चालन कटी चालन फिंगर चालन, गिरवा चालन, सर्वाइकल उपचार के लिए तथा ज्वाइंट्स, जोड़ों का दर्द के लिए विशेष व्यायाम कराए गए। प्राणायाम में भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, नाड़ीशोधन, उदगीद, भ्रामरी, ओमजाप व ध्यान योग भी कराया गया। इस अवसर पर मिट्टी, पानी, धूप, हवा से होने वाले उपचार की विस्तृत जानकारियां दी गई। इस योग सत्र में नरेंद्र राणा, राकेश शर्मा, संदीप रावत, रवि कुमार बैसला, संजय, कमलेश, यशिका, भारती, शीतल, करुणा, अंजुम, निशा, पूनम आदि ने भी शिविर के दौरान लाभ उठाया।

संक्षिप्त समाचार

स्कूल में जर्सी वितरण कार्यक्रम आयोजित

पलवल। हर वर्ष की भांति मानव सेवा समिति पलवल ने इस वर्ष का पहला जर्सी वितरण कार्यक्रम सराय स्थित गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया। जिसमें समिति की तरफ से जरूरतमंद छात्राओं को 150 जर्सी एवं 150 जुराबे दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुकेश मित्तल ने अपनी पत्नी वीना मित्तल एवं भतीजे विकास मित्तल के साथ अपने स्वर्गीय माता-पिता की स्मृति में मानव सेवा समिति की तरफ से यह कार्यक्रम आयोजित किया। स्कूल के बच्चों ने ढोल नगाड़े के साथ बहुत ही सुंदर तरीके से मानव सेवा समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया। धनराज तेवतिया के मंच संचालन एवं स्कूल की प्रिंसिपल सरला रावत के साथ पूरे स्टाफ ने बहुत ही जोर-शोर से सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। समिति की अध्यक्षा सीता वर्मा ने बताया कि अभी आगे और भी स्कूलों में, जहां जूते की और जर्सी की, जिस भी तरह की जरूरत होगी, समिति आगे भी अपने कार्यक्रम जारी रखेगी। कार्यक्रम में समिति की ओर से भगवत स्वरूप सिंगला, बंशीधर मखीजा, अर्जुन विरमानी, गुलशन गोयल, जयश्री जिंदल, सुशीला निगम, राजेश अरोड़ा, संगीता गर्ग, यतिन कालड़ा एवं भारती गोयल उपस्थित रहे।

ब्लैकमेल कर छात्रा से दुष्कर्म, अदालत ने 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई

फरीदाबाद। युवती को ब्लैकमेल कर कई साल तक शारीरिक शोषण करने के आरोपी को दोषी करार देते हुए जिला अदालत ने 20 साल कैद और ढाई लाख जुर्माना की सजा सुनाई है। मामला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ज्योति लांबा की अदालत में चल रहा था। दोषी दूर के रिश्ते में पीड़िता का चाचा लगता है।17 फरवरी 2019 को सेक्टर-16 महिला थाने में ओल्ड फरीदाबाद निवासी 22 वर्षीय युवती ने दी शिकायत में बताया उनके दूर के रिश्ते में चाचा लगने वाला प्रवीन सचदेवा घर के पास ही रहता था। मूल रूप से प्रवीन गुरुग्राम खांडसा रोड कर रहने वाला है और यहां प्रापर्टी डीलर का काम करता था। साल 2015 में पीड़िता बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा थी। आरोपी उसे कार सिखाने और कॉलेज छोड़ने के बहाने घर से ले जाता था। इस दौरान छात्रा को बहलाकर आरोपी गलत हरकत करने लगा। 15 मई 2015 को प्रवीन उसे अपने दोस्त के घर ले गया और शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद अक्टूबर 2017 को भी दोस्त के घर ले जाकर संबंध बनाए विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। 15 फरवरी 2019 को पीड़िता के घर में जागरण का आयोजन किया गया था। आरोपी भी वहां मौजूद था। कार्यक्रम के दौरान आरोपी शराब के नशे में पीड़िता का पकड़ कर कमरे में ले जाने लगा। परेशान होकर पीड़िता ने सभी बातें परिजनों को बता दी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। मंगलवार को न्यायाधीश ज्योति लांबा की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

बड़खल मेट्रो स्टेशन के पीछे साफ सफाई की दरकार

फरीदाबाद। कई मेट्रो स्टेशन के आसपास साफ सफाई की व्यवस्था है एवं स्वच्छ वातावरण बना हुआ है। किंतु सबसे ज्यादा दुर्गति बड़खल मेट्रो स्टेशन के पीछे है। जहां पर गंदगी और गंदे पानी का जमावड़ा सदैव बना रहता है। विभिन्न संक्रामक बीमारियों के रोगाणु वातावरण में पनप रहे हैं। शौचालय महज शोपीस बने हुए हैं एवं दुर्दशा ग्रस्त हैं। बड़खल मेट्रो स्टेशन सेक्टर-19 क्षेत्र में बना हुआ है। यहां आरडब्ल्यूए ने भी इस समस्या के प्रति उदासीनता बढ़ती हुई है। किंतु साफ-सफाई की तवज्जो नगर निगम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण एवं मेट्रो प्रशासन द्वारा नहीं की जा रही है। सेक्टर 21-ए के समाजसेवी युगल किशोर शर्मा के अनुसार हजारों लोग प्रतिदिन बड़खल मेट्रो स्टेशन से आवागमन करते हैं। स्टेशन की साइड में भी रास्ता उखड़ा व टूटा हुआ पड़ा है। रात के समय भी अंधेरा रहता है। ऊबड़ खाबड़ रास्ते से मेट्रो स्टेशन जाने में चोट लगने का खतरा बना रहता है। मेट्रो अथॉरिटी से अपेक्षा है कि प्रशासन से तालमेल बिठाकर बड़खल मेट्रो स्टेशन के पिछवाड़े में वातावरण स्वच्छ करवाने का प्रयास करें। अधिकृत पार्किंग की व्यवस्था करने के लिए संभावित विकल्पों पर मेट्रो अथॉरिटी यथासंभव प्रयास करें।

एलआर कॉलेज की छात्रा ने किया नाम रोशन

फरीदाबाद। पंडित एलआर कॉलेज ऑफ फार्मेसी कबूलपुर बांगर बल्लभगढ़ फरीदाबाद की बी-फार्मा तृतीय सेमेस्टर की छात्रा पलक मदान ने जुलाई 2023 की परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हरियाणा व पंडित बीडी शर्मा विश्वविद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले भी द्वितीय सेमेस्टर में पलक मदान ने पंडित बीडी शर्मा विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। पंडित एलआर ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशंस के चेयरमैन पंडित लखमीचंद भारद्वाज, निदेशक प्रोफेसर आरपी आर्या, प्राचार्य डॉ. रवि मल्होत्रा, उप प्राचार्य केहर सिंह ने पलक मदान को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य डॉ. रवि मल्होत्रा ने बताया कि बी फार्मा के 75 से भी अधिक कॉलेज और 4000 से भी अधिक छात्र और छात्राओं में से पलक मदान ने प्रथम स्थान प्राप्त करके अपने पिछले साल के द्वितीय स्थान को बेहतर करके कॉलेज व जिला-फरीदाबाद के साथ- साथ अपने अध्यापकों व माता-पिता का नाम रोशन किया। पंडित एलआर ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशंस ने बहुत कम वर्षो में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इससे पहले पंडित एलआर कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने भी हरियाणा में कई बार टॉप किया है। पलक मदान को विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने पर पंडित एलआर कॉलेज ऑफ फार्मेसी से प्रोफेशर रीना कौशिक, सतबीर सिंह, रिचा शर्मा, हेमंत राणा, मीनाक्षी, पूनम, निधि, बृजेश, प्रगति, कमलेश आदि ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

कार्यकर्ताओं ने मथुरा में दीपदान में भाग लिया

फरीदाबाद। श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा व राष्ट्रीय महा संगठन मंत्री कन्हैया बृजवासी ने कृष्ण जन्मभूमि दीप दान का कार्यक्रम था। सभी लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसमें राष्ट्रीय प्रवक्ता अश्विनी शर्मा, प्रदेश सचिव नरेश ठाकुर, मथुरा के जिला उपाध्यक्ष राहुल गौतम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे और सभी लोगों को हवालात के अंदर बंद किया गया। शौर्य दिवस की उपलक्ष में कुछ लोगों ने कृष्ण जन्मभूमि में दीपदान किया और शांतिपूर्वक शौर्य दिवस मनाने के लिए सभी कार्यकर्ता हजारों की तादाद में इकट्ठे हुए थे।

कांग्रेस की रणनीति

मोदी की सलाह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस को गंभीर सलाह दी है कि वह विधानसभा चुनावों में पराजय से संसदीय कामकाज को प्रभावित न होने दे। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव परिणामों ने विपक्ष व खासकर कांग्रेस को गहरा धक्का दिया है। हिन्दी हृदय क्षेत्र में पराजय से उसकी रणनीति पर सवाल उठते हैं। इसके साथ ही उसकी कमजोरी के संसद के शीत सत्र में कामकाज पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर चिन्ता है। इस पराजय से कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक अभियान रणनीतियों तथा नेतृत्व की पसंद पर सवाल उठा रहे हैं। परिणामों की घोषणा के फौरन बाद संसद का शीत सत्र शुरू हुआ जो राजनीतिक परिदृश्य में कांग्रेस की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए महत्वपूर्ण है। वह अव्यवस्था, बहिर्गमन, नारेबाजी के साथ संसदीय कार्यवाही में बाधा पैदा कर सकती है। इस पराजय से कांग्रेस सदस्यों का उत्साह क्षीण हो सकता है जिसका परिणाम उसकी कतारों में संभावित विभाजन व गुटबाजी हो सकता है। कांग्रेस की परेशानी इससे और बढ़ी है कि तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी तथा समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव ने घोषणा कर दी कि उनकी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिार्जुन खड़गे द्वारा अपने आवास पर बुलाई 'इंडिया' की अखिल-भारतीय बैठक में भाग लेने की कोई इच्छा नहीं है। ये नेता पहले ही कांग्रेस से नाराज थे क्योंकि उसने राज्य विधानसभा चुनावों की घोषणा जारी होने के बाद से ही 'इंडिया' समूह के सदस्यों के साथ सीट-साझा बैठकों में शामिल होने की अनिच्छा प्रदर्शित की थी क्योंकि वह चुनावों पर ज्यादा ध्यान देना चाहती थी। इसके परिणामस्वरूप अंतत: 'इंडिया' की प्रस्तावित बैठक टाल दी गई।

प्रमुख विपक्षी पार्टी के रूप में कांग्रेस से उम्मीद की जाती है कि वह सदन में चर्चा, बहस व विधायी एजेंडे को स्वरूप देने तथा विपक्षी समूह को आगे बढ़ाने में प्रमुख भूमिका अदा करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव के पश्चात उत्तेजनापूर्ण माहौल के बावजूद संसद में संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। इसमें रचनात्मक बहस की आवश्यकता रेखांकित की गई है। उन्होंने सरकार की नीतियों में सकारात्मक व रचनात्मक सुधार के सुझावों का स्वागत किया है। ऐसे में अच्छा होगा कि कांग्रेस चुनाव परिणामों के लिए व्यवस्था में गलतियां तलाशने या भाजपा पर दोषारोपण करने के बजाय अपने भीतर झांक कर देखे। आश्चर्यजनक लगने वाले चुनावी नतीजे के बाद मोदी ने विपक्षी सांसदों को सलाह दी है कि वे अपना गुस्सा संसद में न निकालें। आत्मनियंत्रण की यह सलाह ऐसे समय आई है जब माहौल में तनाव बहुत अधिक है तथा कामकाज में व्यवधान की आशंका है। संसदीय कार्यवाही में एक गरिमापूर्ण व रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह संसद की गरिमा बनाए रखने तथा देश की प्राथमिकताओं पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए जरूरी है। यह भाजपा समेत सभी राजनीतिक पार्टियों की जिम्मेदारी है कि वे अपने संकुचित दलीय हितों से ऊपर उठ कर राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दें। विधानसभा चुनाव परिणाम एक-दूसरे से टकराव के बजाय सभी पक्षों के लिए आत्मावलोकन, सुधार तथा परिवर्तन के प्रेरक बनने चाहिए। उन्हें सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी देशवासियों का समग्र विकास सुनिश्चित हो। यह सत्र कांग्रेस को एक अवसर देता है कि वह अपनी रणनीति व नेतृत्व की समीक्षा कर मतदाताओं से ज्यादा गंभीरता के साथ जुड़ने का प्रयास करे। संसद का शीत सत्र भविष्य में विकास का स्पष्ट दृष्टिकोण सामने रख कर विपरीत स्थितियों में दृढ़ता एवं लचीलापन प्रदर्शित कर सकता है।

निजीकरण में नौकरशाही की बाधा

अनुमतियों व नौकरशाही की लाल-फीताशाही की लंबी व जटिल प्रक्रियाओं के कारण सरकार द्वारा सीपीएसयू के शेयर इच्छित निवेशकों को बेचने में बाधा आती है।

उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-सीपीएसयू में केन्द्र सरकार के शेयर बेच कर 51,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने का लक्ष्य रखा था। लेकिन उपलब्ध संकेतों के अनुसार, सरकार के इस लक्ष्य में 30,000 करोड़ रुपये की कमी की आशंका है। आईडीबीआई बैंक व राज्य स्वामित्व वाली एनएमडीसी स्टील के विनिवेश लक्ष्य में भारी कमी की आशंका है। आईडीबीआई के मामले में यह विलम्ब संभावित खरीदारों को भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई की निगरानी प्रक्रिया में देरी के कारण पैदा हुआ है। एनएमडीसी स्टील की बिक्री छत्तीसगढ़ में चुनाव के कारण बाधित हुई है जहां कंपनी का मुख्य प्लांट स्थित है। वर्तमान वित्त वर्ष में बिक्री में यह कमी 2015-16 से जारी उस प्रवृत्ति के कारण है जब मोदी सरकार ने 'रणनीतिक' बिक्री के माध्यम से विनिवेश की शुरुआत की थी।

इसका अर्थ है कि सरकार सीपीएसयू में निजीकरण के माध्यम से अपनी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से कम करना चाहती है। 2017-18 व 2018-19 के दो सालों में वास्तविक प्राप्तियां लक्ष्य से अधिक रही हैं, लेकिन इन दो सालों को छोड़ कर बाकी 6 सालों में लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सका है। 2017-18 और 2018-19 में भी सरकार मुख्यत: दो बड़ी बिक्रियों के कारण सीपीएसयू में विनिवेश का अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकी। उसने हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-एचपीसीएल में अपने 51.11 प्रतिशत शेयर 2017-18 में आयल एंड नेचुरल गैस कार्पोरेशन-ओएनजीसी को बेचे जिनसे 37,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। इसके साथ ही उसने ग्रामीण विद्युतीकरण निगम-आरईसी में अपने 52.63 प्रतिशत शेयर 2018-19 में पावर फाइनेंस कार्पोरेशन-पीएफसी को बेचे जिनसे 13,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। इन बिक्रियों को रणनीतिक नहीं कहा जा सकता है क्योंकि खरीदार एक अन्य सीपीएसयू था और सरकार का विनिवेशित उद्यम पर प्रभावी स्वामित्व बना रहा।

शेयरों की बिक्री से प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित करने का कोई औचित्य नहीं है। इसका कारण यह है कि निश्चित रूप से प्राप्त होने वाले कर राजस्व के उलट यही बात विनिवेश के बारे में नहीं कही जा सकती है। इस मामले में काफी कुछ बाजार की स्थितियों पर निर्भर करता है। इसमें खासकर निवेशकों का दृष्टिकोण महत्व है जो शेयर-बिक्री वाली कंपनी के बारे में होता है। जिन मामलों में रणनीतिक बिक्री निर्धारित की जाती है, वहां सरकार को उपयुक्त बाजार से बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि इसके लिए बहुत अमीर बोलीकर्ताओं की जरूरत होती है। अनुमतियों व नौकरशाही लाल-फीताशाही की लंबी व जटिल प्रक्रिया के कारण सरकार द्वारा उचित समय पर कार्रवाई करना कठिन होता है। इसका अर्थ ऐसे समय से है जब रणनीतिक निवेशक अपनी बोली में पैसा लगाने के लिए तैयार हों।

नीति आयोग विनिवेश वाली कंपनियों की पहचान करता है इसके बाद इस पर विनिवेश सचिवों का कोर ग्रुप-सीजीडी विचार करता है। यह अपने आप में लंबी प्रक्रिया है क्योंकि इसके बाद वैकल्पिक व्यवस्था-एएम में मामला जाता है। यहां मंत्रियों का एक समूह अनुमति देता है जिसमें वित्त मंत्री, सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री, प्रशासनिक सुधार, आदि शामिल हैं। एएम की सहमति के बाद निवेश एवे सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग-दीपम आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति-सीसीईए की सैद्धान्तिक सहमति के लिए प्रस्ताव तैयार करता है। ये सारी अनुमतियां समय खर्च करने वाली प्रक्रियायें हैं और जब तक ये प्रक्रियायें पूरी होती हैं, बाजार परिदृश्य विपरीत हो सकता है। मूल रूप से सरकारी शेयरों का पीएसयू में विनिवेश परिसंपत्तियां बेचने के समान है। इसलिए उनसे प्राप्त धनराशि को 'पूंजी प्राप्तियां'-सीआर ही कहा जा सकता है। बजट तैयार करते समय इस स्रोत से होने वाली प्राप्तियों को उसी प्रकार स्रोत के रूप में दर्ज करना उचित नहीं कहा जा सकता है जिस प्रकार राजस्व प्राप्तियां-आरआर होती हैं। ये दिन-प्रतिदिन बिजनेस गतिविधियों से प्राप्त होती हैं, जैसे सरकारी शेयरों पर मिलने वाला डिविडेंट। सरकार को बजट प्रस्तुत करने के समय इनका प्राविधान करने के बजाय सीपीएसयू में शेयरों का 'वास्तविक' विनिवेश होने पर ही इनको प्राप्तियों के रूप में दर्ज करना चाहिए। बजट प्रक्रिया से अलग करने के बाद सीपीएसयू का विनिवेश एक स्वतंत्र गतिविधि बन जाएगी जिसे व्यापक सिद्धान्तों के आधार पर निर्देशित किया जा सकता है। 2021-22 का बजट पेश करते समय सरकार ने सीपीएसयू को दो व्यापक श्रेणियों में बांटा था-रणनीतिक व गैर-रणनीतिक। रणनीतिक समूह में नाभिकीय ऊर्जा, अंतरिक्ष एवं रक्षा, परिवहन व दूरसंचार, बिजली, पेट्रोलियम, कोयला व अन्य खनिज तथा बैंकिंग, बीमा व वित्तीय सेवायें शामिल थीं। गैर-रणनीतिक क्षेत्रों में अन्य सभी क्षेत्र शामिल थे, जैसे औद्योगिक व उपभोक्ता वस्तुयें, होटल एवं पर्यटन सेवायें, व्यापार और मार्केटिंग। जहां सरकार रणनीतिक क्षेत्र में सीपीएसयू की बिक्री इस शर्त के साथ करना चाहती है कि कम से कम एक अव अधिकाधिक चार उद्यम सार्वजनिक क्षेत्र में रहें, वह गैर-रणनीतिक क्षेत्रों में 'सभी' उद्यमों का निजीकरण करना चाहती है। इस प्रकार इस श्रेणी के सभी घाटे वाले उद्यम बंद हो जाएंगे। इस आधार पर वह एक विस्तृत कार्ययोजना पर काम कर रही है जो पूरी तरह ठीक है। लेकिन इस प्रक्रिया में विरासती मुद्दों के कारण बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

उदाहरणार्थ, सार्वजनिक उद्यम विभाग-डीपीई और नीति आयोग ने उर्वरक क्षेत्र में सभी नौ सीपीएसयू के निजीकरण की सलाह दी थी जो रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अंतर्गत आते हैं। लेकिन मंत्रालय ने इसका विरोध किया। उसका कहना था कि उर्वरक पीएसयू पर नियंत्रण समाप्त होने के बाद सरकार इनकी उपयुक्त उपलब्धता सुनिश्चित नहीं कर सकेगी और यह मुद्दा देश के हर क्षेत्र के लिए राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। 2019-20 में योजना बनाने के बावजूद भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-बीपीसीएल की रणनीतिक बिक्री संभव नहीं हो सकी है। इसका प्रमुख कारण यह है कि सरकार पेट्रोल व डीजल के दामों पर नियंत्रण बनाए रखना चाहती है। इसके लिए वह बीपीसीएल समेत तीन तेल मार्केटिंग सीपीएसयू को निर्देश दे सकती है। ऐसे में यदि बीपीसीएल की बिक्री कर दी जाए तो उसकी क्षमता प्रभावित होगी। सरकार चाहती है कि वह रणनीतिक बिक्री के बावजूद 'ड्राइवर सीट' पर बनी रहे। यह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 2019-20 का बजट पेश करने के समय एक बयान से स्पष्ट है। उन्होंने कहा था कि इरादा सीपीएसयू में 'सीधे' 51 प्रतिशत या उससे अधिक शेयर रखने के बजाय ऐसी नीति बनाना है जहां 'प्रत्यक्ष' व 'परोक्ष' रूप से 51 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रखी जाए। इसका एक और उदाहरण पिछले साल वित्त मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश है जिसने अन्य पीएसयू की रणनीतिक बिक्री में सीपीएसयू की सहभागिता पर इस शर्त के साथ रोक लगाई थी कि 'जब तक केन्द्र सरकार द्वारा जनहित में कोई विशिष्ट प्राविधान न किया जाए।' इसका अर्थ है कि सरकार अपनी इच्छानुसार प्राविधान को अनदेखा कर सकती है।

कुल मिला कर अनेक दशकों से सरकार के व्यापक स्वामित्व व नियंत्रण ने नौकरशाही में यह भावना पैदा कर दी है कि वह पीएसयू के प्रबंधन में आदेश देने की अधिकारी है, भले ही ऐसा रिमोट कंट्रोल द्वारा हो। इससे नौकरशाही को शक्ति का अनुभव होता है। हालांकि, मोदी सरकार में चीजों में काफी सुधार हुआ है जिसमें 'नीति संचालित राज्य' तथा 'पारदर्शिता' बढ़ाने पर जोर है, लेकिन मूल भावना अभी बनी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नौकरशाही में व्याप्त यह भावना समाप्त करनी चाहिए। सीपीएसयू की शेयर बिक्री प्रक्रिया को नौकरशाही से मुक्त कर एक होल्डिंग कंपनी-एचसी बनानी चाहिए जहां सीपीएसयू में सभी सरकारी शेयर दर्ज हों। सम्मानित पेशवरों के प्रबंधन में इस होल्डिंग कंपनी को सभी निर्णय लेने की शक्ति मिलनी चाहिए।

परिवर्तनकारी सिद्ध होगी नैसर्गिक खेती

> "हिमाचल प्रदेश में पहियों पर प्राकृतिक उपज परियोजना से पता चलता है कि प्राकृतिक खेती इस क्षेत्र में कृषि पद्धतियों को नया आकार दे सकती है।"

सरिता ब्रारा
(लेखिका, स्वतंत्र पत्रकार हैं)

शिमला के बालूगंज में हिमाचल प्रदेश के कृषि विभाग में एक ट्रक आता है। शिमला के टूटू ब्लॉक के नेरवा गांव से नारीशक्ति महिला कृषि समूह की सदस्य, दो महिलाएं, निर्मला और सुमना देवी, ताजी मौसमी सब्जियां लेकर बाहर निकलती हैं। टमाटर, मूली, फ्रेंच बीन्स और यहां तक कि अमरूद और कीवी जैसे फलों सहित ये सब्जियां, मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा, स्थानीय किसानों के दरवाजे से एक ही दिन में एकत्र की गई हैं।

अपने समूह का प्रतिनिधित्व करते हुए, दो महिलाएं, कृषि विभाग के किसान उत्पादन अधिकारी (एफपीओ) लोकेश भनोट के साथ, सब्जी बाजार या सब्जी मंडी में जाती हैं। भनोट, जिन्होंने पिछली शाम बाजार दरों का सर्वेक्षण किया था, दरों को ब्लैकबोर्ड पर प्रदर्शित करते हैं, और ग्राहक मौके पर ही खरीदारी करते हैं। फिर वाहन एक खजांची के साथ उपज लेकर राज्य सचिवालय परिसर में एक अन्य बिक्री स्थल की ओर जाता है।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर सब्जियों और अन्य उत्पादों को उतारकर व्यवस्थित किया जाता है। कई महिलाएं, ज्यादातर नियमित ग्राहक, पहले से ही इन ताजा, रसायन-मुक्त और स्थानीय रूप से उगाए गए उत्पादों को खरीदने का इंतजार कर रही हैं। नियमित ग्राहक सुनीता कहती हैं, सब्जियां ताजी होती हैं, इनकी शेल्फ लाइफ लंबी होती है, इनका स्वाद बेहतर होता है और महत्वपूर्ण बात यह है कि वे रसायन मुक्त होती हैं, हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं होती हैं। अन्य ग्राहक भी इसी तरह की भावनाएं व्यक्त करते हैं और प्राकृतिक रूप से खेती की गई, अधिक पौष्टिक उपज को प्राथमिकता देते हैं।

ताजी सब्जियों के अलावा, वन क्षेत्रों के उत्पाद, जैसे अन्ना दाना (सूखे अनार के बीज), आंवला (भारतीय करौंदा), कचीना, बौहिनिया वेरिगेट और जंगली शहद भी उपलब्ध हैं। वन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले गाँव लोगों को वन उपज इकट्ठा करने और बेचने की अनुमति देते हैं।

किसानों को एफपीओ द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार भुगतान किया जाता है। बसंतपुर ब्लॉक से एक और पिकअप वैन उस क्षेत्र के गांवों से सब्जियां लाती है, जिससे %पहियों पर प्राकृतिक उपज% परियोजना में भाग लेने वाली महिला किसानों का एक नेटवर्क बनता है। शिमला जिले के तीन ब्लॉक, टोटू, मशोबरा और बसंतपुर को इस पहल के लिए चुना गया था, जिसमें प्राकृतिक खेती करने वाले 8त्न महिलाओं सहित 5,000 किसान शामिल थे। ये सभी छोटे और सीमांत किसान हैं। 20 सदस्यों वाले चार महिला स्वयं सहायता समूह इस पायलट प्रोजेक्ट में शामिल हैं, जिसका उद्देश्य सीधे किसानों के दरवाजे से ताजा उपज खरीदना और इसे हिमाचल प्रदेश सचिवालय और कृषि निदेशालय बोइल्यूगंज, शिमला में बेचना है। इससे बिचौलियों की आवश्यकता कम हो जाती है, जिससे किसानों को उचित बाजार मूल्य मिलना सुनिश्चित होता है।

परियोजना सप्ताह में दो बार संचालित होती है, और इसकी सफलता से ग्राहकों की प्रतिक्रिया के आधार पर आवृत्ति में वृद्धि हो सकती है। किसानों के लिए, यह एक जीत की स्थिति है; उन्हें बिचौलियों के बिना बाजार मूल्य प्राप्त होते हैं, परिवहन लागत उनके बीच साझा की जाती है, और सभी उपज एक ही दिन में बेची जाती है।

एक साल पहले किए गए सर्वेक्षण में प्राकृतिक खेती में लगे क्षेत्रों और किसानों की पहचान की गई थी। किसानों को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम से गुजरना पड़ता है, और उनके उत्पादों को कृषि विभाग द्वारा प्रमाणित और वर्गीकृत किया जाता है। इस वर्ष की शुरुआत में शुरू की गई, %पहियों पर प्राकृतिक उपज% परियोजना प्राकृतिक खेती में कम पैदावार की चुनौती का समाधान करती है। किसान किचन गार्डन मॉडल का उपयोग करके अपनी भूमि के केवल एक हिस्से पर खेती करते हैं, जिससे छोटे भूखंडों पर अधिकतम उत्पादन होता है।

प्राकृतिक खेती, एक रसायन-मुक्त पारंपरिक पद्धति है, जो रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों जैसे बाहरी आदानों से बचते हुए, प्रकृति के नियमों पर निर्भर करती है। यह प्रक्रिया मानवीय हस्तक्षेप को कम करती है, जो इसे जैविक खेती से अलग बनाती है। उपयोग किए जाने वाले कीटनाशक गाय के गोबर, गोमूत्र, लहसुन, लाल मिर्च और छाछ का उपयोग करके किसानों द्वारा तैयार किए जाते हैं।

जबकि जैविक सब्जियां अक्सर महंगी होती हैं, प्राकृतिक खेती के उत्पाद दैनिक उपभोग के लिए अधिक किफायती होते हैं। एक सर्वेक्षण से पता चलता है कि प्राकृतिक खेती से खेती की लागत 46 प्रतिशत कम हो जाती है और मुनाफा 22 प्रतिशत बढ़ जाता है। इसकी तुलना में, जैविक खेती महंगे इनपुट पर निर्भर करती है, जो उच्च बाजार कीमतों में योगदान करती है। प्राकृतिक खेती का सकारात्मक प्रभाव बीमारी की घटनाओं तक फैलता है। प्राकृतिक खेती के बगीचों में स्कैब और मार्सोनिना की घटनाएं रासायनिक खेती की तुलना में काफी कम हैं, जो फसल के स्वास्थ्य में सुधार की क्षमता का सुझाव देती है। परियोजना में शामिल अधिकांश महिलाओं के पास छोटे कृषि भूखंड हैं, जिनमें 6 से 7 बीघे से अधिक जमीन नहीं है। उनके पति आम तौर पर विभिन्न व्यवसायों में काम करते हैं, और प्रत्येक समूह की दो महिलाएं उपज उठाने का प्रबंधन करती हैं।

एक महिला साझा करती है, हम अपना आधा दिन अपने खेतों में या पशुओं के साथ बिताते हैं, बुआई से लेकर कटाई तक का प्रबंधन खुद ही करते हैं। प्रदान की गई पिकअप सेवा उनके लिए परिवहन की चुनौतियों के बिना अपनी उपज बेचना संभव बनाती है। पहियों पर प्राकृतिक उत्पाद परियोजना को सफलता मिली है, उत्पाद तेजी से बिक रहे हैं और मांग लगातार बढ़ रही है। यह एक टिकाऊ मॉडल का उदाहरण है, जो किसानों, उपभोक्ताओं और पर्यावरण को लाभ पहुंचाता है, और क्षेत्र में कृषि प्रथाओं को नया आकार देने के लिए प्राकृतिक खेती की क्षमता को प्रदर्शित करता है।

आप की बात

ईवीएम पर संदेह

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह समेत अनेक विपक्षी नेताओं ने वर्तमान विधानसभा चुनाव परिणामों के बारे में ईवीएम पर संदेह व्यक्त किया है। दिग्गीराजा ने कहा कि मैं 2003 से ही इसका विरोध कर रहा हूं। लेकिन उस समय तो केंद्र और अनेक राज्यों में कांग्रेस की सरकारें थी और उसका वर्चस्व था तो आपकी बात को उसने नजरअंदाज क्यों कर दिया? अब सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग से वे ईवीएम पर विचार कर लोकतंत्र को बचाने की बात कर रहे हैं। लम्बे समय तक ईवीएम द्वारा चुनी हुई कांग्रेस और अन्य पार्टियों की सरकारें चल रही हैं। लेकिन हमेशा विपक्ष जब हारता है तो ईवीएम पर आरोप लगा देता है और जब जीतता है तो चुप रहता है। अन्य राज्यों की तरह तेलंगाना में भी ईवीएम का उपयोग हुआ है तो क्या वहां कांग्रेस ने हैक की है मशीनें? जहाँ विपक्ष का सूपड़ा साफ हो गया है वहां ईवीएम खराब और जहाँ विपक्ष की सरकार बनी वहां ईवीएम अच्छी? यदि विपक्ष अपनी ऊर्जा का सदुपयोग कर सरकार के सही कामों की सराहना और गलत कामों को पटरी पर लाने का प्रयास करता तो आज उसका इतना बुरा हाल नहीं होता। लेकिन वह कोई सबक नहीं सीखना चाहता और जनता उसे लगातार सबक सिखा रही है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

विवादित टिप्पणी

संसद के शीतकालीन सत्र में द्रमुक सांसद सेंथिल कुमार की विवादित टिप्पणी से देश की सियासत गरमा गई है। उन्होंने सदन में कहा, इस देश के लोगों को सोचना चाहिए कि भाजपा की ताकत केवल हिंदी राज्यों में चुनाव जीतना है, जिन्हें हम आमतौर पर गौमूत्र राज्य कहते हैं। इस बयान को केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने सनातनी परंपरा का बहुत बड़ा निरादर बताते हुए कहा कि सनातनी परंपरा और सनातनियों का इस तरह का अपमान देश बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने इस बयान को ओछी मानसिकता करार दिया है। हिंदी राज्यों के खिलाफ द्रमुक नेताओं के घटिया बयान अब बर्दाश्त के बाहर हो रहे हैं। विडंबना है कि अतीत में तमिलनाडु के कद्दावर नेताओं के हिंदी-विरोधी व उत्तर भारत-विरोधी बयानों का कांग्रेस डट कर विरोध करती रही है, लेकिन आज वह तमिलनाडु में चंद वोटों के लिए देश-विरोधी बयानों पर चुप्पी साध लेती है। दक्षिण भारत की आम जनता को भी ऐसे बयानों का मुखर विरोध करना चाहिए क्योंकि वह अपने आम-जीवन में उत्तर भारतीयों से कम कर्मकांडी व सनातनी नहीं है। यह देश की एकता के लिए भी जरूरी है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

मिजोरम का फैसला

मिजोरम की जनता ने यह एक ऐतिहासिक फैसला लेकर 36 सालों से बारी-बारी से जारी एमएनएफ और कांग्रेस का राज समाप्त कर नई पार्टी को अवसर दिया है। मात्र 6 वर्ष पहले बनी राजनीतिक पार्टी ने प्रदेश का राजनीतिक इतिहास बदल दिया है। इस शानदार जीत में ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट-जेडपीएम ने कांग्रेस को चौथे नंबर पर धकेल दिया है। जेडपीएम नेता लालदुहोमा ने 6 छोटो पार्टियों के गठबंधन से इतना क्रांतिकारी परिवर्तन कर दिखाया है। जेडपीएम ने भ्रष्टाचार-मुक्त व अनेक क्षेत्रों में सुधार लाने वाली सरकार का वादा राज्य के मतदाताओं से किया है। इस जीत नें देश के लोगों को सन्देश दिया है कि सफलता के लिए पार्टी का बहुत पुराना होना जरूरी नहीं है। देखना होगा कि लालदुहोमा अपने वादे किस सीमा तक पूरे कर पाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लीक से हट कर एमजेडएन सरकार का पूरा समर्थन करना चाहिए। मिजोरम देश का रणनीतिक रूप से एक महत्वपूर्ण प्रदेश है और पड़ोसी मणिपुर व म्यांमार में अशांति के चलते इसका महत्व और बढ़ गया है। अत: लालदुहोमा को केन्द्र का पूरा समर्थन मिलना चाहिए।

-**बाल गोविंद,** नोएडा

मलाला का आह्वान

तालिबानी हिंसा की शिकार रही मलाला यूसुफ्जई की जान पश्चिमी देशों के प्रयास से बच गयी थी। आज भी वे लैंगिक असमानता एवं भेदभाव के खिलाफ जम कर बोलतीं हैं। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफ्जई ने दुनिया को लगभग दो साल पहले अफगानिस्तान में तालिबान द्वारा महिलाओं और लड़कियों पर थोपे लैंगिक रंगभेद को पहचानने व उसका मुकाबला करने की आवश्यकता बताई है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान में काले दिनों को समाप्त करने के लिए सामूहिक और तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया। यूसुफ्जई को पाकिस्तान में लड़कियों की शिक्षा हेतु संघर्ष के लिए 17 साल की उम्र में 2014 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे सबसे कम आयु वाली नोबेल पुरस्कार विजेता हैं। मलाला यूसुफ्जई ने पाकिस्तान सरकार द्वारा जबरन अपने देश में शरण लिए अफगानियों को निकालने की भी आलोचना की है। इससे उनका जीवन संकट में पड़ जाएगा तथा महिलाओं व बच्चियों को अमानवीय उत्पीड़न का शिकार होना पड़ेगा।

-**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

बाबा साहेब के सपनों को साकार कर रही डबल इंजन सरकार

मुख्यमंत्री ने महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. भीमराव आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में डॉ. आंबेडकर के योगदान को याद किया। सीएम योगी ने बुधवार को सबसे पहले हजरतगंज स्थित अटल चौक पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री विधानसभा मार्ग स्थित डॉ. आंबेडकर महासभा परिसर पहुंचे। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर महामानव थे, जिनके सपनों को साकार करने का कार्य डबल इंजन की सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग समाज को बांटकर देश को कमजोर करने का कार्य कर रहे हैं। हमें ऐसे लोगों से सावधान रहना होगा।

मुख्यमंत्री ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों पर बोलते हुए कहा कि बाबा साहब ने कहा था कि हम सबसे सबसे पहले और सबसे अंत में भारतीय है। आज कुछ लोग भारत को कोसते हैं और भारतीयता का अपमान करते हैं। जातीयता के नाम पर समाज में खाई उत्पन्न करने का काम करते हैं। ऐसे लोग सच मायने में बाबा साहब का अपमान करते हैं। बाबा साहब को भी लालच देने का काम हुआ था मगर बिना झुके और बिना डिगे वे भारत और भारतीयता के लिए काम करते रहे। दुनिया में कहीं भी दबे कुचले समाज को बुलंद करने की बात आती है तो लोगों के दिमाग में बाबा साहब आंबेडकर का नाम आता है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब के सपनों को साकार करने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार अनेक कार्य कर रही है। बाबा साहेब के पंच तीर्थों की स्थापना का कार्य प्रधानमंत्री मोदी ने किया। हमने जाति नहीं बल्कि उसकी आवश्यक्ताओं के आधार पर कार्य किया। 2014 के पहले आवास एक सपना होता था। आज देश के 4 करोड़ लोगों के पास अपना पक्का आवास है। लक्ष्य है कि जो बचे हैं उन्हें भी उपलब्ध कराएंगे। गांव हो या शहर हर दलित, वंचित और गरीब को आवास उपलब्ध कराएंगे। हर घर शौचालय अभियान मैला ढोने की कुप्रथा का उपचार बना। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से कोरोना अगर 2014 से पहले आता तो क्या हम बच पातेए क्योंकि तब की सरकार के पास कोई दृष्टि नहीं थी।

उन्होंने बताया कि 1970 में इन्सेफलाइटिस बीमारी आई, जिसके चलते 40 साल में 50 हजार बच्चों की मौत हुई थी। ये बच्चे दलित और अल्पसंख्यक समाज के थे। आज इस बीमारी को पूरी तरह से नियंत्रित कर लिया गया है। ऐसे ही कोरोना में प्रधानमंत्री ने अपने लीडरशिप में हर योजना की निगरानी की। गरीब को राशन उपलब्ध कराना, फ्री में जांच, उपचार और वैक्सीन उपलब्ध कराया गया। ऐसा पूरी दुनिया में कहीं नहीं हुआ। पहले की सरकार चेहरा देखकर कार्य करती थी। कोई दलित समर्थक होता था कोई दलित विरोधी। जो दलित समर्थक थे वो भी उनके नाम पर रोटी सेंकते थे। कभी कोई मुसहर, वनटांगिया, बहरिया, सहिरया, कोल, चेरो के बारे में नहीं पूछता था। बाबा साहब ने इनके उत्थान के लिए कार्ययोजना बनाने की बात कही थीए मगर 70 साल तक इन्हे वोट देने से भी वंचित रखा गया।

'अंत्योदय' को समर्पित था बाबा साहब का हर कार्य

आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आधुनिक भारत के निर्माण में अविस्मरणीय योगदान देने वाले बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का पूरा जीवन लोकतंत्र की जीवंत पाठशाला है। संविधान शिल्पी, भारत रत्न बाबा साहब का हर कार्य, हर निर्णय 'अंत्योदय' को समर्पित था। ऐसे हुतात्मा को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि।

वैदिक सभ्यता को आत्मसात करने को प्रेरित करेगा अयोध्या में प्रस्तावित श्रीराम अनुभव केंद्र

पायनियर समचार सेवा। लखनऊ

● निर्माण में अस्थाई स्ट्रक्चर का होगा इस्तेमाल, वर्षा ऋतु में कर दिया जाएगा डिसमैंटल

अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के साथ ही योगी सरकार रामनगरी को विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में भी विकसित कर रही है। इसी क्रम में सरयू नदी के पास गुप्तार घाट पर 75 एकड़ में श्री राम अनुभव केंद्र और पंचवटी द्वीप का निर्माण किया जाना भी प्रस्तावित है। पंचवटी द्वीप पर राम अनुभव केंद्र के निर्माण का उद्देश्य भारतीय जन मानस को अपनी वैदिक सभ्यता पर गौरव करने को प्रोत्साहित करना है, ताकि वो इसे अपने दैनिक जीवन में भी आत्मसात करके एक स्वस्थ व सुखी जीवनयापन कर सकें।

प्रस्ताव के अनुसार राम अनुभव केंद्र के निर्माण के लिए अस्थाई स्ट्रक्चर का इस्तेमाल किया जाएगा। वर्षा ऋतु में इन टेंपरेरी स्ट्रक्चर को डिसमैंटल कर दिया जाएगा एवं इस दौरान श्री राम अनुभव केंद्र का संचालन नहीं किया जाएगा। सरयू नदी के निकट होने के कारण योगी सरकार ने बाढ़ सुरक्षा और प्रबंधन के तहत प्रणाली विकसित करने पर जोर दिया है।

उल्लेखनीय है कि एक हजार एकड़ में फैले पंचवटी द्वीप में 75 एकड़ पर राम अनुभव केंद्र के निर्माण का प्रस्ताव है। वर्षा ऋतु के अलावा पंचवटी द्वीप के आसपास नदी का जल स्तर भूमि के लेवल से लगभग 12 फीट नीचे रहता है। इसी वजह से वर्षा ऋ तु में बाढ़ की आशंका के चलते श्रीराम अनुभव केंद्र का संचालन नहीं किया जाएगा, जिससे बाढ़ का प्रभाव केंद्र पर नहीं होगा। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने हाल ही में एक उच्चस्तरीय बैठक में निर्माण से जुड़ी एनओसी के लिए अपनी संस्तुति प्रदान कर दी है। प्रस्ताव के अनुसार पंचवटी द्वीप पर बाढ़ सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली पर फ ोकस रहेगा। इसके तहत वर्षा ऋतु में न श्रीराम अनुभव केंद्र का संचालन नहीं होगा जबकि वर्षा ऋ तु की समाप्ति के बाद अक्टूबर माह में इन स्ट्रक्चर को पुन: असेंबल कर श्रीराम अनुभव केंद्र का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। यही नहीं स्ट्रक्चर को नदी से पर्याप्त दूरी पर एक 100 फीट का बफ र जोन बनाते हुए स्थापित किया जाएगा, ताकि दुर्घटना की कोई संभावना न रहे। राम अनुभव केंद्र के निर्माण एवं संचालन के पूर्व सभी रेगुलेटरी डिपार्टमेंट्स मसलन नगर निगम, फ ायर सर्विस, विद्युत सुरक्षा व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से एनओसी प्राप्त करने के बाद ही संचालित किया जाएगा। समस्त नियमों के अनुपालन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सम्मिलित करते हुए एक समिति बनाई जाएगी, जो प्रत्येक 15 दिन के अंतराल पर श्रीराम अनुभव केंद्र का आकस्मिक एवं नियमित निरीक्षण करेगी, ताकि किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहने पाए।

संपूर्ण प्रोजेक्ट की डिजाइन सेल्फ सस्टेनेबल मॉडल के आधार पर की गई है, जिसका प्रारूप 'अर्थ गंगा परियोजना' के गाइडलाइंस पर तैयार किया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत पंचवटी द्वीप नो प्लास्टिक जोन होगा। किसी भी निर्माण के लिए आरसीसी एवं पीसीसी का उपयोग नहीं होगा। निर्माण विधि एवं सीवरेज, स्लज व कूड़े का निस्तारण पर्ण कुटीर का निर्माण बांस व कुश द्वारा किया जाएगा। मल निस्तारण के लिए बायो डाइजेस्टिव सेप्टिक टैंक का उपयोग किया जाएगाए जबकि जल एसटीपी द्वारा मानकों के अनुसार ट्रीट करके बागवानी एवं कृषि में प्रयोग लाया जाएगा।

सपा ने निर्वाचन आयोग से मांगी संशोधित मतदाता सूची

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन देकर 27 अक्टूबर 2023 से चलाये जा रहे मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता सूची में जोड़े जा रहे नाम, काटे जा रहे नाम, संशोधित किये जा रहे नामों की सूची समाजवादी पार्टी (राजनैतिक दलों) को उपलब्ध कराने तथा सूची के सत्यापन कार्य के लिए मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की अवधि 15 दिन बढ़ाने की मांग की गई है। उक्त सूची के सत्यापन कार्य के लिए मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की पुन: अवधि 15 दिन बढ़ाने की मांग की गई है। ज्ञापन में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश के समस्त जनपद में प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक मतदेय स्थल (बूथ) पर मैन्युअल ऑन इलेक्टोरल रोल्स के अनुसार मतदाता सूची में जोड़े जाने वाले नामए काटे जाने वाले नामए संशोधित किए जाने वाले नामों की सूची प्रत्येक सप्ताह के अन्त में ईआरओ द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को दी जाय और सूची प्राप्ति ली जाय। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को उक्त सूची देने का कार्य विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ होने से लेकर समाप्त होने तक चलाया जाय। 6 जनवरी 2023 से लेकर अब तक लगातार प्रतिदिन मतदाता सूची में बड़ी संख्या में नाम जोड़े जा रहे है, नाम काटे जा रहे है, नाम संशोधित किए जा रहे है। मतदाता सूची को शत प्रतिशत षुद्ध एवं दुरूस्त बनाने के लिए एक.एक नाम का सत्यापन किया जाना बहुत जरूरी है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में जनपद स्तर पर अथवा विधान सभा स्तर पर मतदाता सूची में जोड़े जा रहे नाम, काटे जा रहे नाम, संशोधित किए जा रहे नामों की सूची समाजवादी पार्टी को नहीं दी जा रही है जिससे मतदाता सूची के सत्यापन का कार्य बाधित हो रहा है। इससे लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 भी प्रभावित होगा। ज्ञापन के. के. श्रीवास्तव तथा राधेश्याम सिंह ने सौंपा है।

एक चकबन्दी अधिकारी बर्खास्त, दो निलम्बित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● आधा दर्जन कर्मचारियों पर की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई

चकबन्दी आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बुधवार को एक चकबन्दी अधिकारी का बर्खास्त व दो कर्मचारियों को निलम्बन करते हुए करीब आधा दर्ज अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की है। इन सभी पर पदीय दायिवों को निर्वहन ठीक से न करने वाले व कार्यों में बड़ी लापरवाही बरतने का आरोप है।

जानकारी के मुताबिक चकबन्दी आयुक्त नवीन कुमार ने कार्रवाई करते हुए चकबन्दी अधिकारी अनुज सक्सेना, मुजफ्फरनगर को सेवा से बर्खास्त कर दिया। इसके अलावा बलिया में कार्यरत चकबन्दी अधिकारी शिव शंकर प्रसाद सिंह की एक वेतन वृद्धि स्थायी रूप से रोकने का दण्ड प्रदत्त किया। मेरठ के सहायक चकबन्दी अधिकारी मनोज कुमार नीरज को निलम्बित कर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया। अमरोहा में कार्यरत सहायक चकबन्दी अधिकारी नितिन चौहान के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। जनपद इटावा के ग्राम बनी में कार्यों की अनियमितता के लिय चकबन्दी अधिकारी अवधेश कुमार गुप्ता व सहायक चकबन्दी अधिकारी, संतोष कुमार यादव व सहायक चकबन्दी अधिकारी अखिलेश कुमार के खिलाफ विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है चकबन्दी लेखपाल ओम नारायण को निलम्बित कर दिया गया। प्रदेश के समस्त चकबन्दी प्राधिकारियों को चकबन्दी आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि अपने पदीय दयित्वों का निर्वहन सही रूप से नहीं किया तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। चकबन्दी आयुक्त जीएस नवीन कुमार द्वारा चकबन्दी प्रक्रिया के आधुनिकीकरण, वादों के निस्तारण तथा चकबन्दी प्रकिया के शीघ्रता व पारदर्शितापूर्वक पूर्ण कराने की बुधवार को समीक्षा भी की गयी। नवीन कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 अब तक कुल 134425 वादो का निस्तारण किया जा चुका है। इसके वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक कुल 231 ग्रामों की चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण कराकर जोत चकबन्दी अधिनियम के अन्तर्गत प्रख्यापन कराया गया है। ग्रामों को जोत चकबन्दी अधिनियम की के अन्तर्गत चकबन्दी प्रक्रियाओ से पृथक कर दिया गया है। जिन ग्रामों की चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण करा कर धारा 52 का प्रख्यापन कराया जा चुका है, उन ग्रामों में राजस्व तथा चकबन्दी प्राधिकारियों द्वारा भ्रमण कर चकबन्दी से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है।

डॉ. आम्बेडकर ने भी नहीं सोचा था कि 81 करोड़ लोग अन्न के मोहताज होंगे: मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि देश में रोजी-रोटी के अति-अभाव से त्रस्त एवं अभिशप्त हालात को स्वीकार करते हुए यहां के 81 करोड़ से अधिक गरीब व जरूरतमन्द परिवारों को पेट पालने के लिए सरकारी अन्न के जीवन पर मोहताज बना देना। लोगों की ऐसी दुर्दशा न तो देश की आजादी का सपना था और न ही यह मानवतावादी संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने कभी ऐसा सोचा था।

मायावती बुधवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर माल एवन्यू स्थित पार्टी कार्यालय पर बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उपस्थित पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहीं थीं। इस अवसर पर बसपा नेता सतीश चन्द्र मिश्र व कई बौद्ध भिक्षु उपस्थित रहे। बाबा साहेब के चित्र पर श्रद्धा-सुमन व पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मायावती ने देश के उन तमाम लोगों का तहेदिल से आभार प्रकट किया जो बाबा साहब की अनुयायी पार्टी बसपा के माध्यम से उनके मिशनरी कारवां को आगे बढ़ाकर महान लक्ष्य की प्राप्ति के लिए तन, मन, धन से लगे हुए हैं। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि विभिन्न चुनाव परिणामों से लगता है कि यह दबे-कुचले व उपेक्षित लोग अगर अपने परिवार के ऐसे बद्हाल जीवन से खुश नहीं हैं लेकिन क्या वे लोग इतना साहस भी नहीं दिखा पा रहे हैं कि चुनाव में अपना विरोध दर्ज कराकर

● बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर बसपा अध्यक्ष ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की नीतियों पर चलने वाली देशहित की अच्छी सरकार चुनने का सार्थक प्रयास कर सकें। इसको इस बात से भी बल मिलता है कि चुनाव में समय का माहौल अलग लेकिन चुनाव परिणाम का उससे बिल्कुल अगल, ऐसा क्यों और कैसे? यह भी ऐसा नया मुद्दा है जिसपर जन-चिन्तन जरूरी है। अर्थात् कुल मिलाकर देश की ज्वलन्त समस्या व वास्तविक चिन्ता यही है कि क्या सरकार की गलत नीतियों व कार्यक्रमों के कारण करीब 100 करोड़ गरीब, मजदूर, अशिक्षित और पछाड़े जा रहे लोगों के बल पर ही सरकारी दावों के मुताबिक भारत विकसित देश बनने का सपना देखेगा। महंगाई की जबरदस्त मार से हर दिन जुझ रहे दुखी व पीड़ित देश की अधिकतर जनसंख्या गरीब, मजदूर, बेरोजगार एवं शिक्षा व स्वास्थ्य की बुनियादी सुविधा के अभाव से पीड़ित, किन्तु देश के आगे बढ़ने व विकास करने आदि का सरकारी दावा यह कैसे संभव? केन्द्र व यूपी सरकार के पास धन का अभाव नहीं किन्तु लोगों का जीवन गरीबी, बेरोजगारी व तंगी से बदहाल, यह कैसा विकास? मायावती ने कहा कि बहुजन समाज का लगातार ग़रीब, बेरोजगार, शोषित, पीड़ित, उपेक्षित, लाचार, मजबूर और सत्ता से दूर रहना यह साबित करता है कि देश की सत्ताधारी पार्टियों ने शिक्षा और सरकारी नौकरी में आरक्षण सहित इन्हें इनका कानूनी हक देने के उत्तरदायित्व को कभी भी सही से नहीं निभाया है। जिस कारण वे लोग आज भी सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक व शैक्षणिक स्तर पर आत्मनिर्भर नहीं बन पाए हैं, जैसा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर का संविधान की मार्फत प्रयास था जबकि इन वर्गों के वोट की ख़ातिर विरोधी पार्टियां हमेशा हर प्रकार का छल और छलावा आदि करते रहते हैं।

डॉ. आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर डीजीपी सहित अन्य पुलिस अफसरों ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर पुलिस मुख्यालय में पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीजीपी विजय कुमार ने डॉ. आम्बेडकर को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डीजीपी ने इस अवसर पर बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर के प्रतिपादित सिद्धान्तों एवं मूल्यों पर अपने विचार रखे।

होमगार्ड जवान सामाजिक कार्यों में भी निभा रहे हैं महत्वपूर्ण भूमिका: धर्मवीर प्रजापति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

होमगार्ड्स संगठन स्थापना के 62 में स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आज होमगार्ड्स मुख्यालय पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड्स राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने रैतिक परेड का मान-प्रणाम स्वीकार किया। इस अवसर पर धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि 2017 से प्रदेश सरकार में योगी जी के नेतृत्व में होमगार्ड जवानों के लिए बेहतरी के लिए बहुत से कार्य किए गए हैं। होमगार्ड जवानों का दैनिक भत्ता पहले 375 रुपए हुआ करता था जिसे दो बार में बढ़ाते हुए रुपए 600 कर दिया गया है साथ ही डीए भी दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि होमगार्ड जवानों के ड्यूटी एवं भत्ते को लेकर पहले अनियमितता की लगातार शिकायतें मिलती थी लेकिन अब पारदर्शी व्यवस्था अपनाते हुए ड्यूटी एवं भत्ता से लेकर अन्य सभी रिकॉर्ड ऑनलाइन कर दिया गया है। जिससे की जवानों को स्वयं ड्यूटी की जानकारी स्वत: प्राप्त हो जाती है एवं उनके भत्ते सीधे खाते में भेजे जा रहे हैं। आज सॉफ्टवेयर से उनकी ड्यूटी लगायी जा रही है। किसी भी अनियमितता की गुंजाइश ही नहीं रहती।

प्रजापति ने कहा कि हमें गर्व है कि निर्वाचन के दौरान अन्य प्रदेशों से होमगार्ड जवानों की मांग आती है। उन्होंने कहा कि हमारा होमगार्ड जवान कर्तव्य परायणता एवं निष्ठा से ड्यूटी

● संगठन के 62वें स्थापना दिवस पर होमगार्ड्स मंत्री ने ली रैतिक परेड की सलामी

करता है उसकी तारीफ अन्य प्रदेशों से भी प्राप्त होती है। आज का यह रैतिक परेड कार्यक्रम ऐसा प्रतीत हो रहा था की जैसे 26 जनवरी की ही कोई झांकी हो। उन्होंने कहा कि होमगार्ड विभाग को बेहतर से बेहतर करने के लिए हमारे विभाग के वरिष्ठ अधिकारी लगातार प्रयत्न एवं मेहनत कर रहे हैं।आज हमारा होमगार्ड जवान प्रशासनिक ड्यूटी के साथ-साथ सामाजिक कार्यों को भी बखूबी निभा रहा है। उनका सामाजिक दायित्वों का निर्वहन प्रशंसनीय है। वृक्षारोपण से लेकर गंगा सफाई एवं नदियों. नालों की सफ ाई के साथ-साथ हमारा होमगार्ड जवान विभन्न अपदाओ के समय से उपस्थित रहकर सभी दायित्वों का निर्वहन पूरी लगन एवं तत्परता से कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमने अपने होमगार्ड जवानों को निर्देश दिए हैं कि मंदिरों एवं सड़कों पर अगर कोई भी विकलांग, बुजुर्ग, पुरुष, महिला दिखे तो उसकी मदद करें।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अनिल कुमार ने कहा कि आज डायल 112 की कुशलता में हमारे होमगार्ड संगठन का एक बहुत बड़ा योगदान है। चौराहों पर हमारा जवान पूरी कुशलता एवं तत्परता से ड्यूटी करता है, देखकर प्रसन्नता होती है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में न केवल प्रदेश में बल्कि अन्य प्रदेशों में भी ड्यूटी के मांग प्राप्त होते हैं और हमारा होमगार्ड जवान उत्तरदायित्व के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करता है और निर्वाचन सफलतापूर्वक संपन्न करता है। हमारे जवान विषम से विषम परिस्थितियों में भी काम करते हैं जो अत्यधिक सराहनीय है। 80 हजार होमगार्ड जवानों को आज के समय में लगातार ड्यूटी उपलब्ध कराई जा रही है ड्यूटी भत्ते को लेकर विलंब की शिकायतें प्राप्त होती थी जिसमें सुधार की आवश्यकता ऑनलाइन व्यवस्था को अपनाया गया और अब प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में ही ड्यूटी भत्ता जवानों के खाते में उपलब्ध करा दी जाती है। वर्दी भत्ता 3 वर्ष में एक बार दिया जाता है, इसमें भी पूरी पारदर्शिता के साथ वर्दी भत्ता सीधे हमारे होमगार्ड जवानों के खाते में भेज दी जाती है। उन्होंने कहा कि हमारा निर्णय लेने का आशय होमगार्ड जवान तक उसका लाभ पहुंचाने की रहती है।

रैतिक पर स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरुआत में कमांडेंट जनरल होमगार्ड विजय कुमार मौर्य ने कहा कि होमगार्ड संगठन नित्य नई-नई ऊंचाइयों को हासिल कर रहा है और नए रूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा होमगार्ड संगठन अन्य विभागों की तुलना में अधिक आधुनिक हुआ है। आज सभी रिकॉर्ड्स ऑनलाइन हुए हैं। ड्यूटी पेमेंट्स ऑनलाइन किये जा चुके है।

उन्होंने मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि होमगार्ड विभाग आपके नेतृत्व में लगातार ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय राहत कार्यों में ट्रेंड जवानों की जरूरत होती है। अत: हम अपने जवानों के ट्रेनिंग की व्यवस्था कर रहे हैं, ताकि आपदा के समय हमारे जवान कारगर साबित हो सके। इस अवसर पर डीजी कारगार एसएन साबत, डीआईजी विवेक कुमार सिंह, रणजीत कुमार सिंह, एके सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों को प्रदान किए गए प्रशस्ति पत्र व मेडल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

नागरिक सुरक्षा संगठन का 62 वां स्थापना दिवस कार्यक्रम नागरिक सुरक्षा नियंत्रण केन्द्र पर डीजी नागरिक सुरक्षा मुकुल गोयल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर गोयल द्वारा नागरिक सुरक्षा ध्वज का ध्वजोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर नागरिक सुरक्षा के वैतनिक पदाधिकारी व अवैतनिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में 22 स्वयं सेवकों द्वारा रक्तदान किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर स्वयं सेवकों को प्रशस्ति पत्र व मेडल का वितरण किया गया। उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा अनिता प्रताप ने बताया कि स्थापना दिवस के परिपेक्ष्य में पूरे सप्ताह 1 दिसंबर 2023 से लगातार यातायात जागरूकता अभियान, अनाथालय में फ ल वितरण कार्यक्रम, चिकित्सा शिविर कार्यक्रम का आयोजन नागरिक सुरक्षा व आपदा प्रबन्धन मे नागरिक सुरक्षा की सहभागिता के विषय पर एवं क्षयरोग के नियंत्रण पर विचार गोष्ठी, डेगू से बचाव व एन्टी लार्वा का छिड़काव, वृक्षारोपण आदि कार्यकम आयोजित किए गए।

केंद्र सरकार की संस्था परिवहन कर्मियों को प्रदान करेगी अग्नि सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण

लखनऊ। योगी सरकार उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में आग लगने की घटनाओं के रोकथाम के लिए सजग है। परिवहन निगम के कार्यक्रम समेत अन्य अवसरों पर सीएम योगी सड़क दुर्घटनाओं व आग लगने की घटनाओं पर चिंता जताते हुए अफसरों को इस पर अंकुश लगाने के निर्देश दे चुके हैं। इसके दृष्टिगत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तत्वावधान में भारत सरकार की संस्था 'हाइड्रोकार्बन सेक्टर स्किल काउंसिल' की ओर से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह परिवहन निगम के 115 डिपो व 20 क्षेत्रीय कार्यशालाओं में चलेगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के मुताबिक यूपी में अग्नि सुरक्षा संबंधित जोखिमों की पहचान और उनके नियंत्रण के लिए कर्मचारियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के 115 डिपो एवं 20 क्षेत्रीय कार्यशालाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर्स डेवलपमेंट एजेंसी में पीएमयू के गठन की प्रक्रिया शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● प्रदेश में शहरी सड़कों के निर्माण व रखरखाव का मार्ग प्रशस्त करेगी सरकार

उत्तर प्रदेश के समेकित विकास के लिए प्रयासरत योगी सरकार प्रदेश की सड़कों के कायाकल्प को लेकर लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश के स्टेट व नेशनल हाइवे पर मरम्मत व दुरुस्तीकरण के कार्यों के साथ ही प्रदेश के विभिन्न शहरों को जोड़ने वाले संपर्क मार्गों पर भी मरम्मत का कार्य जारी हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की सीएम योगी की मंशा के अनुरूप एक विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई थी जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों में गांवों व ब्लॉकों को जिले मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़कों को प्रमुखता दी गई थी।

ऐसे में ग्रामीण सड़कों के साथ ही शहरी सड़कों के मरम्मत, रखरखाव व प्रस्तावित निर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण करने और उसे सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सीएम योगी के विजन अनुसार प्रदेश के शहरी सड़कों के रखरखाव के लिए गठित अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर्स डेवलपमेंट एजेंसी (यूरीडा) ने पीएसयू के तौर पर एजेंसी को कार्य आवंटित करने के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) माध्यम से आवेदन मांगे हैं। यूरीडा द्वारा पीएसयू के निर्धारण के लिए मांगे गए आवेदन के अनुसार कार्यावंटन के बाद चयनित एजेंसी को पीएसयू के तौर पर कार्य करते हुए नॉलेज पार्टनर की भूमिका निभानी होगी। सीएम ग्रिड्स के अनुसार पीएसयू को गाइडलाइंस के निर्धारण, नीति निर्माण व क्रियान्व्यन सुनिश्चित करना होगा। मौजूदा दिशा निर्देशों, मानदंडों, वैधानिक अधिसूचना का अध्ययन कर उसे अंतिम रूप देना होगा। उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में सभी प्रकार की शहरी सड़कों और चौराहों के लिए योजना, डिजाइन, निर्माण, कार्यान्वयन, प्रबंधन और रखरखाव में अंतराल को भरने के लिए दिशानिर्देशों का निर्धारण करना होगा। इसके अतिरिक्त वैकल्पिक निर्माण प्रौद्योगिकियों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए दरों की हरित अनुसूची (ग्रीन एसओआर) का विकास, सड़क चयन के लिए स्कोरिंग तंत्रए अनुमोदन के लिए अनुपालन जांच और स्कोरिंग मैट्रिक्स के साथ-साथ सभी प्रकार की सड़कों और चौराहों के लिए अवधारणा डिजाइन, निविदा चित्र, डीपीआर और मात्रा के बिल, कार्यान्वयन योजना के लिए मानक और टेम्पलेट तैयार करना होगा। यूरीडा के लिए जिस एजेंसी को पीएमयू के तौर पर कार्य करने का मौका मिलेगा उसे परियोजनाओं के निष्पादन के लिए ठेकेदार के चयन के लिए मॉडल दस्तावेज़ तैयार करना होगा, जिससे इस प्रक्रिया के सरलीकरण को बल मिलेगा। इसके अतिरिक्त, शहरी सड़कों की योजना के निष्पादन, निर्माण, प्रबंधन और रखरखाव के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी तैयार करेगी।

ई रिक्शा और पिकअप की टक्कर, कई बच्चे घायल

● मानक विहीन वाहनों से क्षमता से ऊपर बच्चे बैठने का किया जा रहा है काम

●एसडीएम बोले शीध्र विद्यालयों के जिम्मेदारो की बुलाई जाएगी बैठक

मोहम्मदी खीरी। दिलावरपुर से छात्र.छात्राएं मोहम्मदी के एक स्कूल आ रहे थेएकि इसी दौरान हाई स्पीड पिकअप ने गोला रोड पर किसान गन्ना समिति के समीप रिक्शे पर बैठकर जा रहे छात्र.छात्राओं के मारी टक्कर, कई छात्र.छात्राएं घायल हो गए, सभी बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उपचार किया गया, पिकअप के ड्राइवर भूपेन्द्र सिंह और एक छात्रा अपचा को जिला अस्पताल शाहजहाँपुर के लिए रेफर किया गया जहाँ ड्राइबर की गम्भीर बनी है प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह ने मौके पर पहुंचकर पिकअप और ई रिक्शा को कब्जे में ले लिया है। ई रिक्शा से ग्राम दिलावरपुर से करीब 10 छात्राएं मोहम्मदी नगर में स्थित अनेको स्कूल के लिए निकले तभी शाहजहांपुर की ओर से आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर ई रिक्शा में मारी, जिसमें कई बच्चे घायल हो गए आनन फानन में सभी बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उनका उपचार किया गया, जिसमे एक छात्र और ड्राइवर की हालत चिंताजनक हो जाने से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया हैएसभी बच्चे दिलावर पुर के बताये जा रहे है, जिसमे उपवन मोंटेसरी स्कूल के हसनैन कक्षा 2 एसलमान कक्षा एक, अस्थल सरस्वती शिशु मंदिर के अब्दुल अहद कक्षा 2, लुकमान कक्षा 1, फरहान एनसी ग्रीन ट्री पब्लिक स्कूल के आदिया, दानिया और अफशा एलकेजी के छात्र और छात्र घायल हुई प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया की दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है तथा अभी किसी की ओर से कोई तहरीर नहीं आई है, वही दूसरी ओर बड़े पैमाने पर मानक विहीन वहां बच्चों को लाने और ले जाने का काम करते दिखाई दे रहे हैं तथा क्षमता के विरुद्ध बाहर में बच्चों को बैठने का काम किया जा रहा है।

अनाथ बच्चों का सहारा बनेगी स्पॉन्सरशिप योजना, बच्चों का भविष्य करेगी उज्ज्वल

● जनता दर्शन में आए दो अनाथ बच्चों के लिए प्रभारी डीएम की अगुवाई में मददगार बनी टीम

●जनता दर्शन योजना के लिए आवश्यक प्रपत्रों को अफसरो ने कराया पूरा,

लखीमपुर खीरी। बुधवार को शहर की कृष्णानगर, दुर्बल आश्रम मोहल्ले के दो अनाथ भाई.बहन कलेक्ट्रेट में आयोजित जिलाधिकारी जनता दर्शन में पहुंचेए जहां प्रभारी डीएम/एडीएम संजय कुमार सिंह ने उनकी फरियाद सुनी। अनाथ भाई.बहन ने बताया कि उनके मां.बाप के गुजरने के बाद उनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है।

प्रभारी डीएम संजय कुमार सिंह ने फौरन महिला कल्याण विभाग के अफसर को बुलवाया, दोनों बच्चों को महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार की प्रवर्तकता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। इस योजना के तहत बच्चों के पालन.पोषण और उनकी बेहतर शिक्षा के लिए प्रति माह 04. 04 हजार रुपये दिए जाएंगे। बच्चों के पिता की मृत्यु प्रमाण पत्र न होने की दशा में डीएम ने टीम जनता दर्शन लगाया। एसडीएम रेनू मिश्रा एवं राजीव निगम ने सभी प्रपत्र पूरे कराते हुए नगर पालिका परिषद लखीमपुर से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराया। वहीं बालिका के आधार कार्ड बनवाने के लिए आधार केंद्र से समन्वय करते प्रक्रिया पूरी की। इन बच्चों को योजना से लाभान्वित किए जाने हेतु प्रशासन ने बैंक में खाता खुलवाने की भी प्रक्रिया शुरू की। जल्द ही इन्हें सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी करते हुए योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा।

परिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए अम्बेडकर

● अधिकारी.कर्मचारियों ने संविधान शिल्पी डा. अंबेडकर के चित्र पर किया माल्यार्पण

लखीमपुर खीरी। बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस पर कलेक्ट्रेट में प्रभारी डीएम/एडीएम संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुष्पांजलि सभा का आयोजन हुआ। डीएम ने अधीनस्थ अधिकारियों कर्मचारियों संग भारत रत्न बाबा साहब डाण्भीमराव अम्बेडकर के छवि चित्र पर पुष्पांजलि तथा फूल माला चढाकर नमन किया। प्रभारी डीएम संजय कुमार सिंह ने बाबा साहब के सिद्धांतों एवं मूल्यों को आत्मसात कर उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलकर अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करने की बात कही। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनके जीवन संघर्षों को याद किया तथा उनके शिक्षा, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, विधिक योगदान पर चर्चा की। बाबा साहेब के संघर्ष ने लाखों लोगों में आशा का संचार किया और उनके प्रयासों ने भारत को ऐसा व्यापक संविधान प्रदान किया जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। यह दिवस हम सबको उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों पर चलने के लिए पुनर्संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। हमें बाबा साहब द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों एवं मूल्यों को आत्मसात कर उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर पूरी निष्ठा के साथ चलने का व्रत लेना होगा यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी। एसडीएम रेनू मिश्र, राजीव निगम, एआरओ अवधेद्र कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (कलेक्ट्रेट), प्रशासनिक अधिकारी खुशाल सिंह, सुधीर सोनी, मो. सलीम, सुरेश कुमार, विवेक सक्सेना सहित बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट के कार्मिक मौजूद रहे। जिले भर में सरकारी संस्थान, शिक्षण संस्थाओं में बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण करने के लिए इस अवसर पर पुष्पांजलि सभा आयोजित हुई।

क्रय विक्रय सहकारी समिति निघासन के अवशेष निर्वाचन का कार्यक्रम जारी

लखीमपुर खीरी। उप्र राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग लखनऊ एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में क्रय.विक्रय सहकारी समिति लिव निघासन विकास खण्ड निघासन खीरी की प्रबन्ध कमेटी का अवशेष निर्वाचन 07 दिसंबर एवं सभापति, उपसभापति एवं अन्य समितियों में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का निर्वाचन 08 दिसंबर को समिति कार्यालय पर समय 10 बजे से सायं 04 बजे तक पूर्व निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्पन्न कराये जायेगे। उक्त आशय की जानकारी सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता पीके शुक्ला ने दी। अपील है कि प्रत्याशी एवं मतदाता निर्वाचन में प्रतिभाग करें।

पति ने 20 साल से पहली शादी की बात छुपाई एसएसपी से की गई शिकायत

बरेली। एक व्यक्ति ने दूसरी पत्नी से 20 साल तक पहली शादी की बात छुपाकर रखी और इस दौरान उसने पहले पत्नी से सात और दूसरी पत्नी से चार बच्चे पैदा किए वास्तविकता का पता चलने पर दूसरी पत्नी ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई तब मामले की शिकायत एसएसपी ऑफिस में की गई। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला नवादा शेखान निवासी उर्मिला देवी ने बताया कि 20 साल पहले मंदिर मे विवाह किया था इस समय उसके चार बच्चे एक बेटा और तीन पुत्रियां है शादी के इतने साल बाद उन्हें पता चला कि उनके पति की पहली पत्नी जिंदा है और उसके सात बच्चे है यह बात उनके पति ने उससे छुपाए रखी उर्मिला ने इसका विरोध किया तो पति कोई जबाव नहीं दे पाया कुछ दिन बाद पति की पहली पत्नी आए दिन घर में आकर उससे मारपीट करने लगी और घर से भाग जाने की धमकी देने लगी। बहन उसके पास आई और मारपीट करने लगी विरोध करने पर उसने गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की।

डा. अम्बेडकर को परिनिर्वाण दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

लखीमपुर खीरी। भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के 67 में परिनिर्वाण दिवस पर जिला पुरुष चिकित्सालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सीएमएस जिला पुरुष चिकित्सालय डॉ आईके रामचंदानी व सीएमएस एमसीएच विंग डॉ एसी श्रीवास्तव सहित डॉ आरके कोहली, डॉ आरपी वर्मा, डॉ एसके शुक्ला, डॉ सतीश वर्मा, डॉ हर्ष देव भारती, डॉ एके द्विवेदी, डॉ दीपेंद्र गौतम, डॉ अखिलेश शुक्ला, डॉ शिखर बाजपेई, डॉ शिशिर पांडेए डॉ आशुतोष वर्मा, चीफफार्मासिस्ट आरके गुप्ता, चीफफार्मासिस्ट अनिल वर्माए सहदेव सचान, सरिता गुप्ता, फार्मासिस्ट संदीप वर्मा सहित समस्त स्टाफने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

इस दौरान सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का समाज में बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने जिस तरह से दलित और पिछड़ों के लिए समाज में बराबरी के अधिकार की बात की। संविधान में उनको अधिकार दिए और हमें एक ऐसी व्यवस्था भी दी जिससे हम सभी संगठित होकर एक बेहतर समाज की संरचना कर सकें। आज हमें उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है।

इस दौरान डॉ आरके कोहली ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान बनाया और उसमें सभी को बराबरी का अधिकार दियाए यही कारण है कि आज समाज और देश तरक्की कर रहा है। उन्होंने हमेशा शिक्षा स्वास्थ्य को बढ़ावा दिया है। उन्होंने इस बात पर भी अधिक जोर दिया कि देश को आगे बढ़ाने के लिए सभी का शिक्षित होना जरूरी है और सभी के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए भी विज्ञान की आवश्यकता है। शिक्षित होकर ही देश आगे बढ़ सकता है।

इस दौरान डॉ एसके मिश्रा ने कहा कि बाबा साहब ने उसे व्यवस्था के खिलाफ लड़ाई लड़ी जो अंग्रेजों द्वारा और मुगलों द्वारा भारत को तोड़ने के लिए बनाई गई थीए यही कारण है कि आज उन्हें सम्मान पूर्वक सभी मानते हैं। इसी के साथ डॉ दीपेंद्र गौतम ने बाबा साहब के संघर्षों और समाज को लेकर उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला और इसके बाद चीफ फार्मासिस्ट आरके गुप्ता ने बाबा साहब के संघर्षपूर्ण जीवन परिचय को बताया।

गोला गोकर्णनाथ खीरी संवाददाता के अनुसारए नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष विजय शुक्ला उर्फ रिंकू ने भारत रत्न डाक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर नगर पालिका परिषद गोला के सभागार में अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे डा भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अध्यक्ष विजय शुक्ला उर्फ रिंकू ने दी कहा किए। देश के विकास, प्रगति समरसता के लिए डॉक्टर अम्बेडकर के मार्गदर्शन में निर्मित संविधान का विशेष महत्व है। इसके लिए राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। ईओ जी लाल, नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, अमित श्रीवास्तव, विमलेश वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, धीरज बाजपेयी, काके सहगल सहित अनेक पालिका कर्मी उपस्थित रहे।

क्विक न्यूज

सड़क दुर्घटना में किसान की मौत

बरेली। रात के समय खेत में पैदा हुई फसल को बेचने के लिए मंडी जा रहे एक किसान की रास्ते में ही सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।भमोरा थाने के गांव बाकरगंज निवासी खुशाली राम पुत्र ताराचंद की बीती रात भमोरा थाने के गांव चाडपुर में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई कई अन्य लोग घायल हो गए मृतक के घर वालों ने बताया कि खुशालीराम दो बच्चों के पिता थे और बीती रात अपने खेत में पैदा हुई मिर्च को बेचने के लिए एक मिनी लोडर में लादकर इज्जत नगर थाना क्षेत्र में स्थित सब्जी मंडी ले जाने के लिए गांव से चले थे लेकिन चाडपुर में उनका मिनी लोडर अचानक बेकाबू होकर सड़क पर पलट गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए कई अन्य लोगों को भी चोटे आई दुर्घटना के बाद वाहन का चालक मौका देखकर फरार हो गया स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी पुलिस ने उनके घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और लाश की पहचान कर ली पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी ।

दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

बरेली। बहन के घर आयोजित प्रीतिभोज से वापस लौटते समय सड़क दुर्घटना का शिकार हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दुर्घटना में मृतक की पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हो गई जिसका इलाज जारी है। इज्जत नगर थाना क्षेत्र की डेलापीर गोटिया निवासी 30 वर्षीय मनोज पुत्र द्वारिका प्रसाद की आज सुबह इलाज के लिए एक निजी अस्पताल से जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि मनोज 24 नवंबर को अपनी बहन के घर आयोजित प्रीतिभोज में शामिल होने के लिए पत्नी सुनीता के साथ गया था जहां से वापस लौटते समय कर्मचारी नगर तिराह पर इज्जत नगर रेलवे स्टेशन के सामने दूसरी बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे मनोज और उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली बाइक फरार हो गई स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और उनके घर वालों को सूचना दे दी कई दिनों तक चले इलाज के बाद आज सुबह घायल मनोज को जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई जिला अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक दो बच्चों का पिता था ।

बैंक के पूर्व सेल्स ऑफिसर ने साढ़े पांच लाख हड़पे

बरेली। एचडीएफसी बैंक के पूर्व सेल्स ऑफिसर ने योजना बनाकर अपने साथी के साथ मिलकर साढ़े पांच लाख हड़प लिए शाखा प्रबंधक की ओर से उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र मे सिविल लाइन्स स्थित एचडीएफसी बैंक के प्रबंधक ने बताया कि बैंक शाखा सिविल लाइन्स में है मामला समूह लोन लिया था शाखा के सेल्स ऑफिसर चन्दन कश्यप ने उन व्यक्तियों से मासिक किश्य और लोन खत्म कराने के नाम पर 5,46,199 रुपये लिए थे, संबंधित के खातों में जमा नहीं कराए गए समूह के सदस्यों ने इसकी जानकारी बैंक को प्राप्त कराई थी जांच करने पर पता चला कि शाखा के सेल्स ऑफिसर चन्दन कश्यप एचडीएफसी बैंक में कार्य करता था उसने बैंक के ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी कर 5,46,199 रुपये हड़प लिए चन्दन कश्यप ने योजना के तहत जानबूझकर बाहरी व्यक्ति विजय कश्यप के साथ मिलकर ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी की प्रबंधक ने बताया कि दोनों आरोपियों ने बैंक को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जिसकी शिकायत एसपीसी की गई, आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली ।

तनाव ग्रस्त युवक ने जहरीला पदार्थ खाया

बरेली । परीक्षा की तैयारी ठीक से न होने पर परेशान एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।कोतवाली थाना परिसर में रहने वाले आनंद प्रकाश के 21 वर्षीय बेटे संजीव को आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके परिजनों ने बताएं कि संजीव एक फोटोग्राफी की दुकान पर काम करता है और बीएससी का छात्र वह पिछले कुछ समय से अपनी परीक्षा की तैयारी ठीक से नहीं कर पा रहा था जिसके चलते हुए मानसिक रूप से परेशान था और आज सुबह उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया इससे उसकी हालत बिगड़ गई पता चलने पर घर वालों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

सोशल मीडिया पर धर्म को लेकर की आपत्तिजनक टिप्पणी

बरेली। एक युवक ने सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म को लेकर अभद्र टिप्पणी कर दी ट्वीटर पर इसकी शिकायत की गई तब फरीदपुर इंस्पेक्टर को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हिमांशु पटेल ने ट्वीटर पर शिकायत करते हुए लिखा कि फरीदपुर थाना क्षेत्र के पऊंनगला निवासी रोहित सिंह फेसबुक पर गलत पोस्ट कर रहा है और हिंदू धर्म के खिलाफआपत्तिजनक टिप्पणी कर रहा है।

तमंचा लहरा कर डांस करने वाला गिरफ्तार

बरेली। एक समारोह में तमंचे को लहराते हुए डीजे पर डांस करने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आज आरोपी को गिरफ्तार करते हुए तमंचा व कारतूस बरामद किया और जेल भेजा। बहेडी थाना क्षेत्र के गांव फैजगंज कमौठा निवासी तौफिक शाह पुत्र असगर को बीती रात बहेड़ी थाना क्षेत्र में रतनगढ़ से कमौठा जाने वाले मार्ग पर गिरफ्तार कर लिया 4 दिसंबर को तौफिक शाह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें वह एक समारोह के दौरान डीजे पर डांस कर रहा था और तमंचे को हवा में लहरा रहा था वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी और बीती रात उसे लगभग 8 बजे तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा ।

मांगो को लेकर यूपी रोडवेज इम्पलाइज यूनियन ने आरएम को ज्ञापन सौंपा

बरेली। यूपी रोडवेज इम्पलाइज यूनियन के बैनर तले विभिन्न मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन कर आरएम को ज्ञापन सौपा।इस दौरान यूनियन के क्षेत्रीय मंत्री रविन्द्र पाण्डेय ने कहा कि मण्डलीय परिवहन विकास एवं निजीकरण का विरोध और अनुबंधित बस मालिकों द्वारा अपने अपने परिचालक रखने की अनुमति का विरोध- संविदा कर्मचारियो का नियमित करण किया जाये, मृतक आश्रितों की नियमित नियुक्ति तत्काल की जाये। आउटसोसिंग कर्मचारियो को परिवहन निगम में आवद्व किया जाये तथा पारिश्रमिक बढ़ाया जाये, जेम कोटे से नियुक्ति बन्द की जाये, कर्मचारियों ने कहा कि लखनऊ में होने वाले 21 दिसंबर को होने वाले टेडी कोठी परिवहन मुख्यालय पर विशाल धरने में बड़ी संख्या में रोडवेज कर्मचारी पहुंचेंगे इसके लिए चरणबद्ध तरीके से जगह-जगह आंदोलन कर कर्मचारियों को जागरूक किया जा रहा है और उनके अधिकारों की लड़ाई के लिए संघर्षशील रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है इस संदर्भ में आज यू पी इंप्लाइज रोडवेज कर्मचारी संघ ने क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी को ज्ञापन दिया।

डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर विधायक ने श्रद्धासुमन अर्पित किए

बरेली। फतेहगंज पश्चिमी आज भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर कस्बे के मोहल्ला नौगवां में मीरगंज क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा ने डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की इस मौके पर विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा ने अपने विचार व्यक्त कर कहा भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के महू छावनी में हुआ था। उन्होंने लंदन कोलंबिया विश्वविद्यालय में उन्होंने शिक्षा प्राप्त की। वह हमेशा से ही समाज सुधारक रहे। इसके साथ-साथ वह लेखक भी थे लेखक में रुचि होने के कारण उन्होंने कई पुस्तक भी लिखी। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया। और अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था।जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना ने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर भारत के पूर्व

कानून न्याय मंत्री थे। वह कई भाषाओं के जानकार थे। उन्होंने 1936 में स्वतंत्र मजदूर पार्टी का गठन भी किया 6 दिसंबर 1956 को उन्होंने अंतिम सांस ली। ऐसे महापुरुष व्यक्ति से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलवीर सिंह, कैलाश शर्मा, मंडल महामंत्री डॉक्टर नरोत्तम मौर्य, मंडल उपाध्यक्ष ठाकुर संजीव सिंह, डॉ मुदित सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव शर्मा, डॉक्टर हरदेव गंगवार, मंडल मंत्री मुनेंद्र शर्मा, जिला संयोजक बाबूराम कश्यप, ओम प्रकाश, फूलचंद, हरीपाल फौजी, प्रधानाचार्य अनार सिंह सागर, अध्यापक जितेंद्र कुमार, पंकज शर्मा, राघवेंद्र सिंह, बंटी मौर्य, सौरभ पाठक, ठाकुर धीरेंद्र सिंह, सूबेदार मेजर राम सिंह, सूरज राठौड़, आदि लोग कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। इसी तरह देहात क्षेत्र के गांव औंध उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्कूल के प्रधानाचार्य राहुल यदुवंशी ने भीमराव अंबेडकर के मानचित्र पर फूल माला पहनकर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी छात्राओं को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन के बारे में बताया। सतुईया खास, पटटी, कुरतरा, अगरास, सोहरा, रहपुरा जागीर, खिलचीपुर, मीरापुर गांव में भी सरकारी और प्राइवेट स्कूल में भी अध्यापक और छात्र-छात्राओं ने डॉ भीमराव अंबेडकर के मानचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी गई।

राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक करें: चेयरमैन

राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते चेयरमैन प्रतिनिधि व ईओ।

गुरसहायगंज (कन्नौज)। लंबे समय से न्यायालय का चक्कर काट रहे बादकारी राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने वादों का त्वरित निस्तारण करवा कर समस्याओं से निदान पाएं। यह बात बुधवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद गेट पर राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार वाहन को अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के उपरांत चेयरमैन प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने कही। बताया कि वर्तमान समय में जनपद के न्यायालय में हजारों कैस विचाराधीन चल रहे हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से बादकारी अपने लंबित मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण करायें। अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने कहा कि नागरिक सहित क्षेत्रीय जनता राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लंबित मामलों का निस्तारण करायें। प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अशोक शर्मा सहित संजीव गुप्ता टीटू गुप्ता, सुधांशु गुप्ता उर्फ मोनू, दीपू शर्मा आदि मौजूद रहे।

चोरों ने कई घटनाओं को दिया अंजाम

बरेली। शहर में चोरों के गैंग ने आतंक मचा रखा है कहीं बाइक और स्कॉर्पियो चोरी हो रही है तो कहीं सरकारी दस्तावेज चोरी हो गए तीन मामलों में ने तीन मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी बदायूं के कोतवाली निवासी हसीन मियां ने बताया कि वह पड़ोसी की बाइक मांगकर 29 नवंबर को सुभाषनगर के करगैना चौकी के पास एक बैंकट हॉल में शादी में शामिल होने आए थे बाइक उन्होंने बारात घर के बाहर खड़ी थी रात 10 बजे दावत खाकर बाहर निकला तो देखा कि बाइक चोरी हो गई काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली।

शिकायत मिलने पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोर को पकड़ने की कोशिश शुरू कर दी इसके अलावा आंवला के रामनगर निवासी मुकुल गुप्ता ने बताया कि वह मैसर्स उमा बिल्डर्स आवास विकास कॉलोनी इटावा फर्म के नाम से पंजीकृत स्कॉर्पियो के चालक है फर्म के कार्य से बीते रविवार को बरेली आया हुआ था काम खत्म होने के बाद वह रात साढ़े नौ बजे ग्रीन पाक के रवि कुमार गुप्ता के घर रूक गया गाड़ी गेट के पास पार्किंग में खड़ी कर दी थी सुबह पाचं बजे वह जब जाने के लिए निकले तो देखा कि स्कॉर्पियो गायब थी काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली उसने पुलिस से शिकायत कर दी तब बारादरी पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी वही राजेंद्रनगर के पीडब्ल्यूडी कॉलोनी निवासी नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि सोमवार को कार से विकास भवन कमरा नंबर 10 पंचायती राज विभाग में विभाग से संबंधित सरकारी डाक देने गए थे गाड़ी विकास भवन परिसर गेट नंबर एक के बराबर में खड़ी की थी जब है डाक देकर आधे घंटे बाद वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि गाड़ी का दरवाजा खुला था उसमें रखा लैपटॉप, पेन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस और उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ के दस्तावेज और बैग में रखे हुए अन्य दस्तावेज चोरी हो चुके थे उसने बारादरी थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दी ।

अधिशासी अधिकारी ने अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

अम्केडकर छायाचित्र पर माल्यार्पण करतीं ईओ व अन्य।

गुरसहायगंज (कन्नौज)। शासन के निर्देशानुसार अधिशासी अधिकारी सहित कर्मियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके छायाचित्र की पूजा बंदना कर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अंबेडकर जी ने गरीब दबे कुचलों की आवाज को उठाने का कार्य किया है।

सोमवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद कार्यालय में भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह सहित पालिका कर्मियों ने पूजा बंदना कर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डा. अम्बेडकर ने अपना पूरा जीवन जातिवाद को खत्म करने और गरीबों, दलितों, पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए अर्पित किया था। इसलिए आज के दिन उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के तौर पर मनाया जाता है। कहा कि हम सभी को उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, मनोज तिवारी, अशोक शर्मा, जगदीश सिंह, मोहित कुमार, शैलेंद्र यादव, गौरव मिश्रा सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

एसपी बनकर रुपया वसूलने वाले दो शातिर अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

● एसपी वृंदा शुक्ला ने प्रेस वार्ता में किया खुलासा

संवाददाता। चित्रकूट

थाना मऊ एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा एसपी चित्रकूट, एसओजी व साइबर क्राइम के नाम पर धोखाधड़ी कर रुपये ऐंठने वाले 2 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

बुद्धवार को पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने पत्रकार वार्ता में बताया कि बीती 24 नवम्बर को जिले के थाना मऊ अन्तर्गत ग्राम गढ़वा गजरी निवासी अर्जुन सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह द्वारा अपने साथ धोखा-धड़ी करके एसओजी टीम से पकड़वाने के नाम पर 58 हजार रुपये व किसी महिला की आवाज में बात कराकर एसपी मैम के नाम पर फोन-पे के माध्यम से कई बार में विश्वास दिला-दिला कर 62 हजार रुपये ले लेने तथा उसे मांगने पर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। जिस पर थाना मऊ में मु0अ0सं0 278/23 धारा 406,420,506 भादवि0 व 66 आईटी एक्ट धीरज सिंह उर्फ धीरू पुत्र जवाहर सिंह निवासी कसहाई रोड गोल तालाब के पास थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट व एक महिला नाम पता अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना निरीक्षक अपराध अभयराज सिंह थाना मऊ द्वारा प्रारम्भ की गयी ।

एसपी ने बताया कि दौरान विवेचना यह तथ्य प्रकाश में आया कि वादी मुकदमा की बहन 16 अक्टूबर से घर से लपता हो गयी थी, जिस कारण वादी बहुत परेशान था । इसी दौरान वादी की मुलाकात अभियुक्त धीरज उर्फ धीरु उपरोक्त से हुई। जिसने कहा कि उसका एसपी चित्रकूट, एसओजी तथा साइबर शाखा से अच्छे सम्बन्ध हैं । वह आपकी बहन को अतिशीघ्र बरामद करवा देगा । उक्त क्रम में वह व्यक्ति एक महिला की आवाज में फोन पर वार्ता करवायी। जिसने एसपी चित्रकूट बनकर वार्ता की और कहा कि मैं शीघ्र ही एसओजी टीम व साइबर टीम को लगाकर आपकी बहन को बरामद करवाती हूं, लेकिन अधिक दिनों तक गुमशुदा की बरामदगी न होने पर जब वादी द्वारा धीरज पर दबाब बनाया गया तो वह टाल मटोल कर पैसा वापस न करके जान से मारने की धमकी देने लगा। जिस सम्बन्ध में थाना मऊ में अभियोग पंजीकृत करवाया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम में स्वाट/सर्विलांस टीम के प्रभारी एम.पी त्रिपाठी,मुख्य आरक्षी प्रदीप कुमार द्विवेदी,आरक्षी रोशन सिंह,आशीष यादव,ज्ञानेश मिश्रा एवं थाना मऊ पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी,निरीक्षक मऊ अपराध अभय राज सिंह,आरक्षी राहुल पाण्डेय व प्रवीण पाण्डेय शामिल रहे।

चित्रकूट सांसद ने उठाया ट्रेनों के ठहराव का मुद्दा

चित्रकूट। बांदा-चित्रकूट के सांसद आर के सिंह पटेल ने शीत कालीन सत्र के दौरान बुद्धवार को लोकसभा में चित्रकूट जिले के बरगढ़ रेलवे स्टेशन में सारनाथ एक्सप्रेस व बुंदेलखंड एक्सप्रेस एवं बांदा जिले के खुरहंड रेलवे स्टेशन में चित्रकूट एक्सप्रेस व बुंदेलखंड एक्सप्रेस के ठहराव की मांग रखीं। क्षेत्रवासियों की समस्याओं को देखते हुए बुद्धवार को लोकसभा में सांसद आर के सिंह पटेल ने कोरोना के बाद से चली आ रहीं समस्या से सदन का ध्यान आकर्षित काराया। सांसद श्री पटेल ने बताया कि रेल मंत्रालय द्वारा कोराना काल में सर्तकता के दृष्टि से चित्रकूट जिले के बरगढ़ रेलवे स्टेशन में सारनाथ एक्सप्रेस व बुंदेलखंड एक्सप्रेस एवं बांदा जिले के खुरहंड रेलवे स्टेशन में चित्रकूट एक्सप्रेस व बुंदेलखंड एक्सप्रेस के ठहराव बंद करा दिया गया था। करोना खत्म होने के बाद ट्रेनों का संचालन तो सुचारू रूप से शुरू हो गया। लेकिन चित्रकूट के बरगढ और बांदा जिले के खुरंहड रेलवे स्टेशन में उपरोक्त ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित नही हो सका।

सामाजिक क्रांति के महानायक थे डॉ भीमराव अंबेडकर: अभिषेक आनंद

● परिनिर्वाण दिवस पर जिलाधिकारी ने दी श्रद्धांजलि

संवाददाता। चित्रकूट

बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट सभागार में श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन में कठिनाइयों से सामना करते हुए सामाजिक लड़ाई लड़ी थी।

बुधवार को जिलाधिकारी ने बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि बाबा साहब शिक्षा ग्रहण करने के बाद देश लौटे, देश में संविधान बनाने का मौका मिला। देश में विभिन्न जाति-धर्म के अनुयायियों अनुरूप संविधान बनाया, इससे देश आज प्रगति पर है। विभिन्न समाज व धर्म को एक साथ पिरोने का कार्य किया। उनके आदर्शों को जीवन में पालन करना चाहिए। सामाजिक सिद्धांतों पर सभी लोगों को उनके आदर्शों मानने चाहिए। एडीएम श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव ने डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवनवृत्त पर रोशनी डाली। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने समाज में दलितों, पिछड़ों व महिलाओं की लड़ाई लड़े। हिंदू बिल कोड एवं संविधान बनाया।

डॉ. अंबेदकर को परिनिर्वाण दिवस पर पुष्प अर्पित किए

उरई, जालौन। भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर जनपद के सभी 19 मंडलों में भाजपा के पदाधिकारी द्वारा मूर्ति की साफ सफाई कर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए गए। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष उर्विज दीक्षित ने उरई नगर के अंबेडकर चौराहे पर अंबेडकर की प्रतिमा पर साफसफाई करके माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रमदान किया। तदुपरांत भाजपा कार्यालय उरई में संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि बुंदेलखंड खंड विकास बोर्ड के सदस्य शंभू दयाल रहे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का सपना था भारत की हर गरीब को उनका हक और सम्मान मिले।

एफआईआर दर्ज होने पर भी मिल सकता है ओटीएस योजना का लाभ

जालौन, उरई। जिन उपभोक्ताओं के एफआईआर हो चुकी है वह ओटीएस योजना में पंजीकरण कराकर राजस्व निर्धारण में 60 फीसदी छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा 15 दिसंबर तक नलकूप व बिजली बिलों के बकाएदार भी ओटीएस योजना में पंजीकरण कराकर सरचार्ज में छूट का लाभ उठा सकते हैं। यह जानकारी एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने दी है। विद्युत उपखंड अधिकारी कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि ओटीएस योजना के तहत उपभोक्ता 31 दिसंबर तक योजना का लाभ ले सकते हैं। जिसका पहला चरण 30 नवंबर को समाप्त हो चुका है। योजना का दूसरा चरण 15 दिसंबर तक चलेगा। इसमें उपभोक्ताओं को उनके बिल की कैटेगरी के आधार पर छूट का लाभ दिया जा रहा है। बताया कि इस योजना के तहत 24 हजार 116 उपभोक्ताओं का पंजीकरण कराने का लक्ष्य है। लेकिन अब तक लक्ष्य के सापेक्ष कुल 1876 उपभोक्ताओं ने ही पंजीकरण कराया है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि जितनी जल्दी उनके पंजीकरण होंगे उन्हें छूट का उतना ही अधिक लाभ मिलेगा। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर भी पंजीकरण किए जा रहे हैं। इसलिए उपभोक्ता अपनी जिम्मेदारी हो समझें और अधिक से अधिक पंजीकरण कराएं।

एसडीएम ने बेसहारा लोगों के लिये रैन बसेरा व्यवस्थाएं परखीं

जालौन, उरई। निर्धन बेसहारा लोगों को ठंड से बचाव के लिए नगर पालिका परिसर में रैन बसेरा खोला गया है। इसमें रहने वालों लोगों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई है। एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को परखा। सर्दी शुरू होने के साथ ही शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद द्वारा नगर पालिका परिसर में रैन बसेरा खोल दिया गया है। खुले आसमान में जीवनयापन करने वालों के लिए खोले गए रैन बसेरा में फिलहाल 16 लोगों की व्यवस्था की गई है। जिसमें कंबल व गद्दों की व्यवस्था की कर दी गई है। रैन बसेरा में पेयजल व शौचालय की व्यवस्था की गई है। हालांकि रैन बसेरा में अभी कोई भी व्यक्ति रहने नहीं आया है। जिसके चलते रैन बसेरा खाली पड़ा है। एसडीएम ने मौजूद कर्मचारियों को निर्देश दिए कि यदि रात्रि के समय कोई व्यक्ति खुले आसमान में रात गुजारता हुआ मिले तो उसे रैन बसेरा में रूकने के लिए प्रेरित करें। साथ ही ऐसे व्यक्तियों को रैन बसेरा में पहुंचाएं भी।

कृषि बीज गोदाम पर किसानों की उमड़ी भीड़, नहीं मिला रहा बीज

संवाददाता। कोंच, जालौन

किसानों की मटर की फसल में उजाड़ होने के बाद अब समय केवल गेहूं की बुआई करने का बचा है लेकिन कृषि बीज भंडारों पर बीज नहीं होने से किसान परेशान हैं और इस उम्मीद में कि शायद आज मिल जाए, बीज भंडारों पर रोजाना ही दौड़ भाग कर रहे हैं। 2 महीने पहले आया 190 क्विंटल बीज ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुआ, डिमांड ज्यादा होने की वजह से वह तो आते ही खत्म हो गया था।

सरकारी मशीनरी और सरकार में मूलभूत अंतर अब लोगों के समझ में आने लगा है। सरकार वह है जो किसानों की आमदनी बढ़ाने और सभी सुविधाएं किसानों को मुहैया कराने के दावे करती है और सरकारी मशीनरी वह है जो सरकारी दावों में पलीता लगाने का काम कर रही है। दरअसल, सरकारी कृषि बीज भंडार हाथी के दांत बनकर रह गए हैं। मटर की फसल में कीट और इल्ली लग जाने की वजह से किसानों ने खड़ी फसल अपने हाथों से ही उजाड़ दी और खेतों की जुताई कर डाली। अब चूंकि दिसंबर का महीना चल रहा है और यह समय केवल गेहूं की फसल बोने का रह गया है लेकिन सरकारी बीज गोदामों पर गेहूं का लेट बोने बाली वैराइटीज का बीज उपलब्ध नहीं होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखीं जा सकती हैं।

बीज गोदामों पर उक्त बीज 4120 रुपए प्रति क्विंटल में प्राप्त हो जाता है, उसमें भी 50 फीसदी सब्सिडी होने से किसानों को बीज सस्ता तो पड़ता ही है, बीज अच्छा होने की गारंटी भी मानी जाती है लेकिन वहां बीज दो महीने पहले ही खत्म हो चुका है। बताया गया है कि कुल 190 क्विंटल गेहूं का बीज आया था जो ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुआ।

क्विक न्यूज

पराली न जलाने के लिए किसानों को किया जागरूक

कानपुर देहात। जिला कृषि अधिकारी द्वारा लगातार परली न जलाने हेतु किसानों को जागरूक किया जा रहा है तथा पराली जलाने से फैलने वाले प्रदूषण के बारे में भी लोगों को बताया जा रहा है, इसी के तहत आज दिनांक 6.11.2023 को ग्राम पंचायत विगाई विकासखंड अकबरपुर मे जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर उमेश कुमार, गुप्ता उद्यान अधिकारी डॉक्टर बलदेव प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से कृषक विशाल सिंह पुत्र लहुआ सिंह के सरसों फसल का निरीक्षण किया गया, सरसो कि फसल बहुत ही अच्छी अवस्था में थी। साथ इसी गांव के शिमला मिर्च के खेत का निरीक्षण किया गया मौके पर कृषक श्री रामबाबू शुक्ला पुत्र स्वर्गीय अशर्फी लाल शुक्ला के द्वारा खेत में शिमला मिर्च का रोपण किया जा रहा था उनके दवारा एक्सीलेंस सेंटर उमरधा कन्नौज में बीज देकर पौध तैयार करके पौध लाया गया था। जिसे ड्रिप इरिंगेशन के लिए 90 प्रतिशत अनुदान पर उद्यान विभाग के द्वारा चलायी जा रही योजना के विषय में कृषक को अवगत कराया गया।

डीएम ने की गोवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गोवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। आश्रय स्थलों पर प्रॉपर रिकॉर्ड मेंटेन रखा जाए। शीतलहर के दृष्टिगत गोवंश हेतु तिरपालए काउ कोट इत्यादि की व्यवस्था की जाए। निरन्तर अभियान चलाकर आवारा गोवंश को पकड़ने के निर्देश दिए। गौशाला में प्रॉपर साफसफाई हो। गोपालकों से प्रतिदिन गोबर एकत्र कराया जाए ताकि उसको बेच कर आय जनरेट की जा सके। नंदी गोवंश को कटरी धर्मपुर गौशाला में शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर प्रधानपति ने मढ़े आरोप

फतेहपुर। बहुआ विकास खंड की ग्राम पंचायत चुरियानी के प्रधानपति ने प्राथमिक विद्यालय में बने आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्री पर गाली-गलौज करने व जूतों से मारने की धमकी दिये जाने का आरोप लगाते हुए मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा। प्रधानपति ने कार्यकत्री पर कानूनी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई। चुरियानी प्रधान सुनैना देवी के पति व प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार शिवहरे बुधवार को गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों की संख्या चेक करने के लिए गये थे। जब प्रधान प्रतिनिधि श्री शिवहरे केंद्र पहुंचे और बच्चों की संख्या गिनने लगे तो वहां मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्री सरोज प्रतिनिधि पर आग बबूला हो गई और अपशब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगी। इतना ही नहीं धमकी दिया कि यदि तत्काल नहीं गये तो जूतों से मारेगी और घसीटकर बाहर फेंक देगी। यह भी कहा कि केंद्र पर दोबारा दिखाई नहीं देना। पीड़ित ने सीडीओ से आंगनबाड़ी कार्यकत्री सरोज के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

महिला अपराध में एक नामजद गिरफ्तार

कानपुर देहात। पुलिस अधीक्षक जनपद बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, नाबालिग बालिका के साथ छेड़खानी करने के सम्बन्ध में वादिनी/पीड़िता की मां द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर 1 नफर नामजद अभियुक्त ब्रजेश पुत्र स्व0 बल्ला उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी लाड़पुर पैठ थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात पर पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त ब्रजेश उपरोक्त को दिनांक बजे गिरफ्तार किया गया।

युवा विकास समिति ने सैकड़ों गरीबों को बांटे कंबल

फतेहपुर। युवा विकास समिति ने देवमई ब्लॉक के पधारा ग्राम सभा में ठिठुर रहे सैंकडों गरीब लोगों को कंबल का वितरण कर राहत पहुंचाई। कंबल पाकर गरीब खुशी से फूले नहीं समायें 51 गरीब और असहाय बुजुर्ग दादियों को शाल वितरित किए गए। सामाजिक संगठन के आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा शामिल हुए। पदाधिकारियों के साथ गरीब व असहाय लोगों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम का आयोजन राम किशोर शर्मा ने किया।

ब्लॉक दिवस से परियारियों का हुआ मोह भंग

कोंच, जालौन। ब्लॉक समाधान दिवस का आयोजन कोंच बीडीओ प्रतिभा शाल्य की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मौके पर एक भी शिकायत दर्ज नहीं करायी गयी। इस दौरान एडीओ नरेशचंद्र दुबे, देवेन्द्र निरंजन, हरीश निरंजन, रमेश वर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रशांत श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। नदीगाँव में भी खंड विकास अधिकारी गौरव कुमार सहित विभागीय कर्मी उपस्थित रहे लेकिन एक भी शिकायत दर्ज नहीं करायी गयी। वहीं दूसरी ओर ब्लॉक समाधान दिवस से गैरहाजिर रहने पर सख्त रुख अपनाते हुए बीडीओ प्रतिभा शाल्य ने सचिव अनुज गुप्ता को छोड़कर शेष अन्य सभी पदस्थ सचिवों और तकनीकी सहायकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा।

एआरटीओ व विद्युत वितरण खंड में चला मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान

संवाददाता। फतेहपुर

स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान उप जिलाधिकारी शुभेंदु गोपाल व स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में आरटीओ ऑफिस व विद्युत वितरण खंड प्रथम कार्यालय में देश का फॉर्म-6 व मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्युत वितरण खण्ड प्रथम में उपखंड अधिकारी एमएम सिद्दीकी व सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी पुष्पांजलि मित्रा गौतम ने फीता काटकर व सर्वप्रथम मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान के बैनर पर हस्ताक्षर कर किया। साथ ही सभी को मतदाता जागरूकता निवेदन पत्रक भी वितरित किया तत्पश्चात स्वीप आइकॉन व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने सभी कर्मचारियों व आमजनमानस को मतदाता शपथ भी दिलाई। स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग ने कहा कि सभी जागरूक बनें और 9 दिसंबर तक जो भी मतदाता नहीं बने हैं तत्काल देश का फॉर्म 6 भरकर मतदाता बनें। जनपद में महिला मतदाता पुरुष मतदाता की अपेक्षा कम है इसलिए मातृ शक्तियों को भी मतदाता बनाने हेतु जागरूक अवश्य करें। फॉर्म 8 से दिव्यांग बंधु मतदाता बन सकते हैं। साथ ही वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर घर बैठे मतदाता बन सकते हैं।

संविधान की रक्षा के लिए साथी एकजुट हों: नरेश उत्तम

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय में बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने हिस्सा लिया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव ने की। आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब ने हम सभी को एक वोट का अधिकार दिया जो मूल्य अमीर के वोट का है वही मूल्य गरीब के वोट का भी है। संविधान की रक्षा के लिए सभी साथी एकजुट होकर काम करें।

शादी से एक दिन पहले प्रेमी संग युवती फरार

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के रहने वाले एक ग्रामीण ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बेटी का रिश्ता बकेवर थाना क्षेत्र के लच्छीखेड़ा गांव में एक युवक के साथ तय किया था। कुछ महीने पहले युवती का लग्न हुआ था। 6 दिसंबर को उसकी बारात आनी थी। परिजन हंसी-खुशी युवती की शादी की तैयारियों में जुटे थे। बताया जा रहा है कि पांच दिसंबर की सुबह सदर कोतवाली क्षेत्र के नऊवाबाग निवासी सौरभ सोनकर का युवती के पास फोन आया। ग्रामीणों में चर्चा है कि युवक के साथ पहले से ही युवती का प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजनों ने उसकी शादी दूसरे से तय कर दी थी। लड़की ने शादी तय होने के समय तक कुछ नहीं कहा। मौका पाकर मंगलवार की सुबह करीब 10.30 बजे वह प्रेमी के साथ भाग गई। युवती के परिजनों ने पूरे मामले में स्थानीय थाने में युवक के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

वैश्य एकता परिषद मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह का 24 दिसंबर को होगा आयोजन

फतेहपुर। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद की एक बैठक कैंप कार्यालय पीलू तले चौराहे पर जिलाध्यक्ष अरुण जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अरुण जायसवाल ने कहा कि प्रतिभा अगर सम्मानित होती है तो उसका हौसला और बढ़ता है। साथ ही उसका अवलोकन पीछे की पंक्ति खड़े मेधावी प्रतिभा का अनुसरण करते हुए आगे बढ़ने का प्रयास करता है इसलिए परिषद द्वारा प्रत्येक वर्ष मेधावी छात्र-छात्रा अलंकरण समारोह आयोजित किया जा रहा है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित परिषद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद कुमार गुप्त ने बताया कि 24 दिसंबर को आयोजित वैश्य मेधावी छात्र-छात्रा अलंकरण समारोह में हाईस्कूल व उससे ऊपर उच्च शिक्षा में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जो मेधावी वर्ष 22-23 में उत्तीर्ण हुए हैं वही मेधावी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष कविता रस्तोगी ने बताया कि परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमंत गुप्ता की अध्यक्षता में उक्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, पूर्व न्याय मंत्री राधेश्याम गुप्ता, कैबिनेट मंत्री रवींद्र जायसवाल एवं विधायक विकास गुप्ता का सानिध्य प्राप्त होगा।

पेज एक का शेष

पाक अधिकृत...

(पीओके) के विस्थापित व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक सदस्य को विधान सभा में नामित किया जाएगा। पीओके के निवासियों के लिए 24 सीटें रखी जाएंगी। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक के तहत, कश्मीरी प्रवासी समुदाय के दो सदस्यों और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के विस्थापित व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक सदस्य को विधान सभा में नामित किया जाएगा। पीओके के निवासियों के लिए 24 सीटें रखी जाएंगी। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बारे में बात करते हुए शाह ने कहा कि इसका वादे से पीछे हटने से कोई लेना-देना नहीं है क्योंकि यह एक अस्थायी अनुच्छेद था और इसे जाना ही था। उन्होंने विपक्षी दलों का जिक्र करते हुए कहा, आपमें साहस नहीं था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साहस दिखाया और इसे खत्म कर दिया। शाह ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पर दो विधेयकों में एक महिला सहित दो कश्मीरी प्रवासी समुदाय के सदस्यों को विधानसभा में नामांकित करने का प्रावधान है। गृह मंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में एक सीट पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से विस्थापित लोगों के लिए अलग रखी जाएगी। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के कारण अब तक 45,000 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। शाह ने कहा कि सरकार का ध्यान जम्मू-कश्मीर में आतंकी तंत्र को खत्म करने पर है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि मोदी सरकार 2024 में सत्ता में लौटेगी और 2026 तक मुझे उम्मीद है कि जम्मू-कश्मीर में कोई आतंकी घटना नहीं होगी। शाह के जवाब के बाद जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक लोकसभा द्वारा पारित कर दिया गया।

विस चुनाव...

कहा कि मुख्यमंत्री के तौर पर तीन के नाम तय करने में सामाजिक समीकरण से जुड़े राजनीतिक कारकों पर महत्वपूर्ण विचार किया जाएगा। राजे (70) दो बार की पूर्व मुख्यमंत्री हैं लेकिन पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ उनका समीकरण बहुत अच्छा नहीं रहा है। जबकि छत्तीसगढ़ में ओबीसी समाज से आने वाले साव और अनुसूचित जनजाति के साई को उनकी सामाजिक पृष्ठभूमि, छवि और अपेक्षाकृत युवा प्रोफ़ाइल के कारण गंभीर दावेदार के रूप में देखा जाता है। तीन बार पूर्व मुख्यमंत्री रहे रमन सिंह (71) के बारे में भी चर्चा हो रही है, लेकिन एक राय यह भी है कि भाजपा नेतृत्व नेतृत्व में पीढ़ीगत बदलाव चाहता है। एक भाजपा नेता ने प्रधानमंत्री के हालिया उपदेशों पर गौर किया कि उनके लिए महिलाएं, युवा, गरीब और किसान चार सबसे बड़ी जातियां हैं, उन्होंने कहा कि यह अंतिम निर्णय में भूमिका निभा सकता है।

आतंकी पन्नू...

पन्नू ने वीडियो में दावा किया कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने उसे मारने की कोशिश की और उसने इसका जबाव 13 दिसंबर को देने की धमकी दी। वीडियो में संसद हमले के दोषी अफजल गुरु की तस्वीर भी थी। पन्नू ने दावा किया कि उसकी प्रतिक्रिया भारतीय संसद की नींव हिला देगी। पिछले महीने, संयुक्त राज्य अमेरिका के संघीय एंजियों ने एक भारतीय खुफिया अधिकारी पर न्यूयॉर्क में पन्नू को कथित तौर पर मारने के लिए भारत से साजिश की योजना बनाने और निर्देशित करने का आरोप लगाया था। इस साजिश में कथित तौर पर एक अन्य भारतीय नागरिक और दो व्यक्ति, एक स्रोत और एक हिटमैन शामिल थे, जो गुप्त अमेरिकी अधिकारी निकले। आरोपों पर ध्यान देते हुए, विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने उच्च स्तरीय जांच शुरू की है और यह चिंता का विषय है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने कहा कि वह इस मामले को बहुत गंभीरता से लेता है और इसमें भारत की जांच के परिणाम देखने के लिए इंतजार करेगा। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मीडिया से बातचीत में कहा। उन्होंने भारत से भी इस मामले की जांच करने को कहा है। अब वह जांच के नतीजे देखने के लिए इंतजार करेंगे, लेकिन यह ऐसी चीज है जिसे अमेरिका बहुत गंभीरता से लेता हैं, उन्होंने कहा, हम उस जांच के नतीजों को देखने के लिए उत्सुक हैं और वह जांच पूरी होने से पहले जाहिर तौर पर कोई आकलन नहीं करना चाहते। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जोनाथन फाइनर ने नई दिल्ली को अमेरिकी धरती पर एक सिख अलगाववादी को मारने की नाकाम साजिश में कथित भारतीय लिंक की जांच के लिए भारत द्वारा घोषित जांच में जिम्मेदार पाए गए किसी भी व्यक्ति को जवाबदेह ठहराने के महत्व से अवगत कराया। जैसे ही फाइनर ने मंगलवार को अपनी हाई-प्रोफाइल भारत यात्रा समाप्त की, व्हाइट हाउस ने कहा कि फाइनर ने इस साजिश की जांच के लिए भारत द्वारा एक जांच समिति की स्थापना को स्वीकार किया और जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने की आवश्यकता को रेखांकित किया। दिल्ली में उनकी बैठकों का जिक्र करते हुए एक रीडआउट में कहा गया, फाइनर ने संयुक्त राज्य अमेरिका में घातक साजिश की जांच के लिए भारत द्वारा एक जांच समिति की स्थापना और जिम्मेदार पाए गए किसी भी व्यक्ति को जवाबदेह ठहराने पर जोर दिया है। इसमें कहा गया है कि फाइनर ने अपने भारतीय वार्ताकारों के साथ संघर्ष के बाद गाजा पर इजराइल समस्या पर भी चर्चा की। व्हाइट हाउस के वरिष्ठ अधिकारी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजीत डोभाल, विदेश सचिव विनय क्वात्रा से मुलाकात की और एनएसए विक्रम मिस्री के साथ विस्तार से बातचीत की। उनकी नई दिल्ली की यात्रा अमेरिकी एजेंसियों द्वारा एक भारतीय अधिकारी को सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नून की हत्या की साजिश रचने के आरोपी व्यक्ति से जोड़ने के कुछ दिनों बाद हुई।

द्रुमक सांसद...

उत्तर-दक्षिण विभाजन को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति 2019 में अमेठी से लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी की हार के साथ शुरू हुई। ठाकुर ने आरोप लगाया कि गांधी ने अमेठी में अपनी चुनावी हार के बाद अपनी लोकसभा सीट वायनाड में उत्तर भारतीयों को अपमानित करने वाले कुछ बयान दिए थे, उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता ने उन लोगों के साथ भी साझा किया था जो भारत को टुकड़ों में विभाजित होते देखने के इच्छुक थे। उन्होंने कहा, हमने तब कहा था कि कोई टुकड़े-टुकड़े गिरोह के साथ खड़ा है। अब, कांग्रेस के सहयोगियों की अपमानजनक टिप्पणियां देश को क्षेत्रीय आधार पर विभाजित करने के बीज बो रही हैं, जो कांग्रेस की राज करने के लिए वास्तविक सोच को दर्शाता है। लोकसभा में जब सदन शून्यकाल के लिए दोबारा शुरू हुआ तो केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने यह मुद्दा उठाते हुए पूछा कि क्या द्रमुक नेता टीआर बालू और कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन टिप्पणियों से सहमत हैं। बालू ने कहा कि सेंथिल द्वारा की गई टिप्पणी सही नहीं है। बालू ने कहा, सेंथिल कुमार द्वारा दिया गया बयान सही नहीं था। एमके स्टालिन ने विशेष सदस्य को चेतावनी दी है। इसके तुरंत बाद, भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सनातन के बारे में बार-बार की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों पर कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की चुप्पी की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि मैंने आज टीआर बालू को यह कहते सुना कि मुख्यमंत्री स्टालिन ने सांसद सेंथिलकुमार को ऐसे बयान नहीं देने के लिए कहा है। भाजपा ने कहा, लेकिन एक सवाल है जो बालू और (एमके) स्टालिन से पूछा जाना चाहिए। क्या एम के स्टालिन ने उदयनिधि स्टालिन और ए राजा को माफी मांगने की सलाह दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी भारतीय गुट की पार्टियों ने उत्तर-दक्षिण विभाजन संबंधी टिप्पणियों के साथ विभाजनकारी राजनीति का एक नया अध्याय शुरू कर दिया है क्योंकि वोटों के लिए धार्मिक आधार पर विभाजन पैदा करने के उनके प्रयास हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में काम नहीं आए।

गरबा यूनेस्को...

सांस्कृतिक आयोजन जैसे कि रामलीला, वैदिक मंत्रोच्चार, कुंभ मेला और दुर्गा पूजा को पहले ही यूनेस्को सूची में जगह मिल चुकी है। दक्षिण एशिया के लिए यूनेस्को नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्याल

संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता में कुछ मोर्चों पर प्रगति जीवाश्म ईंधन पर अब भी नहीं बनी सहमति

भाषा। दुबई

महत्वपूर्ण संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में वार्ताकार बुधवार को कुछ मुद्दों पर थोड़ी प्रगति के साथ अपने पहले सप्ताह के काम को पूरा करने की तैयारी में दिखे। मंत्रियों के अंतिम सप्ताह की बैठकों के लिए लौटने से पहले आगे बढ़ने के लिए समय हालांकि अब बहुत कम बचा है। यह सम्मेलन संकट की स्थिति में ग्रह के आगे बढ़ने के मार्ग को आकार देगा। अब तक चर्चाएं इस पर केंद्रित रही हैं कि राष्ट्र पूर्व-औद्योगिक समय की तुलना में तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के अपने जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने में कहां हैं और कैसे इसमें प्रगति कर सकते हैं। वार्ताकारों ने मंगलवार को पाठ का एक नया मसौदा तैयार किया, लेकिन इसमें बहुत अधिक संकेत नहीं मिला कि अगले सप्ताह सत्र समाप्त होने पर किन पर सहमति बनेगी।

एसोसिएशन ऑफ स्मॉल आइलैंड स्टेट्स के अध्यक्ष सेड्रिक शूस्टर ने कहा कि पेरिस समझौते के तहत निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने में असफल होने से इस सीओपी को यह कहते हुए छोड़ना काफी मुश्किल हो जाएगा कि हम 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रमुख उत्सर्जकों और विकसित देशों को आगे आकर जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने के प्रयासों को तेज करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, अगर हम असफल हुए तो परिणाम विनाशकारी होंगे।

जर्मन जलवायु दूत जेनिफर मॉर्गन ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह इस बात पर स्पष्टता देखना चाहती हैं कि ऊर्जा परिवर्तन किस ओर जाना चाहिए तथा जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करना चाहिए। बुधवार के सत्र परिवहन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए थे। इस दौरान इलेक्ट्रिक वाहन की चार्जिंग के बुनियादी ढांचे के निर्माण और शहरी माल परिवहन को कार्बन मुक्त करने जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

जलवायु वार्ता ने पहले सप्ताह में थोड़ी कामयाबी हासिल की जब देशों ने जलवायु आपदाओं से प्रभावित देशों को मुआवजा देने के लिए नुकसान और क्षति कोष के गठन को अंतिम रूप दिया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस के अनुसार, 50 तेल कंपनियों ने 2030 तक लगभग शून्य मीथेन उत्सर्जन तक पहुंचने का वादा किया है, जो ग्रीनहाउस गैसों को कम करने के लिए उद्योग की प्रतिबद्धता है, लेकिन यह आवश्यकता से कम है। क्लाइमेट एनालिटिक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जलवायु वैज्ञानिक बिल हेयर ने कहा कि बैठक का मुख्य मुद्दा जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के बारे में किसी निष्कर्ष पर पहुंचना है। जब तक हम ऐसा नहीं करते, मुझे संदेह है कि क्या हम तापमान में सुधार देखेंगे।

अमृता शेरगिल के लाहौर स्थित आवास को संग्रहालय बनाने की योजना बना रहा हंगरी

लाहौर। हंगरी-भारतीय मूल की चित्रकार अमृता शेरगिल की यहां द मॉल स्थित गंगा राम हवेली को हंगरी ने एक संग्रहालय में बदलने की योजना बनाई है। हंगरी की एक राजनयिक ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रसिद्ध कलाकार अमृता शेरगिल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने के लिए एक स्मारक पट्टिका और एक प्रदर्शनी का अनावरण किया गया और इस मौके पर कई बुद्धिजीवी और कलाप्रेमी एकत्र हुए। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लाहौर में पंजाब यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ आर्ट एंड डिजाइन के सहयोग से हंगरी दूतावास ने अमृता की 82वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को यहां स्थित उनके निवास पर एक स्मारक पट्टिका स्थापित करने के लिए एक समारोह और प्रदर्शनी का आयोजन किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के 13 कलाकारों द्वारा शेरगिल की कलाकृतियों की अनुकृतियां प्रदर्शित की गईं। उन्होंने इस प्रतिष्ठित कलाकार को श्रद्धांजलि देने के लिए अपने विचारों के मिश्रण से अमृता शेरगिल की कलाकृतियों की अनुकृतियां तैयार कीं। इस अवसर पर पाकिस्तान में हंगरी की राजदूत बेला फाजेकास ने कहा कि अमृता शेरगिल का जन्म हंगरी में हुआ था और वह भारतीय उपमहाद्वीप के प्रतिष्ठित चित्रकारों में से एक थीं।

मेम्बर आफ कैलीफोर्निया फैकल्टी एसोसिएशन के सदस्य सैन फ्रांसिस्को में रैली निकालते हुए।

हाईकोर्ट तोशखाना भ्रष्टाचार मामले मे इमरान खान की याचिका खारिज की

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में अपनी अयोग्यता के खिलाफ अपील वापस लेने का अनुरोध किया था। तोशखाना मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद से इमरान खान (71), पांच अगस्त से जेल में बंद हैं। तोशखाना (राज्य भंडार) से मिले उपहारों की बिक्री से प्राप्त आय का विवरण न दे पाने के मामले में पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने खान को अयोग्य घोषित कर दिया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के नेता खान निर्वाचन आयोग के फैसले के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) के प्रमुख का रुख किया और यह तर्क दिया कि उन्होंने यह संपत्ति कानूनी रूप से खरीदी थी। इसलिए, उनके पास अपने संपत्ति विवरण में उपहारों का उल्लेख न करने का कोई कारण नहीं था।

18 जनवरी को खान की पार्टी ने याचिका वापस लेने के लिए आईएचसी में एक नई याचिका दायर की, जिसमें कहा गया कि इमरान खान चाहते हैं कि इस मामले की सुनवाई लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) में हो। खान की अयोग्यता के खिलाफ एलएचसी में एक अलग याचिका दायर की गई थी। आईएचसी के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने बुधवार को मामले में फैसला सुनाया और अयोग्यता के खिलाफ अपनी याचिका वापस लेने के खान के अनुरोध को खारिज कर दिया। न्यायालय ने 13 सितंबर को सुनवाई पूरी कर फैसले को सुरक्षित रख लिया था। खान, वर्तमान में गोपनीय जानकारी लीक करने और देश के कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में 26 सितंबर से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अडियाला जेल में बंद हैं।

मलाला ने लैंगिक भेदभाव को मानवता के खिलाफ अपराध बनाने का किया आग्रह

भाषा। जोहानिसबर्ग

नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मलाला यूसुफजई ने अफगानिस्तान में महिलाओं पर तालिबान द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों की तुलना दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के तहत अश्वेतों के साथ किए जाने वाले व्यवहार से करते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से "लैंगिक भेदभावै को मानवता के खिलाफ अपराध बनाने का आग्रह किया है। यूसुफजई को 2014 में 17 साल की उम्र में पाकिस्तान में लड़कियों की शिक्षा के लिए संघर्ष करने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वह मंगलवार को यहां वार्षिक नेल्सन मंडेला व्याख्यान के 21वें संस्करण में वक्ता थीं।

इस कार्यक्रम में, अंतरराष्ट्रीय वक्ता हर साल मंडेला की पुण्य तिथि पर अपने विचार साझा करते हैं, जो राजनीतिक कैदी के रूप में 27 साल की सजा काटने के बाद दक्षिण अफ्रीका के पहले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति बने थे।

मलाला ने कहा कि अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद तालिबान ने महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ जो लैंगिक भेदभाव शुरू किया है, पूरी दुनिया को उस पर ध्यान देने और उसका मुकाबला करने की जरूरत है। मलाला ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अफगानिस्तान में बुरे दौर को खत्म करने के लिए सामूहिक और तत्काल कार्वाई करने का आग्रह किया। मलाला (26) नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाली सबसे कम उम्र की शख्स हैं। लड़कियों की शिक्षा के वास्ते आवाज उठाने के लिए आतंकवादियों ने स्कूल बस में घुस कर मलाला के सिर पर गोली मारी थी।

उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के खिलाफ अलख जगाने वाले प्रख्यात नेता नेल्सन मंडेला की 10वीं पुण्यतिथि पर जोहानिसबर्ग में वार्षिक नेल्सन मंडेला व्याख्यान देने के बाद एसोसिएटेड प्रेस से बात की।

मलाला ने अपना भाषण अफगानिस्तान की महिलाओं और लड़कियों को समर्पित किया। उन्होंने कहा, मेरे सिर पर गोली लगने के बाद पूरी दुनिया मेरे साथ खड़ी हुई। अफगानिस्तान की लड़कियों के साथ दुनिया कब खड़ी होगी? मलाला ने एसोसिएटेड प्रेस से कहा, तालिबान की सत्ता के बाद अफगानिस्तान ने केवल बुरे दिन ही देखे हैं। कम से कम ढ़ाई वर्ष हो गए हैं और अधिकतर लड़कियों ने स्कूल का मुंह नहीं देखा है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से अफगानिस्तान की वर्तमान स्थिति को लैंगिक भेदभाव मानने की अपील की और उन खबरों का जिक्र किया जिनमें कहा गया है कि महिलाओं को हिरासत में लिया जा रहा है, जेलों में डाला जा रहा है, पीटा जा रहा है जबरदस्ती विवाह कराया जा रहा है।

गाजा में भीषण युद्ध के कारण सहायता आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित

दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)। इजराइली सैनिकों के गाजा के दूसरे सबसे बड़े शहर में जमीनी हमले तेज करने के बाद बुधवार को इजराइली बलों और हमास उग्रवादियों के बीच गाजा में तीखी झड़प हुई। ताजा संघर्ष के चलते अधिकतर स्थानों पर सहायता आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। इजराइली हमलों के कारण फलस्तीनी लोगों के लिए शरण लेने के स्थान भी कम होते जा रहे हैं।

दक्षिण पर हमले से घिरे तटीय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर लोगों के विस्थापित होने का खतरा है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि इस क्षेत्र के लगभग 18 लाख से अधिक लोग (80 प्रतिशत से अधिक आबादी) पहले ही अपने घरों को छोड़ चुके हैं। गाजा शहर के बड़े हिस्से सहित उत्तर का अधिकांश हिस्सा पूरी तरह से नष्ट हो गया है। फलस्तीनियों को डर है कि गाजा के बाकी हिस्सों को भी इसी तरह का नुकसान उठाना पड़ सकता है क्योंकि इजराइल हमास को खत्म करने की कोशिश कर रहा है, जिसकी इस क्षेत्र में गहरी जड़ें हैं।

इजराइल का कहना है कि सात अक्टूबर को हुए हमले के चलते युद्ध शुरू होने के बाद वह गाजा में हमास की सैन्य उपस्थिति को स्वीकार नहीं कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र मानवीय सहायता कार्यालय ने कहा कि पिछले तीन दिनों में मिस्र की दक्षिणी सीमा पर स्थित रफाह के नजदीकी क्षेत्रों में ही आटे और पेयजल की सहायता पहुंचाई जा सकी है क्योंकि इजराइली बलों ने सड़कों को बंद किया हुआ है। सहायता समूह डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने कहा कि दीर अल-बलाह में अल-अक्सा अस्पताल में ईंधन और चिकित्सा आपूर्ति गंभीर रूप से न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। इसने कहा कि इस अस्पताल में रोजाना लगभग 200 घायलों को लाया जा रहा है। गाजा में समूह की आपातकालीन संयोजक मैरी ओरे पी. रेवियाल ने कहा, बिजली के बिना वेंटिलेटर काम करना बंद कर देंगे।

नवंबर 2023 का सबसे गर्म वर्ष

दुबई। यूरोपीय जलवायु एजेंसी की गणना के अनुसार नवंबर में लगातार छठे महीने धरती पर गर्मी का नया रिकॉर्ड बना और गर्मी में रिकॉर्ड तोड़ सबसे गर्म शरद ऋतु भी शामिल रही। 2023 में एक महीना शेष है और यह साल सबसे गर्म वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ने की ओर अग्रसर है।

PUBLIC NOTICE

My Client Sh. Dharmendra Seth S/o Sh. Brij Lal Seth is the owner of House No. 293/B Consisting of Ground Floor and First Floor Street No. 16 Measuring 125.41 Sq. Mtrs. Karkardooma Extn. Delhi-110092 Vide Registered Sale Deed Regd. No.159 Dated-31.01.2022 SR-IV-B Delhi Executed by Sh. Mohit Arya S/o Sh. Sudarshan Kumar Arya. This above-mentioned property is going to be Mortgage with Fed Bank Financial Services Limited. If any person / bank / financial Institution having any claim/right, Lien, Any Objection Whatsoever in regard to Above Property, Should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered a/d within 14 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092; Mobile no. 9811215181

PUBLIC NOTICE

My client Mr. Salman Khan S/o Mr. Ashfaque Ahmed is the owner of property Bearing No. 252, 254, and 215, Forming Part of Khasra no. 619/21, Portion Bearing No.-K, on Second Floor, without Roof Rights, Area Measuring 140 Sq. Yards. in the situated within Abadi of Lal Dora (1908-09), of Village Chhattarpur, New Delhi-110074 Registered Sale Deed Regd. No. 7479 dated-11.09.2023 executed by Mohd. Ahsan Ali Alias Mohd. Ahsan Khan S/o Mohd. Suleman. This Above-mentioned Property is going to be Mortgage with Fed Bank Financial Services Limited. If any person/bank/ financial Institution having any claim/ right, Lien, Any Objection whatsoever in regard to Above Property, should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/d within 14 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092; Mobile no. 9811215181

PUBLIC NOTICE

My Client Vikas Kumar S/o Sh. Pale Yadav Alias Pala Yadav is the Owner of Property Area Measuring 400 Sq. Yds., out of Khasra no. 118 M, Situated at Village Chipyana Khurd URF Tigri, Pargana & Tehsil Dadri, Distt. Gautam Budh Nagar Vide Registered Gift Deed Regd. No. 51159 Dated-30.11.2023 SR-DADRI executed by Sh. Pala Yadav S/o Sh. Om Prakash Yadav this above-mentioned Property is going to be Mortgage with Fed Bank Financial Services Limited. If any person/bank/ financial Institution having any claim/right, Lien, Any objection whatsoever in regard to Above Property, should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/d within 07 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092; Mobile no. 9811215181

PUBLIC NOTICE

My client Mr. Vishal Grover and Amit Grover are the Owners of Property Bearing no. 39-A, Area Measuring 42 Sq. Yds, out of 83.1/3 Sq. Yds., out of Khasra No.118,127/2, 128/1, 129/1, 120-134 and 95, Situated in the abadi of Sanjay Nagar Part-I, Gali no. 14, Area of Village Sarai Peepal Thala Delhi Vide Registered Gift Deed Regd. No. 17108, Dated-16.10.2023 at SRVI-A Delhi Executed by Mr. Kishor Lal Grover Alias Kishor Lal. This Above-mentioned Property is going to be Mortgage with Fed Bank Financial Services Limited. If Any Person/bank/ financial Institution having any claim/right, Lien, Any Objection whatsoever in regard to Above Property, should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/d within 07 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092; Mobile no. 9811215181

PUBLIC NOTICE

My Client Smt. Satviri W/o Sh. Chet Ram is Owner of Property Bearing No. Residential Plot Area 250 Sq. Yards. Out of Khasra No. 182, Situated at Village Hajratpur, Vajidpur Noida, Pargana and Tehsil Dadri, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P. Vide Registered Gift Deed Regd. No. 8259, Dated-01.12.2023 at SR-NOIDA-III, U.P. executed by Sh. Dalchand S/o Sh. Chet Ram. This Above-mentioned Property is going to be Mortgage with Fed Bank Financial Services Limited. If Any person/bank/financial Institution having any claim/right, Lien, Any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered a/d within 07 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092; Mobile no. 9811215181

हमने जो जलवायु परिवर्तन किया है वह कम से कम 50,000 वर्षों और शायद इससे भी अधिक समय के लिए है

लीसेस्टर (यूके)। (द कन्वरसेशन) फरवरी 2000 में, पॉल क्रुटज़ेन मैक्सिको में इंटरनेशनल जियोस्फीयर-बायोस्फीयर प्रोग्राम में बोलने के लिए खड़े हुए। जब उन्होंने बात की, तो लोगों का ध्यान इस ओर गया। वह तब दुनिया के सबसे अधिक उद्धृत वैज्ञानिकों में से एक थे, एक नोबेल पुरस्कार विजेता जो बड़े पैमाने की समस्याओं - ओजोन छिद्र, परमाणु सर्दी के प्रभाव पर काम कर रहे थे। कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि उनके द्वारा परिष्कृत किए गए एक शब्द ने जोर पकड़ लिया और व्यापक रूप से फैल गया: यह शब्द एंथ्रोपोसीन था, एक प्रस्तावित नया भूवैज्ञानिक युग, जो औद्योगिक मानवता के प्रभाव से परिवर्तित पृथ्वी का प्रतिनिधित्व करता है।

वर्तमान संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन, सीओपी28 के संदर्भ में एक पूरी तरह से नए और मानव-निर्मित भूवैज्ञानिक युग का विचार एक गंभीर परिदृश्य है। इन और इसी तरह के अन्य सम्मेलनों में लिए गए निर्णयों का प्रभाव न केवल हमारे अपने जीवन और हमारे बच्चों के जीवन से परे, बल्कि संभवत: मानव समाज के जीवन से परे भी महसूस किया जाएगा। एंथ्रोपोसीन अब व्यापक प्रचलन में है, लेकिन जब क्रुटज़ेन ने पहली बार बात की थी तब भी यह एक नया सुझाव था। अपने नए विचार के समर्थन में, क्रुटज़ेन ने कई लक्षणों का हवाला दिया: भारी वनों की कटाई, दुनिया की बड़ी नदियों पर बांधों का तेजी से बढ़ना, अत्यधिक मछली पकड़ना, उर्वरक के उपयोग से ग्रह का नाइट्रोजन चक्र प्रभावित होना, ग्रीनहाउस गैसों में तेजी से वृद्धि।

जहाँ तक जलवायु परिवर्तन की बात है, निश्चित रूप से चेतावनी की घंटियाँ बज रही थीं। 20वीं सदी के मध्य से वैश्विक औसत सतह तापमान लगभग आधा डिग्री बढ़ गया था। लेकिन, वे अभी भी हिमयुग के अंतरहिमनदीय चरण के मानक के भीतर थे। कई उभरती समस्याओं में से, जलवायु भविष्य की एक समस्या लग रही थी। दो दशक से कुछ अधिक समय बाद, भविष्य की यह समस्या सामने आ खड़ी हुई। 2022 तक, वैश्विक तापमान आधा डिग्री और चढ़ गया था, रिकॉर्ड शुरू होने के बाद से पिछले नौ साल सबसे गर्म रहे। और 2023 में जलवायु संबंधी रिकॉर्ड न सिर्फ टूटे, बल्कि ध्वस्त भी हुए। सितंबर तक ऐसे 38 दिन हो चुके थे जब वैश्विक औसत तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस पूर्व-औद्योगिक तापमान से अधिक हो गया था, जो पेरिस समझौते में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) द्वारा निर्धारित वार्मिंग की सुरक्षित सीमा थी। पिछले वर्षों में यह दुर्लभ था, और 2000 से पहले यह मील का पत्थर कभी दर्ज नहीं किया गया था।

तापमान में इस उछाल के साथ रिकॉर्ड तोड़ गर्मी, जंगल की आग और बाढ़ आई, जो अन्य स्थानीय मानवीय गतिविधियों के कारण और बढ़ गई। एंथ्रोपोसीन पृथ्वी पर जलवायु केन्द्रीय भूमिका में आ गई है। तापमान में इतनी बढ़ोतरी क्यों? कुछ हद तक, यह ग्रीनहाउस गैसों में बेतहाशा वृद्धि है, क्योंकि जीवाश्म ईंधन मानव ऊर्जा उपयोग पर हावी रहता है। जब क्रुटज़ेन ने मेक्सिको में बात की, तो वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर लगभग 370 भाग प्रति दस लाख (पीपीएम) था, जो पहले से ही औद्योगिकीकरण से पहले 280 पीपीएम से ऊपर था। वे अब लगभग 420 पीपीएम हैं, और प्रति वर्ष लगभग 2 पीपीएम बढ़ रहे हैं। कुछ हद तक, पिछले कुछ वर्षों में जमीन और समुद्र दोनों पर साफ आसमान के कारण तापमान में वृद्धि हुई है, जिसका श्रेय पुराने बिजली स्टेशनों और गंदे सल्फर युक्त ईंधन को चरणबद्ध तरीके से हटाने के नए नियमों को जाता है। जैसे-जैसे औद्योगिक धुंध साफ होती है, सूर्य की अधिक ऊर्जा वायुमंडल के माध्यम से और जमीन पर आती है, और ग्लोबल वार्मिंग पूरी ताकत से शुरू हो जाती है। कुछ हद तक, हमारे ग्रह के ताप-प्रतिबिंबित दर्पण सिकुड़ रहे हैं, क्योंकि समुद्री बर्फ पिघल रही है, शुरुआत में आर्कटिक में, और पिछले दो वर्षों में, तेजी से, अंटार्कटिका के आसपास भी। और जलवायु संबंधी प्रतिक्रियाएं भी प्रभावी होती दिख रही हैं।

कोविड से निपटने के प्रयासों के मामले में अपना पक्ष रखेंगे पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन

लंदन। कोविड महामारी के दौरान ब्रिटेन की अगुवाई करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन इससे निपटने के प्रयासों के संबंध में की जा रही जांच के मामले में बुधवार को अपना पक्ष रखेंगे। एक न्यायाधीश की अध्यक्षता वाला जांच दल जॉनसन से वर्ष 2020 की शुरुआत में कोविड महामारी के दौरान ब्रिटेन में लॉकडाउन लागू करने के प्रति उनकी कथित अनिच्छा और अन्य फैसलों के संबंध में सवाल पूछ सकता है। जॉनसन पूछताछ के लिए तय किए गए समय से काफी पहले ही पूछताछ स्थल पर पहुंच गए क्योंकि कोविड-19 में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किए जाने की संभावना थी। कोरोना वायरस संक्रमण के चलते ब्रिटेन में 2,00,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

ओपनएआई द्वारा गणित में अच्छी कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकसित करना इतनी बड़ी बात क्यों

वेस्टमिंस्टर। ओपनएआई द्वारा हाल ही में सैम ऑल्टमैन को बर्खास्त करने और तत्काल दोबारा नियुक्त करने के साथ, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के विकास और उपयोग को लेकर बहस एक बार फिर सुर्खियों में है। इससे भी अधिक असामान्य बात यह है कि मीडिया रिपोर्टिंग में एक प्रमुख विषय एआई सिस्टम की गणित करने की क्षमता रही है। जाहिर तौर पर, ओपनएआई में कुछ नाटक कंपनी के क्यू नामक नए एआई एल्गोरिदम के विकास से संबंधित थे। इस प्रणाली के बारे में एक महत्वपूर्ण प्रगति के रूप में बात की गई है और इसकी मुख्य विशेषताओं में से एक गणितीय रूप से तर्क करने की क्षमता थी।

लेकिन क्या गणित एआई की नींव नहीं है? यह देखते हुए कि कंप्यूटर और कैलकुलेटर गणितीय कार्य कर सकते हैं, एआई सिस्टम को गणितीय तर्क में परेशानी कैसे हो सकती है? एआई कोई एकल इकाई नहीं है. यह मनुष्यों से सीधे निर्देश के बिना गणना करने के लिए रणनीतियों का एक पैचवर्क है। जैसा कि हम देखेंगे, कुछ एआई सिस्टम गणित में सक्षम हैं।

सबसे महत्वपूर्ण वर्तमान प्रौद्योगिकियों में से एक, चैटजीपीटी जैसे एआई चैटबॉट्स के पीछे बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) ने गणितीय तर्क का अनुकरण करने के लिए अब तक संघर्ष किया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इन्हें भाषा पर ध्यान केंद्रित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यदि कंपनी का नया क्यू एल्गोरिदम अनदेखी गणितीय समस्याओं को हल कर सकता है, तो यह एक महत्वपूर्ण सफलता हो सकती है। गणित मानव तर्क का एक प्राचीन रूप है जिसका अनुकरण करने के लिए बड़े भाषा मॉडल (एलएलएम) को अब तक संघर्ष करना पड़ा है। एलएलएम वह तकनीक है जो ओपनएआई के चैटजीपीटी जैसे सिस्टम को रेखांकित करती है।

लेखन के समय, क्यू एल्गोरिदम और इसकी क्षमताओं का विवरण सीमित है, लेकिन अत्यधिक दिलचस्प है। इसलिए क्यू को सफल मानने से पहले विचार करने के लिए कई बारीकियाँ हैं। इन एआई प्रणालियों को गणित में सक्षम बताया जा सकता है। हालाँकि, यह संभावना है कि क्यू का उपयोग शिक्षाविदों को उनके काम में मदद करने के लिए नहीं किया जा रहा है, बल्कि यह किसी अन्य उद्देश्य के लिए है। फिर भी, भले ही क्यू अत्याधुनिक अनुसंधान की सीमाओं को आगे बढ़ाने में असमर्थ है, फिर भी जिस तरह से इसे बनाया गया है उसमें कुछ महत्व पाए जाने की बहुत संभावना है जो भविष्य के विकास के लिए आकर्षक अवसर बढ़ा सकता है। एक समाज के रूप में, हम पूर्वनिर्धारित प्रकार की समस्याओं को हल करने के लिए विशेषज्ञ एआई का उपयोग करने में सहज हो रहे हैं।

माउंट मरापी ज्वालामुखी में हुए विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर 23 हुई

बातू पलानो (इंडोनेशिया)। इंडोनेशिया के माउंट मरापी में हुए ज्वालामुखी विस्फोट में मृतक संख्या बढ़कर 23 हो गई है और बचावकर्मियों ने दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र में तलाश अभियान के दौरान आखिरी पर्वतारोही का शव बरामद किया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। करीब 75 पर्वतारोहियों ने शनिवार को वेस्ट सुमात्रा प्रांत के आगम जिले में करीब 2,900 मीटर ऊंचे पर्वत पर चढ़ाई शुरू की थी, जो ज्वालामुखी विस्फोट के बाद वहां फंस गए थे। पदांग खोज एवं बचाव एजेंसी के प्रमुख अब्दुल मलिक ने कहा कि रविवार को शुरुआती विस्फोट के बाद करीब 52 पर्वतारोहियों को बचाया गया और शुरू में 11 अन्य के मरने की पुष्टि हुई थी। सोमवार को फिर से विस्फोट हुआ और मंगलवार को ज्वालामुखी से 800 मीटर ऊपर तक लावा निकला, जिससे दृश्यता कम हो गई और अस्थाई रूप से तलाश एवं बचाव अभियानों को रोकना पड़ा। राष्ट्रीय खोच एवं बचाव एजेंसी ने कहा कि सोमवार को दो पर्वतारोहियों के शव मिले और मंगलवार को नौ अन्य के शव मिले। वेस्ट सुमात्रा प्रांत के पुलिस प्रमुख सुहरयोनो ने कहा कि बुधवार सुबह विस्फोट स्थल से महज कुछ ही मीटर की दूरी पर आखिरी पर्वतारोही का शव मिला, जिससे मृतक संख्या बढ़कर 23 हो गई।

पुतिन ने सऊदी अरब और यूएई की यात्रा शुरू की

दुबई। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा शुरू की। पुतिन की इस यात्रा का उद्देश्य यूक्रेन में उनके देश के युद्ध के मद्देनजर दो प्रमुख तेल उत्पादक देशों सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से समर्थन जुटाना है जिनका झुकाव अमेरिका की ओर माना जाता है। पुतिन अमीरात की राजधानी अबू धाबी पहुंचे। दुबई संयुक्त राष्ट्र की सीओपी28 जलवायु वार्ता की मेजबानी कर रहा है। पुतिन यूक्रेन पर युद्ध के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बावजूद बुधवार को सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा कर रहे हैं।

सऊदी अरब और यूएई दोनों ने ही आईसीसी की संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। इसका अर्थ यह है कि युद्ध के दौरान यूक्रेन से बच्चों के अपहरण के लिए पुतिन को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराने संबंधी वारंट पर पुतिन को हिरासत में लेने का उन पर कोई दायित्व नहीं होगा। पुतिन इस चिंता के कारण दक्षिण अफ्रीका में एक शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हुए कि वहां पहुंचने पर उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब सशस्त्र संयुक्त राष्ट्र पुलिस दुबई के एक्सपो सिटी के एक हिस्से में गश्त कर रही है, जिसे अब वार्ता के लिए अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र माना जाता है। यह यात्रा एक बार फिर रूस के साथ अमीरात के व्यापक व्यापारिक संबंधों को उजागर करती है।

जब पुतिन अपने विमान की सीढ़ियों से नीचे उतरे तब संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान मुस्कुराते हुए उनसे मिले। जैसे ही पुतिन देश के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मिलने के लिए अबू धाबी के कसर अल-वतन महल पहुंचे, यूएई की सैन्य टीम के विमानों ने रूसी ध्वज के रंगों-लाल, सफेद और नीले धुआं छोड़ते हुए उड़ान भरी। उनके आगमन मार्ग पर घोड़ों और ऊँटों पर सवार सैनिक कतार में खड़े थे, रूसी और अमीरात के झंडे भी खंभों पर लगाए गए थे।

अमीरात में पुतिन का भव्य स्वागत रूस के साथ संयुक्त अरब अमीरात के व्यापक व्यापारिक संबंधों को रेखांकित करता है। हालांकि उसका रक्षा साझेदार अमेरिका है। दूसरी ओर यूक्रेन ने पुतिन की देश की यात्रा को लेकर आक्रोश जाहिर किया है और पुतिन को उनके देश में पर्यावरणीय अपराध के लिए जिम्मेदार ठहराया है। सीओपी 28 में यूक्रेन के मंडप की एक कार्यकर्ता मार्हार्यता बोहदानोवा ने अपने आंसू पोंछते हुए कहा, यह देखना बेहद परेशान करने वाला है कि दुनिया युद्ध अपराधियों के साथ कैसा व्यवहार करती है, क्योंकि मेरी राय में वह ऐसे ही हैं। उन्होंने कहा, कैसे लोग बड़े आयोजनों में उन्हें (पुतिन को) पसंद करते हैं... उसके साथ एक प्रिय अतिथि की तरह व्यवहार करना, मेरी राय में बहुत ही पाखंड से भरा है।

रूस के मंडप के अधिकारियों ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) से बात करने से इनकार कर दिया।

पुतिन ने इससे पहले 2019 में संयुक्त अरब अमीरात का दौरा किया था, तब अबू धाबी के राजकुमार शेख मोहम्मद ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया था। कोरोना वायरस महामारी के दौरान रूसी राष्ट्रपति पृथकवास में रह रहे थे। उन्होंने फरवरी 2022 में यूक्रेन को निशाना बनाकर आक्रमण शुरू किया। यह युद्ध आज भी जारी है और सीओपी28 वार्ता में यूक्रेनी राजनयिकों के लिए एक मुद्दा रहा है। इस बीच, इजराइल-हमास युद्ध पश्चिम एशिया, विशेष रूप से संयुक्त अरब अमीरात के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय बना हुआ है, जो 2020 में इ

इंडिया के घटक दलों के संसदीय नेताओं ने आगे की रणनीति पर चर्चा की, जल्द होगी प्रमुख नेताओं की बैठक

नई दिल्ली। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के 17 घटक दलों के संसदीय दल के नेताओं ने बुधवार को यहां बैठक की जिसमें हालिया संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र से जुड़े मुद्दों और 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। कांग्रेस का कहना है कि गठबंधन के घटक दलों के प्रमुख नेताओं की बैठक की तारीख के बारे में एक-दो दिन में घोषणा की जाएगी। यह बैठक इस महीने संभावित है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर आयोजित बैठक में कांग्रेस से खरगे, राहुल गांधी, के.सी. वेणुगोपाल और जयराम रमेश, द्रमुक के टी.आर. बालू, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, जावेद अली खान एवं एस.टी. हसन, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा, जनता दल (यूनाइटेड) के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, राष्ट्रीय जनता दल के फैयाज अहमद, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की वंदना चव्हाण, राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी, झारखंड मुक्ति मोर्चा की महुआ मांझी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विनय विश्वम तथा कुछ अन्य नेता शामिल हुए। बैठक में शिवसेना और तृणमूल कांग्रेस का कोई प्रतिनिधि नहीं पहुंचा। कांग्रेस ने कहा कि इन दोनों पार्टियों ने इस बारे में पहले से सूचित कर दिया था कि बैठक में उनका कोई प्रतिनिधि नहीं पहुंच सकेगा।

बैठक के बाद कांग्रेस नेता सैयद नासिर हुसैन ने संवाददाताओं से कहा, आज सदन के नेताओं की बैठक हुई। संसद के विधेयकों, सरकार के रवैए पर चर्चा की। कुछ अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि घटक दलों के नेताओं की बैठक की तारीख के बारे में अगले एक-दो दिन में घोषणा कर दी जाएगी।

बैठक से पहले राघव चड्ढा ने संवाददाताओं से कहा, चर्चा 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर होगी। इंडिया गठबंधन को कैसे आगे लेकर जाना है, किसी को हराने के लिए नहीं, बल्कि महंगाई, बेरोजगारी जैसे रोग को खत्म कर देश को कैसे आगे लेकर जाना है, उस बारे में चर्चा की जाएगी। उन्होने कहा, हमारा यह प्रयास है कि 2024 में एक ऐसा ब्लूप्रिंट दिया जाए जिससे देश और आगे बढ़े। गठबंधन के कुछ घटक दलों के प्रमुख नेताओं की अनुपलब्धता के चलते अब संसदीय दल के नेताओं की समन्वय बैठक हुई है। प्रमुख नेताओं की बैठक इस महीने के तीसरे सप्ताह में होगी।

यह बैठक ऐसे समय हुई, जब मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के हालिया विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस ने तेलंगाना में जीत दर्ज की है।

चुनावी हार के बाद इंडिया गठबंधन के कुछ घटक दलों ने कांग्रेस पर सवाल खड़े किए। अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का मुकाबला करने के लिए 26 विपक्षी दलों ने इंडिया गठबंधन बनाया है। इंडिया गठबंधन की अब तक तीन बैठक पटना, बेंगलुरु और मुंबई में हो चुकी हैं। गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की मुंबई में हुई बैठक में गठबंधन के भविष्य के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए 14 सदस्ईय समन्वय समिति का गठन किया गया था।

रक्षामंत्री राजनाथ तमिलनाडु में बाढ़ के हालात का जायजा लेने के लिए हवाई सर्वेक्षण करेंगे

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तमिलनाडु में बाढ़ की स्थिति का आकलन करने के लिए बृहस्पतिवार को राज्य का दौरा करेंगे। वह मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के साथ बैठक भी करेंगे। केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में तमिलनाडु का दौरा करने वाले राजनाथ सिंह बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। सिंह मुख्यमंत्री के साथ बैठक करने के अलावा हालिया बाढ़ से हुए नुकसान का भी जायजा लेंगे। रक्षा मंत्री के दौरे के दौरान केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारी भी उनके साथ रहेंगे। चेन्नई और उसके आसपास के जिलों में चक्रवात मिगजॉम से भारी तबाही होने के दो दिन बाद बुधवार को भी स्थानीय लोगों को जलभराव और बिजली कटौती की समस्या से जूझना पड़ा। स्थानीय एजेंसियों के कर्मचारियों ने राहत और पुनर्वास के प्रयास तेज कर दिए हैं। राज्य सरकार ने कहा कि कुछ इलाकों में बिजली के तार पानी में गिरने के कारण एहतियाती उपाय के तौर पर बिजली काटी गई है।

महाराष्ट्र विधानमंडल के शीतकालीन सत्र की पूर्व संध्या पर विपक्षी दलों ने चाय पार्टी का बहिष्कार किया

भाषा। नागपुर

महाराष्ट्र विधानमंडल के शीतकालीन सत्र की शुरुआत की पूर्व संध्या पर विपक्षी दलों ने बुधवार को यहां पारंपरिक चाय पार्टी का बहिष्कार किया और आरोप लगाया कि सरकार कृषि संकट, दंगों और मादक पदार्थ तस्करी से निपटने में विफल रही है। नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने सरकार पर निशाना साधने के लिए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के नवीनतम आंकड़ों का हवाला दिया। कांग्रेस नेता ने कहा, हमें चाय पार्टी के लिए राज्य सरकार का निमंत्रण मिला, लेकिन हमें लगता है कि इसमें शामिल होना अनुचित होगा। हमने इस कार्यक्रम का बहिष्कार करने का फैसला किया है।

परंपरा के अनुसार, राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र हर साल महाराष्ट्र की दूसरी राजधानी नागपुर में आयोजित किया जाता है। एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए, वडेट्टीवार ने दावा किया कि कृषि संकट और कर्ज के कारण महाराष्ट्र में 22,746 किसानों ने आत्महत्या की है। उन्होंने कहा, सरकार महाराष्ट्र में कृषि संकट का समाधान करने में विफल रही है। राज्य में बड़े पैमाने पर मादक पदार्थ तस्करी पर कोई अंकुश नहीं है। एनसीआरबी के आंकड़े यह भी बताते हैं कि राज्य में (2022 में) दंगों के 8,218 मामले दर्ज किए गए थे। ऐसे माहौल में, क्या हमारे राज्य में नया निवेश आएगा?

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने पिछले साल फसल खराब होने से नुकसान झेलने वाले प्रत्एक किसान को 50,000 रुपए की वित्तीय सहायता भी नहीं दी है। उन्होंने कहा, जिस तरह इस सरकार ने 40 तहसीलों में सूखे की घोषणा की, इससे संदेह पैदा होता है कि यह कदम राजनीति से प्रेरित है। ऐसा प्रतीत होता है कि इन तहसीलों का चयन कुछ राजनेताओं को ध्यान में रखकर किया गया है। इससे पहले दिन में, विपक्षी दलों ने शीतकालीन सत्र के एजेंडे पर चर्चा करने के लिए नागपुर में एक बैठक की। सत्र के दौरान अगले 10 दिनों में मराठा आरक्षण की मांग और फसल के नुकसान जैसे मुद्दे हावी होने की संभावना है। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण और वडेट्टीवार (दोनों कांग्रेस), विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे (शिवसेना यूबीटी) और राकांपा (शरद पवार गुट) के नेता जयंत पाटिल और अनिल देशमुख शामिल हुए।

मेहुल चोकसी और उसकी पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले को बहाल किया

भाषा। नई दिल्ली

फरार कारोबारी मेहुल चोकसी और उसकी पत्नी को झटका देते हुए उच्चतम न्यायालय ने गुजरात पुलिस द्वारा दर्ज धोखाधड़ी का एक मामला बहाल कर दिया है। शीर्ष अदालत ने दोनों के खिलाफ इस मामले में प्राथमिकी रद्द करने के गुजरात उच्च न्यायालय के 2017 के आदेश को दरकिनार कर दिया।

मेहुल चोकसी अपने भतीजे नीरव मोदी के साथ पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाला मामले में भी आरोपी है, जिसमें बैंक से 14,000 करोड़ रुपए से अधिक की कथित तौर पर धोखाधड़ी की गई। शिकायतकर्ता दिग्विजय सिंह हिम्मत सिंह जडेजा द्वारा 2015 में गुजरात में दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, चोकसी और उसकी पत्नी पर 30 करोड़ रुपए के 24 कैरेट शुद्ध सोने की बिस्कुट से जुड़े व्यापारिक लेनदेन के संबंध में जालसाजी और धोखाधड़ी करने का आरोप है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी की पीठ ने 29 नवंबर के अपने फैसले में उच्च न्यायालय के पांच मई, 2017 के आदेश को दरकिनार कर दिया और पुलिस को अपनी जांच आगे बढ़ाने के लिए कहा। पीठ ने कहा, इस आदेश की टिप्पणियों को मामले के गुण-दोष पर की गई टिप्पणियों के रूप में नहीं समझा जाएगा। फैसले या वर्तमान आदेश में की गई किसी भी टिप्पणी से प्रभावित हुए बिना जांच जारी रहेगी।

इसमें कहा गया है कि जांच करते समय, जांच अधिकारी भारतीय दंड संहिता की धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात), धारा 420 (धोखाधड़ी), धारा 464 (जालसाजी) और धारा 465 (जालसाजी के लिए सजा) की व्याख्या करते हुए उच्चतम न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालयों के फैसलों को ध्यान में रखेगा।

कांग्रेस की मणिपुर इकाई ने हत्याओ की निंदा की, सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाए

इंफाल। मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) ने बुधवार को तेंगनौपाल जिले के लीथू गांव में सशस्त्र समूहों द्वारा 13 लोगों की हत्या की निंदा की और इस घटना पर चुप्पी के लिए राज्य सरकार से सवाल किया। एमपीसीसी प्रमुख के. मेघचंद्र ने संवाददाताओं से कहा, सोमवार को 13 लोगों की नृशंस हत्या की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। मेघचंद्र ने कहा, राज्य में हिंसा शुरू हुए सात महीने से अधिक समय हो गया है। स्थिति से निपटने में सरकार की विफलता चिंताजनक है। एमपीसीसी इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चुप्पी से निराश है। मेघचंद्र ने कहा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) और कांग्रेस नेताओं ने घटना पर चिंता व्यक्त की है। केंद्र और राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार कोई बयान देने में विफल रही है। लोग जानना चाहते हैं कि ऐसी हिंसा और हत्याएं कब तक जारी रहेंगी।

कर्नाटक विस में हंगामा

बेलगावी (कर्नाटक)। कर्नाटक विधानसभा में बुधवार को हंगामा हुआ, क्योंकि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर आरोप लगाया कि उन्होंने सत्र जारी रहने के दौरान हाल में मुस्लिम समुदाय के एक कार्यक्रम में अल्पसंख्यकों के लिए 10,000 करोड़ रुपए की घोषणा कर सदन की शुचिता को भंग किया। भाजपा ने आरोप लगाया कि जो सरकार सूखा प्रभावित किसानों को राहत देने में असमर्थ है, वह विधानसभा के संज्ञान में लाए बिना अल्पसंख्यकों के लिए 10,000 करोड़ रुपए की घोषणा कर रही है। भाजपा ने मांग की कि मुख्यमंत्री अपना बयान वापस लें और सदन से माफी मांगें।सत्तापक्ष के सदस्यों ने मुख्यमंत्री का बचाव करते हुए कहा कि सिद्धरमैया ने केवल यह कहा है कि वह हर साल अल्पसंख्यक विभाग के लिए बजट बढ़ाने का इरादा रखते हैं और अंततः विभाग के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपए खर्च करने का इरादा है। कांग्रेस सदस्यों ने कहा कि भाजपा इस पर आपत्ति जता रही है क्योंकि वह अल्पसंख्यकों को धन देने की विरोधी है। चार दिसंबर को हुबली में औलाद-ए-गौस-ए-आजम सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिद्धरमैया ने कहा था, मैं कहना चाहता हूं कि इस साल हमने अल्पसंख्यक विभाग को (वार्षिक बजट में) 4,000 करोड़ रुपए दिए हैं, और हम इसे हर साल बढ़ाने का काम करेंगे। आखिरकार, हमारा इरादा अल्पसंख्यक विभाग के जरिए 10,000 करोड़ रुपए खर्च करने का है।

भाजपा विधायक सुनील कुमार ने विधानसभा में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा, यह परंपरा है कि जब विधानसभा का सत्र चल रहा हो तो बाहर किसी भी सरकारी कार्यक्रम की घोषणा नहीं की जाती है, लेकिन हुबली में एक मुस्लिम समुदाय के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 10,000 करोड़ रुपए आवंटित करने की घोषणा की। जब सदन का सत्र चल रहा हो, तो सदन के सदस्य के रूप में हमें इसकी वजह जानने का अधिकार है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर सदन की शुचिता भंग करने का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें माफी मांगनी चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार संसद भवन परिसर में बीआर अंबेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

लोकतांत्रिक देशों को आंतरिक ताकतों पर भी गौर करना चाहिए

नई दिल्ली। तिब्बत की निर्वासित सरकार के राष्ट्रपति पेंपा त्सेरिंग ने कहा है कि तिब्बती लोग चीन के दमन के कारण धीमी मौत मर रहे हैं और लोकतांत्रिक देशों को चीनी हठधर्मिता के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। त्सेरिंग ने कहा कि दुनिया भर के लोकतांत्रिक देशों को तिब्बतियों, उइगर नेताओं और हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं जैसी आंतरिक ताकतों पर गौर करना चाहिए ताकि बीजिंग पर उसके आक्रामक दृष्टिकोण को बदलने और देश के भीतर सकारात्मक बदलाव लाने के लिए दबाव डाला जा सके। उन्होंने कहा कि चीन के रणनीतिक उद्देश्यों और योजनाओं की हद को लेकर दुनिया में ज्यादा समझ नहीं है और बीजिंग की साजिशें क्या हैं, इस बारे में जागरूकता पैदा करने की जरूरत है।

पंचेन लामा पर एक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान निर्वासित केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के सिक्योंग या राजनीतिक नेता ने चीन पर तिब्बत के अस्तित्व के ऐतिहासिक आधार को नष्ट करने का आरोप लगाया। उन्होंने मंगलवार रात को कहा कि मैं दुनिया को बता रहा हूं कि हम धीमी मौत मर रहे हैं, ड्रैगन (चीन) द्वारा हमारी सांसें निचोड़े जाने से हम त्रस्त हो रहे हैं। चीन विरोधी विद्रोह के 1959 में असफल होने के बाद 14वें दलाई लामा तिब्बत से भागकर भारत आ गए और यहां उन्होंने निर्वासित सरकार की स्थापना की। चीन सरकार के अधिकारी और दलाई लामा या उनके प्रतिनिधि 2010 के बाद से औपचारिक वार्ता के लिए नहीं मिले हैं।

बीजिंग दलाई लामा पर अलगाववादी गतिविधियों में शामिल होने और तिब्बत को विभाजित करने की कोशिश करने का आरोप लगाता रहा है और उन्हें एक विभाजनकारी व्यक्ति मानता है। हालांकि, तिब्बती आध्यात्मिक नेता ने जोर देकर कहा है कि वह स्वतंत्रता की मांग नहीं कर रहे हैं, बल्कि मध्य-मार्ग दृष्टिकोण के तहत तिब्बत के तीन पारंपरिक प्रांतों में रहने वाले सभी तिब्बतियों के लिए वास्तविक स्वायत्तता की मांग कर रहे हैं। त्सेरिंग ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि चीनी सरकार आर्थिक और राजनीतिक मोर्चों सहित विभिन्न घरेलू चुनौतियों का सामना कर रही है और उस देश के भीतर सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आंतरिक और बाहरी ताकतों का मिलन होना चाहिए। उन्होंने तिब्बतियों, उइगर नेताओं और हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं को आंतरिक ताकतों के रूप में चिह्नित किया जिनकी चीन और उसकी कम्युनिस्ट सरकार से गहरे मदभेद हैं।

हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में स्थित तिब्बत की निर्वासित सरकार लगभग 30 देशों में रहने वाले एक लाख से अधिक तिब्बतियों का प्रतिनिधित्व करती है। चीन की आंतरिक स्थिति पर टिप्पणी करते हुए त्सेरिंग ने दावा किया कि यह एकमात्र देश है जो बाहरी सुरक्षा की तुलना में आंतरिक सुरक्षा पर अधिक वित्तीय संसाधन खर्च करता है क्योंकि कम्युनिस्ट शासन को लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है।

हम आंतरिक ताकते हैं। सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए आंतरिक और बाह्य शक्तियों का मिलन होना चाहिए। इसीलिए मैं सरकारों से कहता हूं, कृपया हमें साम्यवाद के पीड़ितों के नजरिए से न देखें, जिन पर आप केवल दया कर सकते हैं। तिब्बती नेता ने कहा कि भारत भी अपनी चीन संबंधी रणनीति के लिए तिब्बतियों से जानकारी ले सकता है। भारत सहित लोकतंत्रिक देशों के चीन से संबंधित मुद्दों पर अधिक स्पष्टता से बोलने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। त्सेरिंग ने कहा, जब सहयोग के लिए संपर्क करते हैं, तो हम केवल लोकतांत्रिक विश्व से ही संपर्क कर सकते हैं। हम अन्य अधिनायकवादी शासनों से संपर्क नहीं कर सकते, क्योंकि वे चीन जैसी ही प्रथा का पालन करते हैं। एक बात जो हम कहते रहे हैं वह यह है कि जब चीन की बात आती है तो दुनिया भर के लोकतांत्रिक देशों को एक साथ आना चाहिए। उन्होंने कहा, अधिनायकवादी शासन और उनकी विचारधारा तथा उसकी महत्वाकांक्षाओं के खिलाफ लड़ना महत्वपूर्ण है।

केरल में मंत्री ने महिला चिकित्सक आत्महत्या मामले में दिए जांच के आदेश

तिरुवनंतपुरम। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बुधवार को एक युवा महिला चिकित्सक की आत्महत्या के मामले में जांच के आदेश दिए हैं जो बीते दिन तिरुवनंतपुरम में एक अपार्टमेंट में मृत पाई गई थी। पुलिस ने बताया था कि यहां सरकारी मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग में 26 वर्षीय स्नातकोत्तर चिकित्सक शहाना को अपार्टमेंट में बेहोश पाया गया था। चिकित्सक को बाद में अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। जॉर्ज ने एक बयान में कहा कि आत्महत्या के लिए दहेज संबंधी आरोपों के सामने आने के बाद जांच के आदेश दिए गए। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक को जांच करने के बाद रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। मेडिकल कॉलेज थाना पुलिस ने इस बीच अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी और मृतक चिकित्सक के रिश्तेदारों के बयान दर्ज किए हैं। इस मामले पर पुलिस ने ज्यादा जानकारी नहीं दी लेकिन सूत्रों ने बताया की अपार्टमेंट में एक सुसाइड नोट मिला जिसपर पीड़ति ने लिखा था, सबको केवल पैसे चाहिए। मृतक के परिवार के करीबी लोगों ने आरोप लगाया कि शहाना उदास थी क्योंकि उसका मित्र जो एक चिकित्सक था, वह दहेज का हवाला देकर शादी करने से पीछे हट गया था।

समूहों के बीच दुश्मनी संबंधी अपराध 2022 में 31 फीसदी से अधिक बढ़े : एनसीआरबी

भाषा। नई दिल्ली

समूहों के बीच शत्रुता बढ़ाने के लिए भारतीय दंड संहिता (भादंस) की धारा 153ए के तहत वर्ष 2022 में पूरे देश में।,500 से अधिक मामले दर्ज किए गए जो वर्ष 2021 की तुलना में 31.25 प्रतिशत अधिक हैं, लेकिन 2020 की तुलना में 15.57 प्रतिशत कम हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

धारा 153ए के तहत नफरत भरे भाषण के अपराधों सहित अन्य कृत्यों से विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के लिए सजा का प्रावधान है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल इस धारा के तहत।,523 मामले दर्ज किए गए जिनमें उत्तर प्रदेश के 217, राजस्थान के 191, महाराष्ट्र के 178, तमिलनाडु के 146, तेलंगाना के 119, आंध्र प्रदेश के 109 और मध्य प्रदेश के 108 मामले शामिल हैं। वर्ष 2022 में, नौ राज्यों ने भादंस की धारा 153ए के तहत 100 से अधिक मामले दर्ज किए, जबकि 2021 में केवल दो राज्यों- आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश- में ऐसे मामले तीन अंकों में दर्ज किए गए थे। आंकड़ों के अनुसार, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश दोनों ने 2021 में धारा 153ए के तहत 108 अपराध दर्ज किए थे। एनसीआरबी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2022 में मध्य प्रदेश में ऐसे अपराधों की संख्या लगभग तीन गुना होकर 108 पर पहुंच गई, लेकिन 2021 में यह संख्या 38 थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 2020 में ऐसे 73 मामले दर्ज किए गए थे।

कुछ राज्यों में तो आंकड़े 2021 की तुलना में 2022 में बढ़कर दोगुने से भी ज्यादा हो गए, जिनमें उत्तर प्रदेश (217 और 108), महाराष्ट्र (178 और 75), राजस्थान (191 और 83) और गुजरात (40 और 11) शामिल हैं। एनसीआरबी रिपोर्ट के अनुसार, असम ने 2020 में धारा 153ए के तहत 147 अपराधिक मामले दर्ज किए थे, लेकिन 2021 में इस तरह के 75 मामले दर्ज किए गए और पिछले साल यह आंकड़ा घटकर 44 हो गया। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2022 में 26, 2021 में 17 और 2020 में 36 ऐसे मामले दर्ज किए गए। जम्मू और कश्मीर में 2022 में 16, 2021 में 28 और 2020 में 22 ऐसे अपराध हुए।

मथुरा में किसी को नही डालने दी गई नई परंपरा विभिन्न संगठनों के 12 कार्यकर्ता हिरासत में

मथुरा (उप्र)। मथुरा में छह दिसंबर को अयोध्या के विवादित ढांचे को ढहाने की 31वीं बरसी के अवसर पर विभिन्न संगठनों द्वारा ईदगाह परिसर में जलाभिषेक, दीपदान तथा श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर दीपदान किए जाने की घोषणाओं के बीच, किसी को भी नई परंपरा डालने की अनुमति नहीं दी गई। ऐसा करने का प्रयास करने वाले हिन्दूवादी संगठनों के करीब 12 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है। मथुरा में बुधवार को सुरक्षा दिनभर चाक-चौबंद रही। जिलाधिकारी ने छह दिसंबर को लेकर अखिल भारत हिन्दू महासभा, हिन्दू महासभा, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास व संत रक्षा संगठन आदि विभिन्न संगठनों द्वारा की गई अलग-अलग प्रकार की घोषणाओं पर संज्ञान लेते हुए शहर एहतियान निषेधाज्ञा लागू कर श्रीकृष्ण जन्मस्थान-शाही ईदगाह परिसर सहित पूरे शहर में चप्पे-चप्पे पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। शहर में प्रवेश करने वाले और श्री कृष्णा जन्मस्थान की ओर जाने वाले हर मार्ग पर निजी चौपहिया वाहनों के जाने पर भी रोक लगा दी थी। विभिन्न संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल को मंगलवार से ही तैनात कर दिया गया था। दिनभर वरिष्ठ अधिकारी श्रीकृष्ण जन्मस्थल के आसपास के दायरे में गश्त करते रहे। इस बीच, कुछ संगठनों के कार्यकर्ताओं ने श्रीकृष्ण जन्मस्थल या ईदगाह की ओर बिना अनुमति जाने का प्रयास किया, जिन्हें हिरासत में ले लिया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पांडेय ने कहा कि अखिल भारत हिन्दू महासभा अध्यक्ष राज्यश्री की ओर से पहले श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर ही अपना कार्यक्रम करने की जानकारी दी थी, परंतु प्रशासन से अनुमति नहीं मिलने पर उन्होंने यमुना किनारे विश्राम घाट पर अयोध्या आंदोलन में जान गंवाने वाले कारसेवकों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान एवं शिला पूजन किया।

पुलिस के मुताबिक, हिन्दू महासभा के नाम के एक अन्य संगठन के कार्यकर्ताओं तथा श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष समिति के कुछ लोगों ने प्रशासन की अपील को दरकिनार करते हुए श्रीकृष्ण जन्मस्थल की ओर जाने का प्रयास किया तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया, जिनमें संत रक्षा संगठन के स्वामी तारकेश्वर और दिनेश शर्मा आदि शामिल हैं। इसी प्रकार महासभा की आगरा इकाई की तीन महिलाओं एवं दो पुरुषों को भी निषेधाज्ञा उल्लंघन में हिरासत में लिया गया है। अखिल भारत हिन्दू महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यश्री चौधरी ने बताया कि उन्होंने अपने तय कार्यक्रमानुसार विश्राम घाट पर पिंडदान किए तथा शिला पूजन कर आम हिन्दू मतावलंबियों से भी अपने-अपने घरों में शिला पूजन करने की अपील की।

नाबालिग से बलात्कार की दर देश मे सबसे अधिक

पणजी। गोवा में पिछले साल नाबालिग से दुष्कर्म की दर 7.1 प्रति लाख आबादी रही, जो देश में सबसे अधिक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक इस राज्य में 2022 में बलात्कार के 75 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 57 पीड़ितों की उम्र 18 साल से कम थीं। चिंताजनक बात यह है कि 2022 में गोवा में दर्ज किए गए दुष्कर्म के कुल मामलों में से 76 प्रतिशत नाबालिग लड़कियों से बलात्कार के थे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत एनसीआरबी ने हाल में अपनी रिपोर्ट जारी की है जिसमें विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 2022 के अपराध आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। आंकड़ों के अनुसार, गोवा में नाबालिगों से बलात्कार की दर 7.1 (प्रति लाख जनसंख्या) है, जो देश में सबसे अधिक है। तटीय राज्य में 2022 में बलात्कार के 75 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 57 पीड़ति (76 प्रतिशत) 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियां थीं।

भाजपा हर चुनाव से पहले झूठे वादे करती है: ममता बनर्जी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए उसे देश में सबसे बड़ा जेबकतरा करार दिया। साथ ही, उसे हर चुनाव से पहले मतदाताओं को झांसा देने वाला दल बताया। उत्तर बंगाल के लिए रवाना होने से पहले यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में बनर्जी ने कहा कि भाजपा के लिए राजनीतिक दाना-पानी को लेकर केंद्रीय एजेंसियां बार-बार राज्य का दौरा करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, वे (भाजपा) देश में सबसे बड़े जेबकतरे हैं और लोगों को इसके कारण सबसे ज्यादा परेशानी हुई है। प्रत्एक व्यक्ति के खाते में 15 लाख रुपए भेजने के उनके वादे, फिर नोटबंदी, महामारी के दौरान मुश्किलें...उन्होंने चुनाव से पहले झूठे वादे कर लोगों को झांसा दिया।

उन्होंने पश्चिम बंगाल को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना का बकाया न देने पर केंद्र से सवाल किया। बनर्जी ने कहा, क्या केंद्रीय ग्रामीण विकास विभाग (मंत्रालय) ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ कोई कार्वाई की है, जहां सबसे ज्यादा फर्जी जॉब कार्ड हैं? इसके बजाय, उन्होंने उन्हें धन दिया है। मेरा सवाल यह है कि पश्चिम बंगाल का बकाया क्यों रोक दिया गया है? यह सही नहीं है। पश्चिम बंगाल का बकाया प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने की केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की सलाह पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पहले ही तीन बार प्रधानमंत्री से मिल चुकी हैं तथा एक और मुलाकात के लिए समय मांगा है।

मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने सुना है कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने संसद में बकाए के बारे में क्या कहा। आपकी जानकारी के लिए, मैं प्रधानमंत्री से तीन बार मिल चुकी हूं। मैंने प्रधानमंत्री से एक और मुलाकात का अनुरोध किया है। टीएमसी सुप्रीमो ने यह भी कहा कि

पार्टी एक और दिल्ली चलो कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बना रही है और इसके लिए दिल्ली पुलिस से अनुमति मांगी है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं होने पर बनर्जी ने चक्रवात प्रभावित दक्षिणी राज्य की वर्तमान स्थिति का जिक्र किया। बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उन्हें बुधवार को इंडिया गठबंधन की बैठक के लिए सोमवार को आमंत्रित किया था, लेकिन उन्होंने पूर्व व्यस्तताओं के कारण इसमें भाग लेने में असमर्थता के बारे में उन्हें सूचित किया। उन्होंने कहा, परसों, राहुलजी (गांधी) ने मुझे फोन किया और बैठक के बारे में बताया। मैंने कहा कि 6 दिसंबर की बैठक के बारे में मुझे पहले किसी ने नहीं बताया था। मेरे पहले से निर्धारित कार्यक्रम हैं। मुख्यमंत्रियों को कम से कम सात से 10 दिन पहले बताना चाहिए। हम जल्द ही, या जब भी वे निर्णय लेंगे तब मुलाकात होगी।

पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में छापेमारी कर रही केंद्रीय एजेंसी की टीम के बारे में मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि वे भाजपा को राजनीतिक दाना-पानी देने आ रही हैं। उन्होंने कहा, वे पहले ही 107 टीम भेज चुके हैं। वे सबसे बड़े जेबकतरे हैं और यही कारण है कि लोगों को परेशानी हो रही है। वे भाजपा कार्यकर्ताओं को राजनीतिक दाना-पानी देने आ रहे हैं।

रवि बिश्नोई बने दुनिया के नंबर वन टी-20 गेंदबाज

भाषा। दुबई

भारत के युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई हाल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत पांच पायदान की छलांग लगाकर बुधवार को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज हो गए। बिश्नोई ने हाल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ समाप्त हुई श्रृंखला में पांच मैच में नौ विकेट झटके थे। तेईस वर्षीय बिश्नोई के 699 रेटिंग अंक हैं, उन्होंने इस तरह पांच पायदान के फायदे से अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान (692 अंक) को शीर्ष से हटा दिया। श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसारंगा और इंग्लैंड के आदिल राशिद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं और दोनों के 679 अंक हैं। श्रीलंका के महीश तीक्षणा (677 अंक) शीर्ष पांच गेंदबाजों में शामिल हैं। बिश्नोई खेल के इस छोटे प्रारूप में शीर्ष 10 में काबिज एकमात्र गेंदबाज हैं जबकि अक्षर पटेल नौ पायदान की छलांग से 18वें स्थान पर पहुंच गए। भारत को टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में आस्ट्रेलिया पर 4-1 से जीत दिलाने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ एक पायदान खिसककर सातवें स्थान पर पहुंच गए। हार्दिक पंड्या ने आल राउंडर खिलाड़ियों की सूची में तीसरा स्थान बरकरार रखा है जबकि वह चोट के कारण आस्ट्रेलिय के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे।

इंग्लैंड की महिला टीम ने भारत को 38 रन से हराया

भाषा। मुंबई

नैट स्किवर ब्रंट और डैनी वाट के अर्धशतक और दोनों के बीच तीसरे विकेट की रिकॉर्ड शतकीय साझेदारी से इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने बुधवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 38 रन से हराया।

इंग्लैंड के 198 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (42 गेंद में 52 रन, नौ चौके) के अर्धशतक के बावजूद छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी। इंग्लैंड की ओर से बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन ने 15 रन देकर तीन विकेट चटकाए। इंग्लैंड ने इससे पहले स्किवर ब्रंट (53 गेंद में 77 रन, 13 चौके) और डैनी (47 गेंद में 75 रन, आठ चौके, दो छक्के) के बीच तीसरे विकेट की 138 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 197 रन बनाए। इन दोनों ने उस समय भारत के खिलाफ इंग्लैंड की ओर से पहली शतकीय साझेदारी की जब टीम पहले ओवर में ही दो रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। भारत की ओर से रेणुका सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहीं जिन्होंने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए। पूजा वस्त्रकार और पदार्पण कर रही श्रेयंका पाटिल काफी महंगी साबित हुईं। दोनों ने चार-चार ओवर में समान 44 रन दिए। श्रेयंका को दो विकेट मिले जबकि पूजा की झोली खाली रही। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत भी खराब रही। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (06) तीसरे ओवर में स्किवर ब्रंट की गेंद को पूरी तरह से चूककर बोल्ड हो गई। सलामी बल्लेबाज शेफाली ने पांचवें ओवर में स्किवर ब्रंट पर तीन चौके मारे और कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ मिलकर पावर प्ले में टीम का स्कोर दो विकेट पर 53 रन तक पहुंचाया। हरमनप्रीत ने नौवें ओवर में बाएं हाथ की तेज गेंदबाज फ्रेया कैंप के ओवर में एक छक्का और दो चौके मारे। सोफी एक्लेस्टोन ने हालांकि हरमनप्रीत को बोल्ड करके शेफाली के साथ उनकी 41 रन की साझेदारी तोड़ी। उन्होंने 26 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष (21) ने आते ही सारा ग्लेन पर चौके और छक्के के साथ तेवर दिखाए। शेफाली ने लॉरेन बेल पर चौके के साथ 13वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। रिचा हालांकि इसके बाद सारा की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लॉन्ग ऑन पर कैप्सी को कैच दे बैठीं। शेफाली ने इसी ओवर में एक रन के साथ 37 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। ारत को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 74 रन की दरकार थी। शेफाली भी 17वें ओवर में सोफी की गेंद को हवा में लहराकर सारा को कैच दे बैठीं जिससे भारत की जीत की रही सही उम्मीद भी टूट गई। इससे पहले हरमनप्रीत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। तेज गेंदबाज रेणुका ने पहले ही ओवर में लगातार गेंदों पर सोफिया डंक्ले (01) और एलिस कैप्से (00) को बोल्ड करके कप्तान के फैसले को सही साबित करने का प्रयास किया। भारतीय गेंदबाजों के पास हालांकि स्किवर ब्रंट और डैनी की जोड़ी का कोई जवाब नहीं था और टीम को अगली सफलता के लिए 14 ओवर से अधिक समय तक इंतजार करना पड़ा।

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड महिला: सोफिया डंक्ले बो रेणुका 01, डैनी वाट स्टं रिचा बो सेइका 75, एलिस कैप्से बो रेणुका 00, नैट स्किवर ब्रंट का रिचा बो रेणुका 77, लीथर नाइट बो श्रेयंका 06, ऐमी जोन्स का जेमिमा बो श्रेयंका 23, फ्रेया कैंप नाबाद 05, **अतिरिक्त:** 10 **कुल:20 ओवर में छह विकेट पर:** 197 रन **विकेट पतन:** 1-2, 2-2, 3-140, 4-165, 5-177, 6-197 **गेंदबाजी:** रेणुका 4-0-27-3, पूजा 4-0-44-0, सेइका 4-0-38-1, दीप्ति 3-0-28-0, श्रेयंका 4-0-44-2, कनिका 1-0-12-0

भारत महिला: शेफाली वर्मा का सारा बो सोफी 52, स्मृति मंधाना बो स्किवर ब्रंट 06, जेमिमा रोड्रिग्स का ऐमी बो फ्रेया 04, हरमनप्रीत कौर बो सोफी 26, रिचा घोष का कैप्सी बो सारा 21, कनिका आहुजा का स्किवर ब्रंट बो सोफी 15, पूजा वस्त्रकार नाबाद 11, दीप्ति शर्मा नाबाद 03, **अतिरिक्त:** 21, **कुल:20 ओवर में छह विकेट पर:** 159 रन **विकेट पतन:** 1-20, 2-41, 3-82, 4-122, 5-134, 6-151 **गेंदबाजी:** माहिका 2-0-18-0, लॉरेन 4-0-35-0, स्किवर ब्रंट 4-0-35-1, फ्रेया 2-0-30-1, सोफी 4-0-15-3, सारा 4-0-25-1,

जापान के सनबर्ड्स ने तुर्की के हाल्कबैंक को हराया

बेंगलुरु। जापान के सुनटोरी सनबर्ड्स ने बुधवार को यहां पुरुष वालीबॉल क्लब विश्व चैम्पियनशिप में पूल बी के शुरूआती मैच में तुर्की के हाल्कबैंक स्पोर कुलुबु को सीधे सेट में शिकस्त दी। क्लब विश्व चैम्पियनशिप में हिस्सा ले रही पहली जापानी टीम ने एक घंटे से ज्यादा समय में 25-23, 25-23, 25-16 से जीत हासिल कर पूरे तीन अंक जुटाए। तुर्की की टीम को 17 सर्विस गलतियों का खामियाजा भुगतना पड़ा जिसमें से पांच तो उसके कप्तान निमिर ने ही की।

पटना पाइरेट्स की तेलुगु टाइटंस पर बड़ी जीत

अहमदाबाद। रेडर सचिन के शानदार खेल से पटना पाइरेट्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) में बुधवार को यहां तेलुगु टाइटंस को 50-28 से करारी शिकस्त दी। सचिन ने 14 अंक बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। टाइटंस की तरफ से पवन सहरावत ने सर्वाधिक 11 अंक बनाए, लेकिन उन्हें अन्य खिलाड़ियों का साथ नहीं मिला। टाइटंस ने शुरू में दबदबा बनाकर बढ़त हासिल की थी लेकिन पाइरेट्स सचिन के दम पर 10वें मिनट में 11-10 से आगे हो गया था। इसके बाद उसने अपनी बढ़त आखिर तक बरकरार रखी। मध्यांतर से ठीक पहले पाइरेट्स ने एक और ऑल आउट कर 28-16 के अंतर से बड़ी बढ़त ले ली। पाइरेट्स ने दूसरे हाफ में भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखा जिससे वह टाइटंस को बड़े अंतर से हराने में सफल रहा।

पूर्व चैम्पियन वोज्नियाकी को आस्ट्रेलियाई ओपन में वाइल्ड कार्ड

मेलबर्न। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन वोज्नियाकी को आस्ट्रेलियाई ओपन 2024 के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। वह सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम में अपने दोनों बच्चों को लेकर आने की सोच रही है। आस्ट्रेलियाई ओपन 2018 चैम्पियन वोज्नियाकी और आस्ट्रेलिया के छह खिलाड़ियों को पहले चरण में वाइल्ड कार्ड दिए गए। तीन साल के ब्रेक के बाद 33 वर्ष की वोज्नियाकी अगस्त में ही कोर्ट पर लौटी है। उन्होंने मांट्रियल और सिनसिनाटी में खेला और अमेरिकी ओपन में चौथे दौर तक पहुंची जहां उन्हें कोको गॉफ ने हराया। वोज्नियाकी ने कहा कि वह अपनी बेटी ओलिविया और बेटे जेम्स को लेकर आएंगी। उन्होंने कहा, मैं उन्हें यहां लेकर आऊंगी। इसे लेकर काफी रोमांचित हूं।

मेरे इलाके में 30 घंटे से अधिक समय से बिजली नहीं है : अश्विन

चेन्नई। भारत के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चक्रवाती तूफान मिगजॉम के कारण चेन्नई के लोगों की बदहाली का जिक्र करते हुए कहा कि उनके अपने इलाके में पिछले 30 घंटे से अधिक समय से बिजली गुल है। तमिलनाडु और आसपास के इलाकों में में मिगजॉम तूफान ने तबाही मचाई हुई है। चेन्नई में मंगलवार को बारिश रुक गई लेकिन जगह जगह काफी पानी जमा है, बिजली कटी हुई है और मोबाइल नेटवर्क नहीं आ रहा। अश्विन ने एक्स पर लिखा, मेरे इलाके में भी 30 घंटे से अधिक समय से बिजली नहीं है। यही हालत अधिकांश इलाकों की है। पता नहीं क्या विकल्प बचा है। चेन्नई के रहने वाले अश्विन लगातार शहर की तस्वीरें और वीडियो क्लिप पोस्ट कर रहे हैं। उन्होंने सोमवार को क्षतिग्रस्त सड़क की वीडियो डालकर लिखा था, एक दिन और धैर्य रखिए अगर बारिश रुक जाती है। रिकवरी में समय लगेगा। हैशटैग चेन्नई रेस 2023। तमिलनाडु में बारिश से जुड़ी विभिन्न घटनाओं में कम से कम 16 लोग मारे गए हैं।

जब तक चल सकता हूं, आईपीएल खेलता रहूंगा : मैक्सवेल

भाषा। मेलबर्न

आस्ट्रेलिया के स्टार हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि जब तक वह चल पा रहे हैं, दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल में खेलते रहेंगे। पैतीस वर्ष के मैक्सवेल हाल ही में आस्ट्रेलिया की विश्व कप जीत के नायकों में से एक रहे हैं। वह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए खेलेंगे। मैक्सवेल ने एएपी से कहा, आईपीएल शायद आखिरी टूर्नामेंट होगा जो मैं खेलता रहूंगा। जब तक मैं चल सकता हूं, आईपीएल खेलता रहूंगा। उन्होंने कहा, मेरे पूरे कैरियर में आईपीएल का काफी योगदान रहा है। जिन लोगों से मैं मिला हूं या जिन कोचों के मार्गदर्शन में खेला है। जिन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेला हूं। इससे मुझे बहुत फायदा मिला है।

उन्होंने कहा, आपको एबी डिविलियर्स और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों के साथ दो महीने खेलने का मौका मिल रहा है। दूसरे मैच देखते समय उनसे बात कर पा रहे हैं। इससे ज्यादा सीखने का मौका क्या हो सकता है। मैक्सवेल का मानना है कि अगले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले आस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों को आईपीएल खेलना चाहिए। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि कई आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल खेलेंगे। यहां वेस्टइंडीज के समान हालात होंगे और गेंद स्पिन लेगी। मैक्सवेल बिग बैश लीग के पहले मैच में ब्रिसबेन हीट्स के खिलाफ मेलबर्न स्टार्स के कप्तान होंगे।

जूनियर हॉकी विश्व कप : स्पेन के खिलाफ आत्ममुग्धता से बचना होगा भारत को

कुआलालंपुर। एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप में सकारात्मक शुरूआत के बाद भारत को बृहस्पतिवार को पूल सी में स्पेन के खिलाफ मैच में आत्ममुग्धता से बचना होगा। उपकप्तान अराइजीत सिंह हुंडल की हैट्रिक के दम पर भारत ने पहले मैच में कोरिया को 4 . 2 से हराया। भारत के कोच सी आर कुमार टीम के प्रदर्शन से खास खुश नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि टीम को बाकी मैचों में बेहतर प्रदर्शन करके अनावश्यक पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना होगा। भारतीय टीम ने पहले मैच में छह पेनल्टी कॉर्नर दिए जबकि दो ही बना सकी। कुमार ने कोरिया के खिलाफ मैच के बाद कहा, हमें खुशी है कि हमने पूरे तीन अंक लिए लेकिन हमें बेहतर प्रदर्शन करना होगा। हमने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल गंवाए जिस पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा, इतने पेनल्टी कॉर्नर देना सही नहीं है। हमने छह पेनल्टी कॉर्नर दिए और दो ही बना सके। इसमें एहतियात बरतने की जरूरत है।

आईसीसी, क्रिकेट वेस्टइंडीज ने अमेरिका और कैरेबिया में टी20 विश्वकप स्थलों का निरीक्षण किया

भाषा। सेंट जोंस (एंटीगा)

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के प्रतिनिधिमंडल ने कैरेबिया और अमेरिका में अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के आयोजन स्थलों का दूसरी बार निरीक्षण शुरू कर दिया है।

सीडब्ल्यूआई की विज्ञप्ति के अनुसार आयोजन स्थलों की तैयारी की दो हफ्ते की समीक्षा 30 नवंबर को शुरू हुई और यह 15 दिसंबर तक चलेगी। आईसीसी के संचालन प्रमुख खुशियाल सिंह ने बताया कि निरीक्षण टीम एक पखवाड़े की समीक्षा के दौरान किन क्षेत्रों पर ध्यान देगी।

खुशियाल ने कहा, जिन क्षेत्रों का आकलन किया जाएगा उनमें पिच और आउटफील्ड की तैयारी, अभ्यास सुविधाएं, खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम, प्रसारण और मीडिया सुविधाएं, आईटी और सुरक्षा क्षमताएं, होटल और गेस्ट हाउस, फैन पार्क के लिए क्षेत्र और अन्य प्रमुख घटक शामिल हैं जो आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सफल आयोजन के लिए जरूरी हैं। निरीक्षण और आकलन पूरा होने के बाद आईसीसी अपने निष्कर्ष की रिपोर्ट बनाकर इसे जरूरी सिफारिशों के साथ सीडब्ल्यूआई का सौंपेगा।

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के नौवें सत्र में 20 टीम को चार ग्रुप में बांटा जाएगा और चार जून से 30 जून 2024 तक 55 मैच खेले जाएंगे।

वेस्टइंडीज और अमेरिका इस टूर्नामेंट के सह मेजबान हैं। अमेरिका पहली बार आईसीसी टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। टूर्नामेंट के नामित स्थलों में से एक डोमिनिका हालांकि प्रतियोगिता की मेजबानी से हट गया है। विंडसर पार्क स्पोर्ट्स स्टेडियम को ग्रुप चरण के एक मैच के अलावा सुपर आठ के दो मुकाबलों की मेजबानी करनी थी। डोमिनिका खेल मंत्रालय ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, विभिन्न ठेकेदारों द्वारा सौंपी गई समय सीमा से पता चलता है कि निश्चित समय के भीतर काम को पूरा करना संभव नहीं हो पाएगा।

टी20 विश्वकप से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौट सकते हैं डु प्लेसी

अबुधाबी। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी ने संकेत दिया है कि वह अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। डुप्लेसी ने कहा कि वह दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के कोच रॉब वाल्टर से पिछले कुछ समय से संपर्क में हैं। उन्होंने आखिरी बार टी20 मैच 2020 में खेला था जबकि दक्षिण अफ्रीका के लिए आखिरी मैच फरवरी 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट खेला था। उन्होंने अबुधाबी टी10 लीग के प्रसारक से कहा, मुझे लगता है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौट सकता हूं। हम पिछले कुछ समय से इस पर बात कर रहे हैं। मैंने नए कोच से इस पर बात की है। अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप में संतुलन देखना होगा। डुप्लेसी ने दुनिया भर की टी20 लीग में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस साल आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए 14 मैचों में 730 रन बनाए और सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने 2014 और 2016 टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी की लेकिन सफेद गेंद क्रिकेट से आधिकारिक तौर पर संन्यास नहीं लेने के बावजूद उनका पिछले दो टूर्नामेंटों में चयन नहीं हुआ। वाल्टर ने सोमवार को कहा था कि डु प्लेसी, क्विंटोन डिकॉक और रिली रोसोयू का टी20 विश्व कप में चयन हो सकता है।

आईपीएल की तरह कई शहरों में हो सकते हैं डब्ल्यूपीएल के मैच

बेंगलुरु मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तरह अगले सत्र में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मैच भी विभिन्न शहरों में आयोजित किए जा सकते है तथा अभी मुंबई और बेंगलुरु इस दौड़ में सबसे आगे है। डब्ल्यूपीएल के पहले सत्र के मैच इस साल चार से 26 मार्च तक मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम और ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेले गए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, मैच स्थलों को लेकर अंतिम फैसला नौ दिसंबर (डब्ल्यूपीएल की नीलामी तिथि) के बाद किया जा सकता है, लेकिन इसकी पूरी संभावना है कि इसे इस बार विभिन्न शहरों में आयोजित किया जा सकता है तथा अभी मुंबई और बेंगलुरु इस दौड़ में सबसे आगे है। मुंबई और कर्नाटक क्रिकेट संघ के अधिकारियों ने भी डब्ल्यूपीएल की मेजबानी में दिलचस्पी दिखाई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की महिला टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने भी डब्ल्यूपीएल के मैच विभिन्न शहरों में आयोजित करने की वकालत की थी।

आडवाणी, चावला और मेहता की जीत से शुरुआत

चेन्नई। कई बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी के अलावा आदित्य मेहता और कमल चावला ने राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के 6 रेड स्नूकर स्पर्धा में बुधवार को यहां जीत से शुरुआत की। मिगजॉम तूफान के कारण दो दिन के व्यवधान के बाद बुधवार को प्रतियोगिता फिर से शुरू हुई। पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) का प्रतिनिधित्व कर रहे आडवाणी ने ग्रुप ए के मुकाबले में कर्नाटक के सुफियान अहमद को 4-0 से हराया। आडवाणी ने पिछले महीने दोहा में 26वां विश्व खिताब जीता था। पिछली बार सेमीफाइनल में पहुंचने वाले रेलवे के कमल चावला ने ग्रुप बी में महाराष्ट्र के हसन बदामी को 4-0 से पराजित किया जबकि पीएसपीबी के आदित्य मेहता ने ग्रुप जी में तमिलनाडु के विजय निचानी को 4-1 से हराया। इस प्रतियोगिता में कुल 64 खिलाड़ी भाग ले रहे है जिन्हे 16 ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्यक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाले दो खिलाड़ी नॉकआउट चरण में जगह बनाएंगे।

एसीसी अंडर-19 एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत

दुबई। भारत शुक्रवार को एसीसी (एशियाई क्रिकेट परिषद) पुरुष अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में अफगानिस्तान से भिड़ेगा। पाकिस्तान शुरूआती दिन के दूसरे मैच में नेपाल के सामने होगा। भारत और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना रविवार को होगा। अमीरात क्रिकेट बोर्ड की मेजबानी में आयोजित किए जा रहे इस 50 ओवर के टूर्नामेंट में आठ टीम शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगी। इन टीम को चार चार के दो ग्रुप में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में भारत, अफगानिस्तान, नेपाल और पाकिस्तान शामिल है। पूल बी में बांग्लादेश, जापान, श्रीलंका और मेजबान संयुक्त अरब अमीरात मौजूद है। प्रत्येक दो ग्रुप में से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल में पहुंचेंगी जो 15 दिसंबर को खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का फाइनल 17 दिसंबर को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होगा। वहीं सभी ग्रुप मैच और सेमीफाइनल आईसीसी अकादमी ओवल्स एक और दो में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के सभी मैच स्थानीय समयानुसार सुबह साढ़े नौ बजे शुरू होंगे।

वॉर्नर के विकल्प का चयन फॉर्म नहीं, क्लास के आधार पर करें, ख्वाजा ने चयनकर्ताओं से कहा

मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के टेस्ट बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से अपील की है कि डेविड वॉर्नर के टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद उनके विकल्प का चयन फॉर्म नहीं बल्कि क्लास के आधार पर करें। वॉर्नर पाकिस्तान के खिलाफ तीन जनवरी से अपने शहर सिडनी में अपना आखिरी टेस्ट खेलेंगे। ख्वाजा अपने अगले जोड़ीदार को लेकर अधिक चिंतित नहीं है लेकिन उन्होंने चयनकर्ताओं से सही खिलाड़ी के चयन का आग्रह किया। उन्होंने सेन रेडियो से कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता कि मेरा अगला जोड़ीदार कौन है। चयनकर्ता जिसे भी चुनना चाहते है, चुने। उन्होंने कहा, आप टीमों का चयन फॉर्म के आधार पर नहीं करते। आप यह देखते है कि सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कौन है। अगर फॉर्म के आधार पर टीम चुनी जाए तो आस्ट्रेलियाई टीम में हर दूसरे सप्ताह बदलाव होगा। क्लास स्थाई होती है और फॉर्म क्षणिका देखते है कि वे किसे चुनते है।

वर्मा और आकर्षी गुवाहाटी मास्टर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में

गुवाहाटी। समीर वर्मा ने तीसरी वरीयता प्राप्त किरण जॉर्ज और पांचवी वरीयता प्राप्त आकर्षी कश्यप ने मैच प्वाइंट बचाकर डेनमार्क की अमाली शुल्ज को पराजित करके बुधवार को यहां गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्रमशः पुरुष और महिला एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले कुछ महीनों के दौरान चोटों से जूझने वाले वर्मा ने हमवतन किरण को दूसरे दौर के मैच में 21-13 21-13 से हराया। यह मैच 32 मिनट तक चला। कश्यप ने महिला एकल के पहले दौर के मैच में आखिर तक हार नहीं मानी और शुल्ज को 15-21 21-17 22-20 से हराया। कश्यप ने तीसरे गेम में 19-20 के स्कोर पर एक मैच प्वाइंट बचाया और फिर लगातार दो अंक लेकर अगले दौर में जगह बनाई जहां उनका सामना चीनी ताइपे की लिन सीह युन से होगा। इरा शर्मा और तान्या हेमंत भी मलेशिया की अपनी प्रतिद्वंदियों को हराकर महिला एकल के अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहीं। इरा ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दुनिया की 69वें नंबर की खिलाड़ी वोंग लिंग चिंग को 17-21, 21-17, 21-12 से, जबकि तान्या ने किसोना सेल्वाडुरे को 21-16, 15-21, 21-16 से हराया। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए इरा का सामना मलेशिया की एक अन्य खिलाड़ी कस्प्राथेवन लेटशाना से होगा, जबकि तान्या हमवतन मालविका बंसोड़ से भिड़ेंगी। मालविका ने पहले दौर में युगांडा की फदीला रफी को 21-10, 21-10 से हराया।

क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने के लिए आउट होने वाले बांग्लादेश के पहले बल्लेबाज बने रहीम

भाषा। मीरपुर (बांग्लादेश)

बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज मुश्फिकुर रहीम बुधवार को यहां टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने के लिए आउट होने वाले 11वें खिलाड़ी बन गए। टेस्ट में 22 साल के बाद कोई खिलाड़ी इस तरह से आउट हुआ है।

यह घटना बुधवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के शुरूआती दिन हुई जिसमें रहीम क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने के लिए आउट होने वाले बांग्लादेश के पहले बल्लेबाज भी बने।

रहीम ने 41वें ओवर की चौथी गेंद पर न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन की उछलती हुई गेंद का बचाव करने के बाद अपने दाएं हाथ से गेंद रोकने का प्रयास किया जबकि यह ऑफ स्टंप से काफी दूर थी। न्यूजीलैंड के गेंदबाज ने तुरंत अपील की और मैदानी अंपायर ने इसे टीवी अंपायर अहसान रजा को रेफर किया जिन्होंने रहीम को आउट दिया। उन्होंने 35 रन बनाए। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन भारत के खिलाफ 2001 में इसी तरह से आउट दिए जाने वाले अंतिम खिलाड़ी थे।

बांग्लादेश के खिलाड़ी मेहदी हसन मिराज ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, यह खेल के दौरान हुआ। एक बल्लेबाज को क्रीज पर फैसला करने में एक सेकेंड से भी कम समय चाहिए होता है।

न्यूजीलैंड का शीर्ष क्रम लड़खड़ाया, बांग्लादेश बेहतर स्थिति में

भाषा। मीरपुर (बांग्लादेश)

बांग्लादेश ने कम स्कोर पर आउट होने के बावजूद न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम को लड़खड़ाकर दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन बुधवार को यहां अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी बांग्लादेश की टीम केवल 172 रन पर आउट हो गई लेकिन इसके बाद उसके गेंदबाजों ने उसे शानदार वापसी दिलाई। खराब रोशनी के कारण जब पहले दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया तब न्यूजीलैंड 12.4 ओवर में पांच विकेट पर 55 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था।

इस विकेट पर खेलना दोनों टीमों के बल्लेबाजों के लिए मुश्किल रहा। विकेट से असमान उछाल मिल रही थी और गेंद अधिकतर समय नीची रह रही थी। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने सटीक लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करके बांग्लादेश के बल्लेबाजों को दबाव में रखा। पहले सात ओवर में केवल आठ रन बने।

बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर (31 रन देकर तीन विकेट) और ऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स (65 रन देकर तीन विकेट) ने तीन-तीन जबकि बाएं हाथ के अन्य स्पिनर एजाज पटेल ने 54 रन देकर दो विकेट लिए। कप्तान टिम साउदी ने 5.2 ओवर में एक भी रन दिए बिना एक विकेट लिया। बांग्लादेश की तरफ से मुशफिकुर रहीम ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। रहीम क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचा कर आउट होने वाले बांग्लादेश के पहले क्रिकेटर बने। रहीम के अलावा शहादत हुसैन ने 31 रन का योगदान दिया। इन दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी की।

फुटबॉलर निकनेश की प्रतिबंध को चुनौती देने वाली अपील नाडा पैनल ने खारिज की

भाषा। नई दिल्ली

केरल के फुटबॉलर एम विकनेश की दो साल के प्रतिबंध को चुनौती देने वाली अपील नाडा के पैनल ने खारिज कर दी। यह प्रतिबंध विकनेश पर नाडा (राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी) की अनुशासनात्मक समिति ने लगाया था। देश में फुटबॉल खेल से संबंधित डोपिंग के गिने चुने मामले आए हैं।

नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल ने सितंबर-अक्टूबर में गुजरात में राष्ट्रीय खेलों के दौरान लिए गए डोप नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ टरब्यूटालिन पाए जाने पर विकनेश को दो साल के लिए प्रतिबंधित किया था जो 12 नवंबर 2022 से शुरू हुआ था। यह पदार्थ आमतौर पर खांसी के सीरप में पाया जाता है।

दो दिसंबर को दिए गए आदेश में नाडा के अपील पैनल ने अनुशासनात्मक समिति के फैसले को बरकरार रखा था लेकिन इसकी तारीख में बदलाव कर इसे पांच अप्रैल 2023 से शुरू किया था क्योंकि केरल का यह फुटबॉलर डोप जांच में विफल आने पर अस्थाई रूप से प्रतिबंधित नहीं था। देश के इतिहास में नाडा पैनल ने डोप में विफल होने के लिए बहुत कम फुटबॉलरों को प्रतिबंधित किया है। ईस्ट बंगाल के डिफेंडर अरूण मल्होत्रा को 2002 बुसान एशियाड के लिए टीम के रवाना होने से पहले की गई जांच में प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के लिए पॉजिटिव पाया गया था जिसके बाद अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने उन पर 60 दिन का प्रतिबंध लगाया था। तब नाडा नहीं थी क्योंकि 2009 में ही इसका गठन हुआ था।

काफी अधिक क्रिकेट से हरफनमौलाओं का विकास प्रभावित हो रहा: कैलिस

भाषा। नई दिल्ली

दिग्गज हरफनमौलाओं की सूची में शामिल जाक कैलिस ने कहा है कि सभी प्रारूपों में काफी अधिक क्रिकेट के कारण आधुनिक क्रिकेट, विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में स्तरीय ऑलराउंडर की कमी हो गई है। सर गारफील्ड सोबर्स (8032 रन और 235 विकेट) को सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर माना जाता है जबकि इसमें कोई संदेह नहीं कि कैलिस (25 हजार से अधिक रन और 235 विकेट) आधुनिक युग के महान ऑलराउंडर में से एक हैं। क्रिकेट जगत ने 1980 के दशक में इमरान खान, रिचर्ड हैडली, इयान बॉथम और कपिल देव के रूप में चार महान ऑलराउंडर देखे जबकि नई सदी में कैलिस और एंड्रयू फ्लिंटॉफ का जलवा देखने को मिला। ले